# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




मुज़फ्फरपुर में महिला और तीन बच्चों की अपहरण के बाद हत्या


• बोकारो, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 240 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


# सड़क हादसे में पिकअप सवार चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुमला।** जिले के एनएच-23 गुमला–रांची मुख्य मार्ग पर गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़गांव के समीप हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार अहले सुबह एनएच-23 पर एक तेज रफ्तार हाइवा ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक रांची के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग पिकअप वाहन से रांची से गुमला की ओर तिलकुट बेचने जा रहे थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। इधर, भरनो थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तत्काल सिसई रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। फिलहाल मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## झारखंड बोर्ड 2026 परीक्षा कार्यक्रम घोषित, 3 फरवरी से होगी शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने वर्ष 2026 की मैट्रिक (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) बोर्ड परीक्षाओं का आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर दिया है। परिषद द्वारा घोषित डेटशीट के अनुसार, दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं 3 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। जारी कार्यक्रम के मुताबिक, मैट्रिक (10वीं) की परीक्षाएं 3 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी, जबकि इंटरमीडिएट (12वीं) की परीक्षाएं 3 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक चलेंगी। इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न होंगी। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 1:45 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। जैक ने बताया है कि एडमिट कार्ड जनवरी 2026 में स्कूलों के माध्यम से विद्यार्थियों को वितरित किए जाएंगे। सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे समय पर छात्रों को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराएं और परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों की जानकारी सुनिश्चित करें।

# सोमा मुंडा हत्याकांड के विरोध में 17 जनवरी को संपूर्ण झारखंड बंद

**राज्यभर में दुकानें, बाजार, स्कूल-कॉलेज, परिवहन सेवाएं बंद रखने की अपील**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी/रांची।** खूंटी जिले में आदिवासी आंदोलनकारी एवं पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में 17 जनवरी 2026 को संपूर्ण झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। यह बंद भूमि लूट, खनन माफिया तथा आदिवासी समाज के खिलाफ कथित सुनियोजित हमलों के विरोध में बुलाया गया है। आदिवासी समन्वय समिति (खूंटी) सहित दर्जनों आदिवासी संगठनों ने संयुक्त रूप से इसकी घोषणा की है।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 7 जनवरी 2026 को अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआदाहा के पास अज्ञात अपराधियों ने आदिवासी समाज के सम्मानित नेता, पड़हा राजा एदल सांगा पड़हा के उत्तराधिकारी और झारखंड आंदोलनकारी सोमा मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया गया कि वे अपनी पत्नी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे, तभी घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

आदिवासी संगठनों का कहना है कि सोमा मुंडा कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे, बल्कि वे 56 गांवों की पारंपरिक पड़हा व्यवस्था के प्रमुख थे और जीवनभर जल-जंगल-जमीन की रक्षा, संवैधानिक अधिकारों तथा आदिवासी अस्मिता के लिए संघर्ष करते रहे। संगठनों का आरोप है कि उनकी हत्या व्यक्तिगत रंजिश नहीं, बल्कि भूमि माफिया, खनन दलालों और कॉरपोरेट हितों के खिलाफ आवाज उठाने वालों को चुप कराने की साजिश का हिस्सा है। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी दावा किया गया है कि झारखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के बावजूद आदिवासियों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। पेसा कानून, सीएनटी-एसपीटी एक्ट सहित अन्य सुरक्षात्मक कानूनों के कमजोर क्रियान्वयन के कारण भूमि घोटाले, जबरन कब्जा और फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन हड़पने की घटनाएं बढ़ी हैं। खूंटी, रांची, गुमला और सिमडेगा समेत कई जिलों में आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ताओं की हत्याओं का भी उल्लेख किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में 8 जनवरी 2026 को खूंटी जिला बंद रहा था, जिसमें हजारों लोग सड़कों पर उतरे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। संगठनों का आरोप है कि अब तक न तो आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है और न ही पीड़ित परिवार को न्यायोचित मुआवजा मिला है, जिससे पुलिस जांच को लेकर असंतोष व्याप्त है। आदिवासी संगठनों ने 17 जनवरी को प्रस्तावित झारखंड बंद को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक बताते हुए राज्यभर में दुकानें, बाजार, स्कूल-कॉलेज, परिवहन सेवाएं तथा सरकारी-निजी कार्यालय बंद रखने की अपील की है।

# प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम में कैद, नतीजे आज होंगे घोषित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुंबई।** महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) सहित 29 नगर निगमों के चुनाव के लिए गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हो गया। एशिया की सबसे समृद्ध नगर निकाय मानी जाने वाली बीएमसी का वार्षिक बजट लगभग 75 हजार करोड़ रुपये है, ऐसे में यह चुनाव केवल नगर राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि सत्ता के गलियारों तक इसकी गूंज मानी जाती है। यही कारण है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी।

बीएमसी के कुल 227 वार्डों में जिस दल की स्थिति मजबूत होती है, उसकी राजनीतिक पहुंच मंत्रालय तक प्रभावी मानी जाती है। बीएमसी चुनाव 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। राज्य की 29 नगर निगमों की 227 सीटों के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान के बाद सभी प्रत्याशियों का भाग्य अब ईवीएम में बंद हो चुका है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार, मुंबई के 23 निर्धारित डिवीजनल सेंटरों पर ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री का वितरण पहले ही कर दिया गया था। मतों की गिनती शुक्रवार को सुबह 10 बजे से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों (आरओ) की निगरानी में इन्हीं 23 केंद्रों पर शुरू होगी। अंतिम परिणाम शाम चार बजे तक आने की संभावना है।

**46 से 50 प्रतिशत के बीच रहा मतदान**

राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त दिनेश वाघमारे ने बताया कि गुरुवार शाम 5:30 बजे तक कुल मतदान प्रतिशत 46 से 50 के बीच रहा। यह आंकड़ा 2017 के महानगरपालिका चुनावों की तुलना में अधिक है। आयोग के अनुसार, अपराह्न 3:30 बजे तक राज्यभर में 41.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

आंकड़ों के मुताबिक कोल्हापुर में सर्वाधिक 50.85 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं मुंबई में 41.08 प्रतिशत, पुणे में 36.95 प्रतिशत, नागपुर में 41.23 प्रतिशत, छत्रपति संभाजीनगर में 43.67 प्रतिशत और नासिक में 39.64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अब सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं, जहां से महाराष्ट्र की नगर राजनीति की नई तस्वीर उभरकर सामने आएगी।

## फर्जी पुलिस बनकर वसूली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके साथ शामिल एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन समेत कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। इसकी जानकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक अमित रेणु को गुप्त सूचना मिली थी कि तांतनगर चौक के समीप काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस का फर्जी लोगो और नंबर प्लेट लगाकर लोगों को डराकर पैसे की वसूली कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल गठित किया गया। पुलिस टीम ने तांतनगर पुल के पास संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर जांच की, जिसमें रोशन एक्का नामक युवक और उसका एक नाबालिग साथी पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि बरामद मोटरसाइकिल चोरी की है, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट और पुलिस का लोगो लगाया गया था। आरोपियों के पास से तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन, आधार व पैन कार्ड की छायाप्रति भी मिली है। मोबाइल जांच में यह भी खुलासा हुआ कि व्हाट्सएप प्रोफाइल पर वरीय पुलिस पदाधिकारी की तस्वीर लगाकर लोगों को भयभीत किया जाता था। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 13/2026 दर्ज कर BNS 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# मोरहाबादी मैदान में 'नमो पतंग महोत्सव' रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान देशभक्ति, संस्कृति और सेवा के रंगों से सराबोर हो उठा। यहां आयोजित भव्य नमो पतंग महोत्सव का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने किया। आयोजन में उत्सव की उमंग के साथ सामाजिक सरोकारों की सशक्त झलक देखने को मिली। महोत्सव के दौरान बच्चों के बीच बड़ी संख्या में पतंगों का वितरण किया गया। वहीं जरूरतमंद और गरीब परिवारों के बीच कंबल तथा खिचड़ी बांटी गई। मकर संक्रांति की पारंपरिक खुशियों के बीच सेवा भाव से जुड़ा यह आयोजन लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। पतंग उड़ाते बच्चों की चमकती आंखें और लाभार्थियों की संतुष्टि आयोजन की सार्थकता बयान करती नजर आई।

**सेना के शौर्य को किया नमन**

उद्घाटन अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन कई दृष्टियों से विशेष है। उन्होंने कहा कि आज आर्मी डे भी है और 140 करोड़ भारतीयों को अपनी सेना पर गर्व है। भारतीय सेना की वीरता, शौर्य और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि सेना ने सदैव राष्ट्र की सुरक्षा में सर्वोच्च योगदान दिया है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' से दुनिया ने देखी भारत की ताकत**

संजय सेठ ने नमो पतंग महोत्सव के प्रतीकात्मक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पतंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर वोमिका सिंह की तस्वीरें देश के नेतृत्व और सैनिकों पर गर्व का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर वोमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को देश की शक्ति, साहस और रणनीतिक क्षमता का परिचय दिया। आज पतंग उड़ाकर उसी विजय और गर्व का उत्सव मनाया जा रहा है।

**2006 में बाबा रामदेव ने की थी शुरुआत**

रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि नमो पतंग महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2006 में योग गुरु बाबा रामदेव द्वारा की गई थी। तब से यह आयोजन देशभर में सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व आपसी भाईचारे, सेवा और सद्भाव का संदेश देते हैं।

आयोजन के तहत दही-चूड़ा और खिचड़ी का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। समिति ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। नमो पतंग महोत्सव ने मोरहाबादी मैदान में उत्सव, सेवा और राष्ट्रभक्ति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

# जयपुर में भारतीय सेना के शौर्य का प्रदर्शन

**जयपुर में 78वें आर्मी डे पर भव्य परेड**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जयपुर।** यहां आज अपने आप में एक अनूठा इतिहास रचा गया। सेना दिवस की परेड का आयोजन पहली बार सैन्य छावनी से बाहर जयपुर की महल रोड पर किया गया, जहां धरती से आकाश तक सेना का शौर्य दिखाई दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने वाले हथियारों को जब लोगों ने सड़क पर उतरे हुए देखा, तो उनके रोमांच का कोई ठिकाना नहीं रहा। नवगठित भैरव ब्रिगेड के जवानों ने भी परेड में भाग लिया।

परेड की शुरुआत परमवीर चक्र और महावीर चक्र विजेताओं तथा उनके परिजनों को मेडल प्रदान करने के साथ हुई। सबसे आगे नेपाल आर्मी बैंड का विशेष दस्ता आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, 61 कैवलरी के घुड़सवारों ने लहरिया साफा पहनकर राजस्थानी व सैन्य परंपरा की झलक दिखाई। इस मौके पर सीडीएस अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, मिजोरम के राज्यपाल व पूर्व सेनाध्यक्ष वी.के. सिंह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी मौजूद रहे।

**टैंक, मिसाइल और एंटी-मिसाइल सिस्टम की झलकः** प्रदर्शनी में भीष्म टैंक, अर्जुन टैंक, के-9 वज्र, धनुष तोप, बीएमपी, शिल्का और 155 एमएम अमोघ जैसे अत्याधुनिक हथियारों और बख्तरबंद वाहनों का प्रदर्शन किया गया। वहीं, पिनाका लॉन्चर सिस्टम, भीम मिसाइल, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, नाग और ब्रह्मोस मिसाइल भी प्रदर्शनी में शामिल रहीं। सीमा के मूक सैनिकों के रूप में डॉग स्क्वाड ने भी परेड में हिस्सा लिया, जिसमें जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियन तथा स्वदेशी हाउंड डॉग शामिल रहे। प्रदर्शनी में 13 प्रकार के स्वदेशी ड्रोन, तीन प्रकार के जैमर, मोबाइल ड्रोन ऑपरेटर सिस्टम और कम्युनिकेशन वाहनों का भी प्रदर्शन किया गया। परेड देखने आए दर्शक हुए अभिभूतः पहली बार जयपुर में हुई आर्मी डे परेड को देखने महल रोड पर बड़ी संख्या में आमजन भी पहुंचे। इनमें से कई लोगों को भारतीय सेना के आधुनिक हथियार देखने का पहली बार मौका मिला। यहां आए लोगों को स्वदेशी तकनीक से बने हथियारों के जरिए आत्मनिर्भर भारत की भी झलक देखने को मिली। यहां आई शोभा राठौड़ का कहना है कि पहली बार इतना भव्य आयोजन जयपुर में हुआ, जिसमें शामिल होकर देश की सैन्य परंपरा को देखने का मौका मिला।

# महिला और तीन बच्चों की अपहरण के बाद हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला और उसके तीन मासूम बच्चों के शव नदी किनारे बरामद किए गए हैं। चारों बीते कई दिनों से लापता थे। घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के चंदवारा की है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक महिला और उसके तीन बच्चे—एक बेटी और दो बेटे—10 जनवरी से लापता थे। सोमवार को चंदवारा पुल के समीप नदी किनारे चारों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृत महिला के पति ने अपहरण के बाद हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शादी की नीयत से पहले पत्नी का अपहरण किया गया और फिर साजिश के तहत उसकी व बच्चों की हत्या कर दी गई। मृतका के पति कृष्ण मोहन कुमार ने बताया कि 12 जनवरी को उन्होंने अहियापुर थाने में लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने कहा कि शनिवार को वह काम पर गए थे और शाम को लौटने पर पता चला कि पत्नी बच्चों के साथ बाजार गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान एक अनजान कॉल आई, जिसमें एक महिला ने अपहरण की बात स्वीकार की थी। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी उन्होंने लगाया है। पुलिस के अनुसार, महिला और बच्चों के शव दुपट्टे से बंधे हुए मिले हैं, जिससे यह मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का प्रतीत होता है। शव पानी में तैरते पाए गए, जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। एसएसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि 12 जनवरी को आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान का इंजन क्षतिग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के बीच एक गंभीर विमान हादसा टल गया। एयर इंडिया के वाइड-बॉडी विमान AI-101 का दाहिना इंजन उस समय क्षतिग्रस्त हो गया, जब टैक्सी के दौरान विमान एक कार्गो कंटेनर से टकरा गया। घटना के बाद एहतियातन विमान को तत्काल ग्राउंड कर दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। एयर इंडिया की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह फ्लाइट दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही थी, लेकिन उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही इसे वापस दिल्ली लौटना पड़ा। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि निर्धारित उड़ान मार्ग में आने वाले ईरानी हवाई क्षेत्र के अचानक बंद हो जाने के कारण सुरक्षा कारणों से विमान को लौटाने का निर्णय लिया गया। विमान ने सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग की, हालांकि लैंडिंग के बाद टैक्सी करते समय यह दुर्घटना हुई। एयर इंडिया ने बताया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता कम थी। इसी दौरान विमान टैक्सी करते हुए एक कार्गो कंटेनर से टकरा गया, जो इंजन में खिंच गया, जिससे दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा। हालांकि पायलट और ग्राउंड स्टाफ की सतर्कता से विमान को सुरक्षित रूप से निर्धारित पार्किंग स्टैंड तक पहुंचा दिया गया। इस घटना में सभी यात्री और क्रू मेंबर पूरी तरह सुरक्षित हैं। एयरलाइन ने कहा कि विमान को तकनीकी जांच के लिए ग्राउंड किया गया है। इस घटना के कारण A350 रूट पर अस्थायी व्यवधान की स्थिति बन सकती है। यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताते हुए एयर इंडिया ने बताया कि प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित किया गया है या रिफंड की सुविधा दी जा रही है।

## थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस कस्टडी के दौरान एक युवक के साथ की गई कथित बर्बरता ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ताजपुर थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ताजपुर बाजार स्थित एक आभूषण दुकान में हुई भीषण चोरी के मामले में भेरोखड़ा गांव निवासी मनीष कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि हिरासत के दौरान युवक के साथ न केवल बेरहमी से मारपीट की गई, बल्कि उसके निजी अंगों पर अत्यंत अमानवीय व्यवहार भी किया गया। पुलिस अधीक्षक से दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक अरबिंद प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो और पूरे घटनाक्रम की जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद ताजपुर थानाध्यक्ष शंकर शरण दास, कांड के अनुसंधानकर्ता सह अवर निरीक्षक राजवंश पासवान तथा आरक्षी राहुल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़िता की याचिका पर सेंगर और सीबीआई को नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप मामले से जुड़े एक अहम घटनाक्रम में दिल्ली हाईकोर्ट ने पीड़िता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को नोटिस जारी किया है। यह याचिका पीड़िता की उम्र से संबंधित अतिरिक्त साक्ष्य रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति को लेकर दाखिल की गई है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान पीड़िता की ओर से पेश अधिवक्ता महमूद प्राचा ने अदालत को बताया कि पीड़िता अपनी उम्र से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहती है। इस पर अदालत ने टिप्पणी की कि याचिका के साथ अभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं हैं। कोर्ट ने अधिवक्ता को निर्देश दिया कि वे 31 जनवरी तक सभी संबंधित दस्तावेज अदालत में दाखिल करें। गौरतलब है कि कुलदीप सिंह सेंगर ने अपनी सजा को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर रखी है, जो अभी लंबित है। 23 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट ने सेंगर की अपील लंबित रहने तक सजा पर रोक लगाने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद महिला संगठनों ने कड़ा विरोध जताया और दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन भी किया था।

# गिरिडीह में सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा भारी वाहनों की जांच की जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ सड़क सुरक्षा माह में हाईवा सहित सभी वाहनों पर नियमों का पालन करवाने और सुरक्षा उपाय लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सकें जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार



**गिरिडीह।** सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में हिरोडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हेवी-ड्यूटी वाहनों हाईवा की जांच की जा रही है, जिसमें सुरक्षा नियमों ओवरलोडेड, जैसे हेलमेट सीटबेल्ट गति सीमा मोबाइल से परहेज का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान ओवरलोड स्टोन चिप्स के साथ 1 हाइवा जब्त किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार सीख से सुरक्षा के तहत परिवहन विभाग द्वारा दिनांक 1 जनवरी से 31 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिले के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सकें। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि जब भी बाइक चलाए तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें एवं कार चलाए तो सीटबेल्ट का प्रयोग करें और साथ ही साथ किसी भी दुर्घटना व्यक्ति को देखें तो उसे नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु मदद करें जिसमें उसकी जान को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाले दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही यातायात नियमों का पालन कर दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। सड़क सुरक्षा माह' में हाईवा सहित सभी वाहनों पर नियमों का पालन करवाने और सुरक्षा उपाय लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सकें। आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत कल दिनांक 17 जनवरी को समाहरणालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा रक्तदान का आयोजन किया गया है, जिसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु अनुरोध किया गया।

# मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा नेता ई. विनय सिंह ने मनाया मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विदित है कि पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने उनके घर जाते हैं सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश का नाम मकर संक्रांति है यह राशि मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास खत्म हो जाते हैं और इस दिन से शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ होते हैं।

उक्त समारोह में इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया की गिरिडीह के बुद्धिजीवी, प्रबुद्धजन, समाजसेवी शिक्षक, राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता, प्रेस के साथी काफी संख्या में शामिल हुए जिनके द्वारा पारंपरिक भोजन दही, चूड़ा, तिलकुट आदि ग्रहण करते हुए एक दूसरे से आपस में मिलकर मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए, उक्त अवसर पर इंजीनियर विनय सिंह द्वारा समारोह की सफलता के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी के सुख ,समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। उक्त समारोह में गिरिडीह महानगर के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत राय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, मंडल अध्यक्ष खिरोधर दास, अजय सिंह, पुरुषोत्तम राम, प्रकाश यादव ,जयप्रकाश वर्मा ,सौरभ तिवारी, सभी को इंजीनियर विनय कुमार सिंह भाजपा युवा प्रदेश मंत्री संजीव कुमार,विक्रमादित्य क्लासेस के निदेशक कुमार गौरव संचालक इंजीनियर मृगेंद्र कुमार, राज टेलकम निदेशक कविराज एवं कुंदन सिंह राजपूत द्वारा सम्मानित किया गया उक्त समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुकेश रंजन सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी , भाजपा प्रदेश जिला मंत्री दिलीप वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक उपाध्याय, लोजपा प्रदेश जिला अध्यक्ष राजकुमार राज भाजपा जिला महामंत्री संदीप डंगैच , जिला उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद, शालिनी वैश्यिकार, संगीता सेठ, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान ,नगर अध्यक्ष हरमेंद्र सिंह बग्गा महामंत्री सिंधु सिन्हा ,युवा जिला अध्यक्ष मिथुन चंद्रवंशी अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश दास, अरविंद चंद्र राय फणींद्र सिंह, सुरेश मंडल ,अरविंद बर्नवाल, संतोष राणा ,सुमित सिंह विक्की गुप्ता मोहन सिंह विजय सिंह मिथिलेश सिंह सेवानिवृत शिक्षक गौरी शंकर सिंह मैनेजर सिंह बासुदेव राम चंद्रवंशी, आशुतोष तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के रितेश पांडे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मंटू मुर्मू, उज्जवल तिवारी अनीश राय नागेश्वर दास डॉक्टर डॉक्टर शैलेंद्र चौधरी पिंकी सिंह मीना गुप्ता रीना शर्मा संजय महतो विकी गुप्ता आदि काफी संख्या में बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी थे।

# दारू प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर ज्ञापन सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दारू (हजारीबाग)।** झारखंड राज्य के सभी प्रखंडों के डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र (CSC) संचालक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 16 जनवरी 2026 को रांची स्थित उरउ मुख्य कार्यालय के घेराव एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

इसी क्रम में दारू प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।ज्ञापन के माध्यम से संचालकों ने बताया कि लंबे समय से लंबित समस्याओं और मांगों के समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो राज्यव्यापी आंदोलन और तेज किया जाएगा, जिसका सीधा असर डिजिटल सेवाओं पर पड़ेगा। इस अवसर पर प्रकाश कुमार, रमेश प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, दशरथ कुमार, प्रदीप प्रसाद, अभिषेक कुमार सहित अन्य उरउ प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# जिला उपायुक्त ने कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ योजनाओं का लाभ देने में बरते पारदर्शिता, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं सुनिश्चित तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं यथा साइकिल वितरण, प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति समेत अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा उक्त सभी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंडवार साइकिल वितरण योजना की जानकारी प्राप्त की तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत साइकिल वितरण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्ग 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को साईकिल उपलब्ध कराने का निदेश दिया। इसके अलावा प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक 2024-2025 के तहत आच्छादित बच्चों को छात्रवृति की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करते हुए प्रगति लाने तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को संबंधित प्रखंडों में कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और अभियंता द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति का मूल्यांकन कर योजनाओं में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जमुआ प्रखंड के जोरासांख चौक पर कांग्रेस पार्टी के मंडल कार्यालय का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जोरासांख चौक पर आज कांग्रेस पार्टी के मंडल कार्यालय का जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने बताया कि यह सिर्फ शुरूआत भर है पार्टी की योजना हर मंडल में इस तरह के कार्यालय खोलने की है ताकि पार्टी के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान कर सके इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा देवरी बीस सूत्री अध्यक्ष बिमल सिंह, देवरी प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय कुंदन जमुआ बीस सूत्री अध्यक्ष जुनेद आलम, उपाध्यक्ष मनीष वर्मा, मंडल अध्यक्ष मदन वर्मा प्रखंड उपाध्यक्ष समीर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद वर्मा समाजसेवी मनोज वर्मा चरघरा पंचायत अध्यक्ष भागीरथ रविदास एवं चचघरा पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे उद्घाटन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मंडल कार्यालय के खुलने से संगठन को मजबूती मिलेगी और आम जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। यह कार्यालय क्षेत्र में संगठनात्मक कार्यो को सशक्त करने के साथ-साथ विकास कार्यो को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कार्यक्रम में खिचड़ी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने सहभागिता की और पर्व को आपसी सौहार्द व उत्साह के साथ मनाया कार्यक्रम के उपरांत सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए गरीब, असहाय एवं दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से वन भोज सह पिकनिक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में चेंबर से जुड़े व्यापारियों एवं पदाधिकारियों के लिए एक भव्य वन भोज सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विष्णुपुरी रिलायंस मार्ट के बगल, ट्रांसफार्मर के पास, गली नंबर 13/83 के सामने आयोजित हुआ, जहां सुबह से देर शाम तक उत्साह, उल्लास और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा।

इस आयोजन के संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल एवं नीरज अग्रवाल रहे, जिन्होंने बीते करीब 15 दिनों से कार्यक्रम की तैयारी में निरंतर मेहनत करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से अंजाम दिया। उनके कुशल प्रबंधन का ही परिणाम रहा कि कार्यक्रम पूरी तरह अनुशासित, व्यवस्थित और सफल रहा। सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुए इस वन भोज कार्यक्रम में सर्वप्रथम नाश्ते की व्यवस्था की गई। इसके उपरांत दोपहर में भोजन हुआ जिसमें कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन फल मिठाइयां चाय कॉफी की सुचारू व्यवस्था की गई थी दिनभर विभिन्न मनोरंजक खेल, हौजी प्रतियोगिता एवं आकर्षक पुरस्कारों ने उपस्थित सदस्यों में विशेष उत्साह भर दिया। संध्या के समय जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर चेंबर से जुड़े सभी व्यापारी, सदस्य एवं पदाधिकारी एक मंच पर नजर आए। व्यापारी वर्ग ने अपने व्यस्त दैनिक कार्य से अवकाश लेकर पूरे दिन इस आयोजन का आनंद लिया। व्यापारिक संगठनों के स्तर पर इस प्रकार का वन भोज हजारीबाग में पहली बार आयोजित किया गया, जिससे आपसी मेलजोल, संगठनात्मक एकता एवं सौहार्द को नई मजबूती मिली। आयोजन के दौरान प्रतिभागी विभिन्न गतिविधियों का आनंद लेते हुए कार्यक्रम की स्मृतियों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन संगठन में आपसी भाईचारे, सहयोग और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। यह वन भोज चेंबर की एकता और सक्रियता का परिचायक है। पिछले 15 दिनों की अथक मेहनत से यह कार्यक्रम सफल हो पाया है, जिसका श्रेय चेंबर के सभी सदस्यों के साथ-साथ कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल एवं नीरज अग्रवाल को भी जाता है। चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा कि संयोजकों की कार्यशैली, समर्पण और बेहतर प्रबंधन ने इस आयोजन को यादगार बना दिया है। भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की जिम्मेदारी इन्हीं संयोजकों को देने का निर्णय लेना चैंबर के पक्ष में उचित होगा।

# नहाने के दौरान डूबने से वृद्ध महिला की मौत, 20 घंटे बाद मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के करगईयो नदी में बीते शाम नहाने के दौरान डूबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान सुगिया देवी उम्र करीब 60 वर्ष पति स्व कल्लू कल्लू यादव करगईयो निवासी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका कल नहाने के लिए नदी गई हुई थी, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने काफी खोजबीन उसके बाद कोई जानकारी हाथ नहीं लगा। शव की खोज के लिए तिलैया डैम का फाटक बंद कर दिया गया, जिसके बाद नदी में सूखने के बाद भंडारों पंचायत के बेहराबाद के नदी के किनारे से शव को बरामद किया गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके स्वजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना के बाद मृतिका के परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।

# बरदाग के लापता युवक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक, प्रशासन से सकुशल वापसी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही हजारीबाग।** बरही के पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला ने गुरुवार को बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव के बरदाग घटवार टोला से लापता युवक के परिजन से मुलाकात किया।

इस दौरान उन्होंने परिजनों से विस्तृत जानकारी हासिल किया वहीं उन्होंने हजारीबाग जिला उपायुक्त एवं पुलिस कप्तान से बच्चे की सकुशल बरामदगी की अपील किया। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। मौके पर महेश प्रसाद, महेश कुशवाहा, संजय कुशवाहा,सिकेदर रविदास, राजेन्द्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, महेश सिंह सहित कई महिला पुरूष ग्रामीण मौजूद थे।

## वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ इन्नरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने मनाई मकर संक्रांति

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन्नरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा स्थानीय वृद्धाश्रम में मकर संक्रांति का पर्व अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। क्लब की अध्यक्षा कविता राजगढ़िया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बुजुर्गों के बीच तिलकुट, तिल, चूड़ा, फल, मिठाइयाँ और कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों का वितरण किया गया, साथ ही सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर पतंगबाजी का भी आनंद लिया। इस अवसर पर पीडीसी पीडीसी पूनम सहाय ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जहाँ उनके साथ क्लब की सदस्य संगीता सिंह, विभूति रंजना, सुमन गौरीसरिया, सुनीता बरनवाल एवं अन्य सदस्याएं भी मौजूद रहीं और बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# बरही में जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल का भव्य स्वागत, संगठन मजबूती व जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही हजारीबाग।** हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष जेपी पटेल के बरही आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बरही प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में होटल युराज में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां बरही प्रखंड कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार और आत्मीय स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष जेपी पटेल ने बरही विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनसमस्याओं को एक-एक कर गंभीरता से सुना। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से क्षेत्र की राजनीतिक, सामाजिक और विकास से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी है और किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा जनहित और जनसंघर्ष से जुड़ा रहा है। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस हमेशा से मजबूत रही है और आने वाले दिनों में भी कांग्रेस की उपस्थिति और भूमिका और सशक्त होगी। इसके लिए अभी से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष जेपी पटेल ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे जाति और धर्म से ऊपर उठकर समाज के हर वर्ग की हर संभव मदद करें। उन्होंने कहा कि जब तक आम जनता से सीधा जुड़ाव नहीं होगा, तब तक संगठन मजबूत नहीं हो सकता। सभी को मिल-जुलकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रमुख बरही मनोज रजक, दीपक गुप्ता, तोखन रविदास, तौकिर रजा, मीडिया प्रभारी संतोष रजवार, विष्णुधारी महतो, बबलू साव, जितेंद्र गिरी, मो. सगीर, मो. यूसुफ, रिजवान अली, गुलजार अंसारी, कार्तिक पासवान, मनोज रविदास, अशोक सिंह, अनिल रविदास, मो. सरफराज, प्रकाश राम, छोटी रविदास, फिरदौस खान, विवेक, नासरीन बानो, जुलेखा खातून, शांति देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

# बरही में खोरठा एल्बम सॉन्ग की लॉचिंग, लोकल कलाकारों का दिखा जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही हजारीबाग।** बरही के राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किए गए एल्बम खोरठा सॉन्ग ह्यझारखंड यूपी बिहार का भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम गुरुवार को राज आर्यन डांस अकादमी परिसर में आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम राज आर्यन प्रोडक्शन के प्रोपराइटर राज आर्यन उर्फ छोटी की जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में क्षेत्र के कलाकारों और संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। लॉन्चिंग समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश मुख्य संरक्षक सह सिविल सर्जन कोडरमा डॉ अनिल कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश संगठन सचिव राजकुमार यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, अमित गौरव, संजय दुबे, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, विजय यादव, सुनील निषाद, पत्रकार योगेन्द्र प्रजापति, नितेश कुमार, डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी , अभिनेता विकाश विश्वास, प्रख्यात कुमार, विकाश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अतिथियों ने संयुक्त रूप से खोरठा सॉन्ग 'झारखंड यूपी बिहार' का विमोचन एवं लॉचिंग किया। लोकल कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे गीत क्षेत्रीय संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। लोकल कलाकारों को हम सब मिलकर आगे बढ़ाएंगे। कृष्णा प्रजापति ने सभी से सहयोग की अपील की। भरत यादव ने हर संभव सहयोग की भरोसा दिया। रमेश ठाकुर ने कहा कि राज आर्यन की बरही के कलाकारों को जल्द कार्यक्रम के दौरान कलाकारों के उत्साह और दर्शकों की तालियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। उपस्थित सभी लोगों ने एल्बम की सफलता की कामना की। संजय दुबे ने कहा कि नागपुरी सॉन्ग बरही के लोकेशन पर फिल्माया गया है। हम सब इसको और आगे बढ़ाने का काम करेंगे। विजय यादव ने सभी कलाकारों की सफलता की कामना की। कार्यक्रम के अंत में केक कार्यकणराज आर्यन का जन्मदिन भी मनाया गया। मौके पर सुबोध केशरी, सतीश कुमार, प्रख्यात कुमार, राहुल आंबेडकर, मुकेश कुमार, बिकास विश्वास, विकास कुमार, सुनील कुमार, गौतम कुमार, आनंद कुमार, अनिकेत भारती, छवि राज, माता सीता देवी, पत्नी सुनैना कुमारी , शंभू माली, अभिनव आनंद, पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# विधायक रोशन ने लकुरा व बादम मेले का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बड़कागांव हजारीबाग।** हर वर्ष की भांति इस भी प्रखंड लाकुरा एवं बदाम पंचबहिनी मंदिर में मकर संक्रांति से शुभ अवसर पर गुरुवार को भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं। मकर संक्रांति का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों और व्यापारियों को एक बड़ा मंच मिलता है। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और बच्चों के लिए झूले, हस्तशिल्प की दुकानें और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष व्यवस्था की गई है। मेला समिति के अध्यक्ष सोहन महतो ने विधायक का स्वागत बुके भेंट कर किया। इस मौके पर कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,मुखिया एतवरिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, महेंद्र महतो, अध्यक्ष रवि कुमार, सचिव प्रमोद महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आजसू प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस, नरसिंह प्रसाद, मनोज दांगी, मनोज राम, दिनेश कुमार, समाजसेवी विनोद यादव, मेवालाल नाग, गोविंद महतो, संतोष महतो, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

# पुनपुन के राजघाट-नवादा तट पर मकर संक्रांति पर लगा भव्य मेला

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, आस्था और विश्वास का दिखा संगम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मकर संक्रांति पर्व को लेकर एक और जहां पुनपुन के पावन तट पर सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। हर किसी ने आदी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई, स्नान कर भगवान भास्कर को जल अर्पित किए। पूर्व मुखिया जयप्रकाश पासवान ने बताया कि हमारे याद से 2001 से यह मेला राजघाट में लगाया जा रहा है जहां पर तकरीबन 50 हजार से अधिक की संख्या में भीड़ उमड़ती है। मेले का खास आयोजन मकर संक्रांति पर के मौके पर किया जाता है। जहां दूर-दूराज से कई जिलों से यहां पर दुकानदार अपनी दुकान लगाते हैं और तरह-तरह के सामान की बिक्री भी करते हैं। इस मेले का खास आकर्षण झूला होता है। पहले यह मेल किसी तरह से लग जाया करते थे, लेकिन अब भाकपा माले कमेटी की टीम के द्वारा यह मेले का आयोजन किया जाता है। वही सत्यनारायण पासवान ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सरकार को यह जिला स्तर पर यह मेले का आयोजन किया जाना चाहिए और यह मेला एक दिन की बजाय तीन दिन तक लगना चाहिए ताकि यहां जो दूर दराज से अपना सामान बेचने के लिए आते हैं उनका एक रोजगार के अवसर मिल सके। तरह-तरह के खिलौने झूला समेत लकड़ी से बने इमारती लकड़ी भी बिक्री की जाती है। बहरहाल मकर संक्रांति पर्व के मौके पर लगने वाले मेले में काफी संख्या में भीड़ उमडती है। वहीं शिक्षक गजेन्द्र ने बताया की यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक मेला है जो मकर संक्रांति पर्व पर न केवल श्रद्धालुओं की भीड उमडती है बल्कि सैकड़ों दुकानदारों के लिए रोजगार का अवसर भी देता है।

# पूजा पर हथियार प्रदर्शन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना परिसर में गुरुवार को सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर थानाध्यक्ष बेबी कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रशासन ने सरस्वती पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बैठक में कहा गया कि अगर कोई इस आदेश का उल्लंघन करेंगे तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सहायक थानाध्यक्ष भावना कुमारी ने बताया कि सरस्वती पूजा के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न गांवों और स्थानों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से नियमों का पूर्ण पालन



करने, समय पर लाइसेंस प्राप्त करने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की, थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने भी उपस्थित लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस अवसर पर पुनपुन के समाजसेवी कई पुलिस अधिकारी समेत गणमान्य लोग शामिल रहे।

# खेत से पटवन कर लौट रहे युवक को मारी गोली, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव में गुरुवार की शाम को अपने खेत से पटवन कर लौट रहे एक युवक को गोली मार देने की घटना सामने आई है। जख्मी युवा का नाम रितिक रोशन उर्फ रिंकूउम्र (36 वर्ष) पिता संतोष शर्मा बताया जा रहा है। जिसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक इलाज करते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जख्मी युवक अपने खेत में पटवन कर आरी बांध कर लौट रहा था उसी दौरान मीरपुर गांव के कुछ लड़के बेवजह जोर-जोर से

**अफरा-तफरी**

गाली गलौज करते हुए उसी रास्ते से गुजर रहा था, उसी क्रम में रितिक रोशन ने गाली गलौज किसे दे रहा है पर टोका, इसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज हुई हाथापाई हुई। इस दौरान एक युवक ने अपनी कमर से पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी, गोली कमर के पिछले हिस्से के नीचे में लगी है और गोली चल कर वे सभी युवक भाग है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जख्मी युवक को अनुमंडल अस्पताल लाई जिसे पटना रेफर कर दिया गया है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

## प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को स्थानीय जूनियर स्कॉटिश स्कूल, अररिया में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुप कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित भुगतान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई से सम्बद्ध विद्यालयों को दिया गया निर्धारित प्रारूप भी सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया, जिसे 27-जनवरी-2026 तक जमा करना अनिवार्य बताया गया। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष अजीत सिन्हा एवं जिला महासचिव खुर्शीद खान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने एन.एच. किया जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय राजमिस्त्री की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-22 को जाम कर दिया। जाम के कारण करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान परस बिगहा थाना क्षेत्र के शकुरगंज गांव निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद गुड्डू अंसारी के रूप में हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री था और बुधवार शाम लगभग 5 बजे जहानाबाद से काम



समाप्त कर घर लौट रहा था। इसी दौरान मेघड़िया गांव के पास बाइपास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर गया-पटना एन.एच.-22 को जाम कर दिया और कुछ स्थानों पर आगजनी भी की। प्रदर्शनकारियों ने मुआवजे और स्थायी समाधान की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रहने से गया और पटना की ओर जाने वाले वाहन फंसे रहे। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंसे नजर आए। परस बिगहा थाना अध्यक्ष शिशुपाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद एनएच-22 जाम कर दिया गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वरीय पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया गया।

### ओवरब्रिज/अंडरपास नहीं होने से बढ़ रहा खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि बाइपास सड़क बनने के बाद इस स्थान पर लगातार हादसे हो रहे हैं। ओवरब्रिज या अंडरपास की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को सड़क पार करते समय जान जोखिम में डालनी पड़ती है। कई बार प्रशासन और सरकार से मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।ग्रामीण जसीम अख्तर ने बताया कि मोहम्मद गुड्डू अंसारी अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था और राजमिस्त्री का काम कर घर चलाता था। बाइपास पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हुआ और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सुशासन की लहर में दिखेगा चौमुखी विकास : अरुण मांझी

## मसौढ़ी के पीपला में नवनिर्वाचित विधायक का हुआ नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** मसौढी के नव निर्वाचित विधायक अरुण मांझी का मसौढ़ी के पिपला गांव में गुरुवार को नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ पूर्व मुखिया नसीम उद्दीन मल्लिक की अध्यक्षता में पिपला ग्रुप की टीम द्वारा विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल के अरुण मांझ का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधायक अरुण मांझी एवं शिक्षिका मुश्तरी खातून को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। संबोधन में विधायक अरुण मांझी ने कहा कि सुशासन की सरकार में हर गांव में विकास की लहर दिखेगी और हम यहां विधायक बनकर राज करने नहीं बल्कि बेटा बनकर सेवा



करने आए हैं, वहीं स्व. जियाउद्दीन साहब की मार्केट ग्राम पिपला में एक दुकान रामबाबू चौधरी की स्वीट शॉप का भी विधिवत उद्घाटन भी विधायक अरुण मांझी एवं शिक्षिका मुश्तरी खातून के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर विधायक से उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवी लाल दिनकर, शिक्षिका शिवानी सिंहा, लाडली बानो, खदीजा शमश, वसीम अलम, अजहर इमाम एवं रामायतन कुमार ने विद्यालय से संबंधित समस्या के निदान हेतु एक आवेदन पत्र समर्पित किया तथा पिपला ग्रामीणों द्वारा घुटन टोला से पिपला महादलित टोला तक सड़क निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। सम्मान समारोह सह उदघाटन में सज्जाद हसन, रजी अहमद, इरशाद अलम, बरांवा मुखिया सिमरन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, रविन्द्र शर्मा, मनोज कुमार, इम्तियाज अलम, एहरार निजामी, शारिक हसन, अहमद रज़ा साकिब मल्लिक, युवा नेता नुरुल्लाह उर्फ शागिल एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक के द्वारा अपने पोलिंग एजेंट मुस्ताक मल्लिक एवं आफताब आलम को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। विजय शर्मा पैक्स अध्यक्ष बेर्रा आदी शामिल रहे।

# किसानों की डिजिटल पहचान के लिए फार्मर रजिस्ट्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार शाह की अध्यक्षता में कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मसौढ़ी प्रखंड धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, राजस्व कर्मचारी व किसान सलाहकार को फार्मर रजिस्ट्री का प्रशिक्षण दिया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया कि किसानों की डिजिटल पहचान बनाने और सरकारी योजनाओं (जैसे पीएम किसान) का लाभ सीधे उन तक पहुँचाने के




लिए है, जिसमें आधार, भूमि रिकॉर्ड का सत्यापन और तकनीकी प्रक्रिया पर जोर दिया जाता है, ताकि सभी किसानों का सटीक डेटाबेस तैयार हो सके और पारदर्शिता बढ़े, जिसके लिए कृषि पदाधिकारी से लेकर किसान सलाहकार तक सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के स्तर से सभी कर्मियों को ई-केवाईसी व फार्मर आईडी जेनरेटर के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। वहीं प्रशिक्षण के दौरान बताया की फार्मर रजिस्ट्री राज्य सरकार की प्राथमिकता प्राप्त योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक किसान को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, कृषि सेवाओं को आधुनिक एवं पारदर्शी बनाना और हर किसान का एक डिजिटल पहचान पत्र तैयार करना है। इस फार्मर आईडी में किसान की भूमि से संबंधित विवरण, आधार जानकारी एवं अन्य आवश्यक डाटा दर्ज रहेगा। जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुगमता होगी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सभी पात्र किसानों को विभिन्न सरकारी कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्षित पटेल आदी शामिल रहे।

# सीडीपीओ ने टीएचआर वितरण व पोषाहार का किया निरीक्षण

## शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को सेविकाओं ने टीएचआर (टेक होम राशन) का वितरण किया। ऐसे मसौढ़ी सीडीपीओ अनिता कुमारी ने टीएचआर वितरण का निरीक्षण किया। सीडीपीओ ने सभी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के संबंध में निर्देश दिये। डाटा अपलोडिंग वितरण के सभी आंकड़े वितरण के तुरंत बाद पोषण ट्रैकर एप पर शत-प्रतिशत अपलोड किये जाय, स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का एफआरएस (फ़ेस रिकॉग्निशन सिस्टम) दो दिनों के भीतर पूरा किया जाये। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लक्ष्य के अनुरूप आवेदन एकत्र कर संबंधित वेबसाइट पर अपलोड किया जाय. इसके अलावा सीडीपीओ ने बताया कि टीएचआर का वितरण गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं (स्तनपान कराने वाली) तथा सामान्य, कुपोषित व अति कुपोषित लाभार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर लगातार जारी है। पोषण ट्रैकर एप का उपयोग प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की टीएचआर वितरण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण हो रहा था। कुछ केंद्रों पर बच्चों की कमी देखी गई। इस संबंध में संबंधित सेविका को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का निर्देश दिया गया है।

## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल ने बांटे कंबल

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार को स्कॉटिश परिवार की ओर से हर वर्ष की भांति जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से यह सामाजिक सेवा कार्यक्रम जूनियर स्कॉटिश स्कूल, शास्त्री नगर परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल, शिक्षकगण एवं प्रबंधक अनुप कुमार स्वयं उपस्थित रहे। कंबल वितरण के दौरान प्रबंधक अनुप कुमार ने कहा कि स्कॉटिश परिवार समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझता है और इसी भावना के साथ हर वर्ष जरूरतमंदों की सहायता करता आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ भी और जब भी जरूरत होगी, स्कॉटिश परिवार आगे बढ़कर मदद करता रहेगा।

# मुखिया पति के असामयिक निधन से गुरुवार को धनरूआ बाजार रहा बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रहे पप्पु चंद्रवंशी की असमायिक निधन पर गुरुवार को पुरा धनरूआ बाजार की दुकानें बंद रही। सभी दुकानदारों ने उनकी दुकानें बंद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया। दरअसल दिवगंत पप्पू चंद्रवंशी की हृदयाघात रुकने से सोमवार की रात मृत्यु हो गई थी, पप्पू चंद्रवंशी ने अपने मुखिया कार्यकाल मे कई योजनाओं मे बेहतर कार्य कर दिखाया था, जो आज भी उन्हे याद करते है।बाद के दिनो में धनरूआ बाजार में संगीता मिष्ठान भंडार के ऑनर थे। बहरहाल गुरुवार को धनरूआ में शोक की लहर छाई है और इस गमगीन माहौल में बाजार बंद रहा। वहीं इस दुखद खबर सुनकर विधायक अरूण मांझी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी शोककुल परीवार से मुलाकात कर उन्हे ढढांस बंधाई, और एक मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं पूर्व विधायिका रेखा देवी, पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, पूर्व प्रमुख राजकिशोर प्रसाद, दिनेश चंद्रवंशी योगेंद्र चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव, गौरव कुमार, उपेंद्र पंडित, विजय प्रसाद चंद्रवंशी, संतोष कुमार, अमित चंद्रवंशी, माले नेता जितेंद्र राम, पूर्व मुखिया राजकिशोर प्रसाद, चितरंजन कुमार उर्फ घंटू सहित अन्य कई लोग भी शामिल रहे।

# हथियारों के साथ दर्जनों की संख्या में घर में घुसकर की मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के कोसूत गांव में एक घर में घुसकर हरवे हथियार के साथ एक परिवार के साथ जानलेवा हमला करने के मामले में पीड़ित ललिता देवी पति राजेश कुमार ने तकरीबन 10 लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

दरअसल ललिता देवी के द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है की 14.01.2026 की रात्रि करीब 8:00 बजे अपने घर पर थे कि अचानक सुदर्शन कुमार सीताश्री कुमार, टुन्नु पासवान, विनय पासवान, छोटे पासवान, बजरंगी पासवान, समेत तकरीबन 10 लोग हरवे हथियार के साथ घर में घुस आए और पिस्तौल के बट से मारना शुरू कर दिए, जिसमें हमारे सभी घर के लोग भयभीत हो गये। वहीं निशी कुम्हार और सितावी कुमार ने हमारे भैसूर संतोष कुमार के आंख में गंभीर चोट लगी है। वहीं सभी लाठी डंडे से लैस थे और सभी सदस्यों को गाली-गलौज कर मारपीट किए। इस दौरान घर का सारा सामान तोड़फोड़ करते हुए सभी आभूषण छीन छोड़कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए दिए गए आवेदन के आरोप में पुलिस पूरे मामले की बिंदुवार छानबीन करने में जुटी है।

# युवा समाजसेवी ने किया कंबल वितरण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मकर संक्रांति पर्व के मौके पर और बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए और अपने जन्मदिन की मौके पर असहाय गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसके अलावा नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का नागरिक अभिनंदन करते हुए सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया। दरअसल बिजली संवेदक महानंद राय ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व के मौके पर इसी दिन हमारा जन्म दिवस रहा है। और प्रत्येक साल हम मसौढ़ी के रेवां पंचायत के खरजामा गांव में गरीबों असहायों, वृद्धों के बीच कंबल वितरण कर उन सभी असहाय बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं। वहीं इस मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने इस नेक कार्य के लिए समाजसेवी को सराहा। इस मौके पर मसौढी विधायक अरुण मांझी, निहोरा प्रसाद यादव, डॉ राम जयपाल, विश्वरंजन, नवल भारती, लालमोहन सिंह, डॉ सुनील गावस्कर, सुनील वर्मा , ई. नंदकिशोर समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे, सबों ने कंबल वितरण कार्य को सराहा।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–19, दिनांक: 13.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. : टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–19, कार्य का नाम:** कार्य का निम्नलिखित टीआरडी अंश: (क): कालूबथान स्टेशन यार्ड में अप और डाउन लूप लाइनों का विस्तार (ख): जगदीशपुर में पूरी लंबाई की व्यवस्था। **निविदा मूल्य:** रु. 2,22,29,368.59, **बयाना राशि:** रु. 2,62,100/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 16.02.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-307/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–402, दिनांक 14.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "मालदा टाउन मंडल के तहत स्टेशन पर लाइटिंग्स के लिए आपातकालीन पावर सप्लाई (एटी) के साथ प्लेटफॉर्म शेड पर लाइट, पंखे का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,96,32,914.18, **बयाना राशि :** रु. 2,48,200/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 22.01.2026 से 05.02.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट: www.ireps.gov.in एवं सूचना पट : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-295/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# महावीर मंदिर पहुंचे आशुतोष राणा, की पूजा अर्चना

## फिल्म प्रमोशन के लिए आये हैं बिहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बॉलीवुड के दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता आशुतोष राणा इन दिनों अपनी नई फिल्म वन टू चा चा चा के प्रचार में जुटे हैं। इसी सिलसिले में वे पटना पहुंचे, जहां कदम रखते ही उन्होंने फिल्मी मंच से पहले आस्था की राह चुनी। अभिनेता सबसे पहले राजधानी के प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे और हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर से बाहर निकलते समय उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और संतोष साफ झलक रहा था।

महावीर मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए आशुतोष राणा ने कहा कि पटना आकर उन्हें हमेशा सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

उन्होंने कहा कि आस्था में वह शक्ति है, जो बंद दरवाजों में भी रास्ता दिखा देती है। सकारात्मक सोच न केवल जीवन में बल्कि सिनेमा की सफलता के लिए भी बेहद जरूरी है। उन्होंने पटना को आस्था और संस्कृति की भूमि बताते हुए यहां से फिल्म के प्रमोशन की शुरूआत को खास बताया। अभिनेता ने बताया कि वन टू चा चा चा से उनका जुड़ाव सिर्फ एक कलाकार का नहीं, बल्कि भावनात्मक भी है। फिल्म के निर्देशक अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर बिहार के रहने वाले हैं, इसलिए इस फिल्म का पहला शो और प्रमोशन उनकी मातृभूमि पर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि फिल्म से जुड़े अधिकांश कलाकार और तकनीकी टीम भी बिहार से हैं, जिससे यह फिल्म और भी खास बन जाती है।

फिल्म की कहानी और शैली पर बात करते हुए आशुतोष राणा ने कहा कि वन टू चा चा चा दर्शकों के लिए एक संपूर्ण मनोरंजन पैकेज है।

इसमें कॉमेडी के साथ एक्शन का तड़का भी है, जो हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सिनेमाघरों में जाकर फिल्म देखें और नए सिनेमा को समर्थन दें।

यह फिल्म 16 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसमें वेब सीरीज पंचायत से लोकप्रिय हुए अशोक पाठक (विनोद) के साथ अभिमन्यु सिंह, मुकेश तिवारी, हर्ष मायर, ललित प्रभाकर और अनंत वी जोशी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर 6 जनवरी को रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। 58 वर्षीय आशुतोष राणा हिंदी के साथ-साथ मराठी, कन्नड़, तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। अपने सशक्त संवाद और गंभीर किरदारों के लिए मशहूर राणा इस बार दर्शकों को हंसाने और चौंकाने दोनों के लिए तैयार हैं।

# जॉब के लिए सरकार नया पोर्टल करेगी लॉन्च

## बेरोजगारों को एक ही पोर्टल पर मिलेगी जॉब की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने अगले पांच वर्षों में राज्य के एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। इस काम को तय सीमा में पूरा करने के उद्देश्य से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन भी किया है। आने वाले दिनों में इस नवगठित विभाग की जवाबदेही और बढ़ेगी।

इस विभाग को अब ई-पोर्टल का संचालन, विभिन्न जिलों में रोजगार मेला आयोजित करना और नौकरी से जुड़ी युवाओं की समस्याओं के समाधान का निराकरण भी करना होगा।

हाल ही में सरकार ने इस नए विभाग को ठीक से चलाने के लिए 147 नए पद स्वीकृत किए हैं। इन पदों के जरिए विभाग के सभी काम तेजी से पूरे किए जाएंगे। विभाग रोजगार से जुड़े नियम बनाएगा, योजनाओं को लागू करेगा और युवाओं की मदद के लिए नई सुविधाएं शुरू करेगा। मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव को स्वीकृत भी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, नवगठित विभाग का सबसे अहम कार्य एक ई-पोर्टल का प्रबंधन होगा। इस पोर्टल पर युवा अपनी पढ़ाई और योग्यता के अनुसार नौकरी की जानकारी देख सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। इस सुविधा के प्रारंभ होने से युवाओं को विभागों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

विभाग राज्य के अलग-अलग जिलों में रोजगार मेलों आयोजित करेगा। मेलों में निजी और सरकारी कंपनियां सीधे युवाओं से मिलेंगी और मौके पर ही नौकरी के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

नया विभाग निजी कंपनियों, उद्योगों और एमएसएमई इकाइयों से भी लगातार संपर्क में रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा किए जा सके। सरकार का मानना है कि इस पहल से बिहार के युवाओं को नौकरी मिलने में आसानी होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

# ट्रक - स्कॉर्पियो की ठोकर से राहगीर की मौत



**दरभंगा।** मब्बी थाना के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एनएच पर गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे अनियंत्रित ट्रक ने स्कॉर्पियो को ठोकर मार दिया। इस बीच सिमरी थाने के कमरौली से शिवधारा बाजार समिति मछली लाने जा रहे नंदू सहनी (35) की उसी स्कॉर्पियो से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा और क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो बीआर07पीबी 8449 को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो दरभंगा की ओर आ रही थी। पीछे से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दिया और स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार मछली व्यवसायी को कुचल दिया।

# दूध के कंटेनर से हजारों बोतल विदेशी शराब बरामद

## कंटेनर चालक को खदेड़कर पुलिस ने पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** शराब के खिलाफ चलाई जा रही सघन अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के निर्देशन में गठित टीम के द्वारा डीआईयू भागलपुर के सहयोग से सनोखर थाना की पुलिस ने भखरी मोड़ के पास से वाहन जांच के दौरान अमूल दूध लिखा उजले रंग के कंटेनर से 399 कार्टून में 19 हजार 152 बोतल 3447. 36 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस को देख कंटेनर लेकर चालक भागने का प्रयास किया था जिसे खदेड़ कर पकड़ लिया था।

कंटेनर चालक सह शराब तस्कर मुजफ्फरपुर जिला सकरा थाना क्षेत्र के हुसैनपुर बहना गिरी गांव के मु उस्मान का पुत्र फूल मुहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने शराब के साथ कंटेनर एवं एक मोबाइल जप्त किया है। झारखंड से शराब लेकर भागलपुर की ओर जा रहा था।एसएसपी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर भागलपुर के निगरानी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।छापेमारी में सनोखर थानाध्यक्ष पंकज किशोर, पुअनि चुन्नी कुमारी, जवान चंचल यादव, रंजीत यादव, चौकीदार दीनबंधु पासवान एवं छोटू पासवान थे। इसके अलावा भखरी मोड़ के पास ही वाहन जांच के क्रम में सनोखर थाना की पुलिस ने एक बाइक से 19 बोतल करीब 14 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। बाइक चालक सह तस्कर मधेपुरा जिला चौसा के रंजीत कुमार एवं रणवीर सिंह को गिरफ्तार कर शराब एवं बाइक जप्त कर लिया है। अमडंडा थाना की पुलिस ने जगन्नाथपुर में नाश्ता की दुकान में छापेमारी में 10 लीटर देशी शराब के साथ मंशो मंडल को गिरफ्तार किया है।

# नगदी और आभूषण लेकर प्रेमी संग विवाहिता फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने शाम में अपनी बड़ी पुत्री का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। पकवान बनाया और परिवार के सभी लोगों को खिलाया। रात करीब 11 बजे बच्चों को बिस्तर पर छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गई। भागने के दौरान वह घर में रखे दस हजार रुपये और आभूषण भी लेकर चली गई है।

बच्चों के रोने की आवाज सुनकर जब उसकी सास कमरे में गई तो विवाहिता घर में नहीं थी। मामले में फरार विवाहिता की सास ने बीते 12 जनवरी को नौतन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

नौतन के थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है। विवाहिता की सास ने उसके प्रेमी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करगरिया वार्ड आठ निवासी मोहित कुमार पर अपहरण का आरोप लगाया है।

दर्ज प्राथमिकी में महिला की सास ने पुलिस को बताया है कि बीते 27 दिसंबर को उसकी 27 वर्षीय बहू ने अपनी बड़ी पुत्री का धूमधाम से जन्मदिन मनाया। खाना खाने के बाद सभी लोग सोने चले बन गए। रात करीब 11 बजे के बाद बच्चों के रोने की आवाज सुनकर वह बहू के कमरे में गई तो वह नहीं थी। घर में रखे रुपये और आभूषण भी गायब थे।

महिला की सास ने बताया है कि पिछले वर्ष 23 मार्च को भी उसकी बहू अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। बाद में उसे कालीबाग से पकड़ कर घर लाया गया था। वह दोबारा अपने प्रेमी के साथ फरार हुई है।

दूसरी ओर, गौनाहा थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। मामले में किशोरी की मां ने गौनाहा थाना में रामनगर थाना क्षेत्र के चरगहवा पचरुखिया निवासी नीतीश कुमार पर शादी के नीयत से बहला फुसलाकर का अपहरण करने का आरोप लगाया है।

# ईडी कार्यालय पहुंची रांची पुलिस, राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज

## कार्यालय के बाहर बढ़ा दी गई सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के साथ कथित मारपीट की शिकायत की जांच के सिलसिले में गुरुवार सुबह रांची पुलिस की एक टीम यहां स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई दर्ज शिकायत के आधार पर की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक पूर्व कर्मचारी ने 12 जनवरी को रांची के एयरपोर्ट थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कथित जलापूर्ति घोटाले से जुड़े एक मामले में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की।

सूत्रों ने बताया कि जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ एयरपोर्ट थाना प्रभारी भी शामिल हैं। पुलिस टीम ईडी कार्यालय में मौजूद तथ्यों की जांच कर रही है। हालांकि, इस पूरे मामले पर रांची पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। गोपनीयता की शर्त पर रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मारपीट के आरोपों के मद्देनजर ईडी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जा सके।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में पश्चिम बंगाल पुलिस और ईडी अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। उस दौरान ईडी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर छापामारी की थी, जिसमें जबरन प्रवेश और दस्तावेज चोरी के आरोप लगे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ईडी कार्यालय के आसपास केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

इस बीच झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े भ्रष्टाचार मामलों के अहम साक्ष्यों से छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास हो सकता है।

मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय में हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामलों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद हैं।

गौरतलब है कि जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली स्थित अपने आवास पर की गई तलाशी को लेकर ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ रांची के एससी-एसटी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। एफआईआर के अनुसार, मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि ईडी की कार्रवाई उन्हें और उनके समुदाय को परेशान और बदनाम करने के उद्देश्य से की गई। मुख्यमंत्री ने इस पूरे प्रकरण में झारखंड उच्च न्यायालय में सीबीआई जांच की मांग भी की थी। ईडी अधिकारियों द्वारा एससी-एसटी अधिनियम के उल्लंघन के आरोपों से जुड़ा यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है।

# आरोपित के संग सांसद की फोटो वायरल

## तरह-तरह के लगाये जा रहे कयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्णिया जिले से सामने आई सामूहिक दुष्कर्म की वीभत्स घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मो. जुनैद सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन जुनैद की गिरफ्तारी के बाद जो खुलासे हो रहे हैं, उन्होंने इस मामले को राजनीतिक रंग दे दिया है।

घटना चार दिन पहले हुई थी, जब आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवती को सरेराह अगवा किया। अपराधियों ने उसे जबरन एक मोटर गैराज में ले जाकर पूरी रात सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को जबरन शराब पिलाई गई और उसे मानसिक और शारीरिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। इस घटना ने एक बार फिर बिहार में महिलाओं की सुरक्षा और अपराधियों के बेखौफ हौसलों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

मुख्य आरोपी मो. जुनैद इलाके का रसूखदार शख्सियत बताया जा रहा है। उसकी पत्नी वर्तमान में उप मुखिया हैं और जुनेद का सक्रिय राजनीति में गहरा हस्तक्षेप रहा है। गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हुई, जिसमें जुनैद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के साथ नजर आ रहा है। दोनों एक ही माला पहने हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे उनके करीबी रिश्ते का संकेत मिलता है। हालांकि, इस तस्वीर की सटीकता और समय की पुष्टि अभी नहीं हुई है।



विडंबना यह है कि घटना के तुरंत बाद रविवार को सांसद पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया था। उन्होंने कहा था कि बिहार में कानून का शासन खत्म हो गया है और बहन-बेटियां घर से निकलने में डर रही हैं। अब मुख्य आरोपी की उनके साथ तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें घेरा जा रहा है।

पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकताओं ने मांग की है कि राजनीतिक रसूख को किनारे रखकर मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी सजा दी जाए। यह मामला अब केवल एक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि रसूखदार अपराधियों और राजनीति के गठजोड़ की ओर भी इशारा करता है, जिसकी निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

# करंट से युवक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बालाटांर गांव में बिजली की करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जख्मी अवस्था में स्वजन गंभीर रूप से जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर ले गए।

अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम हाजीपुर नगर थाना पुलिस के स्वजन की ओर से दिए गए बयान के आधार पर हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर स्वजन घर आए और गुरुवार की सुबह ही ग्रामीणों के साथ शव को हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग पर ढेवा चौक के समीप जुट गए।

वहीं, मुख्य मार्ग पर टायर जलाकर आक्रोशित स्वजन एवं गांव के लोगों ने मार्ग को जाम कर आवागमन बाधित कर दिया।आक्रोशित लोग मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। वहीं, प्रशासन विरोधी नारे लगाए। जामस्थल पर डायल 112 की पुलिस टीम पहुंची। आक्रोशित स्वजन एवं गांव के लोगों ने पुलिस की टीम वापस कर दिया।

सड़क जाम होने की सूचना के बाद बिदुपुर थानाध्यक्ष रवि प्रकाश ने जामस्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम को खत्म कराया। सड़क जाम के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग पर यातायात को सामान्य कराया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि मौत का कारणों क्या है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही घटना का वास्तविक कारण का भी पता चल पाएगा।

इधर, सूत्रों के मुताबिक कुछ लोग छत से गिरने की बात भी दबी जुबान से बोल रहे थे। हालांकि, स्वजनों का कहना है कि बिजली का करंट लगने से उनकी मौत हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बौद्ध महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बोधगया में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय बौद्ध महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। यह अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव 22 जनवरी से शुरू होकर 24 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव में इस वर्ष सात देशों के कलाकार अपनी पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। इसमें जापान, लाओस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, वियतनाम ,थाईलैंड और भारत के कलाकार शामिल होंगे। महोत्सव का आयोजन बोधगया के ऐतिहासिक कालचक्र मैदान में किया जा रहा है, जहां मंच, पंडाल, लाइटिंग और साउंड सिस्टम का कार्य तेजी से चल रहा है। आयोजन को समय पर पूरा करने के लिए दो शिफ्टों में लगातार काम किया जा रहा है। प्रशासन और आयोजन समिति पूरे कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने में जुटी हुई है। इस बौद्ध महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भगवान बुद्ध की शिक्षाओं, शांति, अहिंसा और करुणा के संदेश को विश्वभर तक पहुंचाना है। साथ ही विभिन्न देशों की बौद्ध संस्कृति, परंपरा और लोककलाओं को एक मंच पर प्रस्तुत करना भी इसका प्रमुख आकर्षण है।

हर देश के कलाकार अपने-अपने देश की पारंपरिक नृत्य एवं संगीत शैली के माध्यम से बौद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगे। इससे दर्शकों को एशियाई देशों की सांस्कृतिक विविधता को नजदीक से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। महोत्सव के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु, पर्यटक और संस्कृति प्रेमी बोधगया पहुंचने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों और पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों में भी महोत्सव को लेकर खासा उत्साह है। माना जा रहा है कि यह आयोजन न सिर्फ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा, बल्कि बोधगया के पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव की भव्य आयोजन की निगरानी स्वयं जिलाधिकारी शशांक शुभंकर कर रहे हैं। वे अब तक कई बार कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं और संबंधित अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दे चुके हैं। महोत्सव के पहले दिन मशहूर भारतीय गायक जावेद अली, दूसरे दिन रूप कुमार, जबकि तीसरे और अंतिम दिन भूमि त्रिवेदी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस महोत्सव को और भव्य बनाने के लिए छह अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध देशों से कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जापान से 6 कलाकार, लाओस और इंडोनेशिया से कुल 15, श्रीलंका से 15, वियतनाम से 10 और थाईलैंड से 15 कलाकार इस महोत्सव में शामिल होंगे। ये कलाकार अपने-अपने देशों की पारंपरिक बौद्ध नृत्य और संगीत की प्रस्तुति देंगे, जिससे बोधगया की धरती पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक रंग देखने को मिलेगा। बोधगया में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। महोत्सव के दौरान देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# 1569 अपात्र कार्डधारियों को मिला नोटिस

## प्रशासन की कार्रवाई से लोगों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा प्रखंड में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपात्र होकर भी जन वितरण प्रणाली से राशन उठा रहे लाभार्थियों पर अब कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। ऐसे 1569 संदिग्ध राशन कार्डधारियों को विकास मित्रों के माध्यम से घर-घर नोटिस भेजा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि बिहार राज्य खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चयनित पीएचएच एवं अंत्योदय योजना के लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है।

जांच के दौरान कई राशन कार्डधारियों की पात्रता संदिग्ध पाई गई है। नोटिस में उल्लेख है कि संबंधित लाभार्थियों की पहचान ऐसे परिवारों के रूप में की गई है, जिनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक है, जिनके पास मोटर चलित तीन या चार पहिया वाहन है, प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि है अथवा जो निजी कंपनी के निदेशक के रूप में पंजीकृत हैं।

इसके बावजूद उनके द्वारा अनुदानित राशन का लगातार उठाव किया जा रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिन राशन कार्डधारियों को नोटिस पर आपत्ति है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुमंडल पदाधिकारी, हिलसा के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं। यदि तय अवधि में कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि संबंधित लाभार्थी पात्र नहीं हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर सूखा राशन का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** नगर प्रखंड अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों के बीच सूखा राशन सुखा राशन का वितरण किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीडीपीओ निभा कुमारी के नेतृत्व में महिला पर्यवेक्षिकाओं ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण टीम में महिला पर्यवेक्षिका सोनम कुमारी, प्रीति झा, रंजना कुमारी एवं रेनू सिन्हा शामिल रहीं। अधिकारियों ने केंद्रों पर उपस्थित सेविका-सहायिका से वितरण की प्रक्रिया, लाभार्थियों की उपस्थिति, रजिस्टर संधारण, स्टॉक पंजी, स्वच्छता एवं पोषण सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली सीडीपीओ निभा कुमारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि सभी पात्र गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को नियमानुसार समय पर सूखा राशन उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने, लाभार्थियों की सूची अद्यतन रखने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही केंद्र परिसर की साफ-सफाई, पोषण दिवस का



नियमित आयोजन एवं अभिलेखों के सही संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए महिला पर्यवेक्षिकाओं ने सेविका-सहायिकाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, बच्चों के वजन एवं स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने तथा टीकाकरण एवं पोषण जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की हिदायत दी निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लाभार्थियों से भी संवाद कर वितरण व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया और संतोष जताया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी नियमित रूप से निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाया जाएगा।

# गोली लगने से सफाई कर्मी घायल

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हथसारगंज ओपी के बाबू टोला हथसारगंज में पतंग उड़ाने को लेकर बच्चे बच्चे के विवाद में हुई गोलीबारी में गोली लगने से नगर परिषद का सफाई कर्मी घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से परिवार वालों ने घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल युवक महुआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सिंघाड़ा निवासी शंकर राम के पुत्र दिलीप राम बताया गया। वह बाबू टोला में किराए के मकान में रहता है। नगर परिषद वार्ड संख्या एक में सफाई कर्मी है। एक गोली दाहिने जांघ पर मारी गई है। घटना की सूचना हथसारगंज ओपी एवं नगर थाने की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल से तीन आरोपी घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल दो खोखा एक गोली बरामद कर लिया। वहीं नगर थाना के अपर थाना अध्यक्ष सदर अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

# वस्तानिया की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार स्टेट मदरसा एजूकेशन बोर्ड पटना के तहत वस्तानियां (समकक्ष अष्टम वर्ग) की बोर्ड परीक्षा (एवुलेशन) जिले भर के सभी सरकारी मदरसों में कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण रूप संपन्न हो गई है। इस बाबत मदरसा गैयारी के हेड मौलवी मौलाना मुसव्वीर साहब ने बताया कि हमारे यहां कुल 270 परीक्षार्थी शामिल हुए, जहां मदरसा हाजा के सभी विक्षक परीक्षा को लेकर काफी सक्रिय दिखाई दिए।

इसी तरह अररिया प्रखंड अंतर्गत मदरसा आलिया मिफ्ताहुल उलूम बुधेश्वरी रामपुर में भी वस्तानिया परीक्षा शांतपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हो गई । मदरसा आलिया मिफ्ताहुल उलूम बुधेश्वरी रामपुर के हेड मौलवी मौलाना अकबर सादिक साहब ने बताया कि हमारे मदरसा में कुल 160 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दिए। यहां भी शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हो गई । इसी तरह मदरसा इस्लामिया बोची के हेड मौलवी मो गालिब हुसैन ने बताया कि हमारे यहां के मदरसा में कुल 391 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हो कर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दिए। वहीं मदरसा मिन्हाजुल अरबिया के हेड मास्टर मो खालिद इकबाल ने बताया कि कुल 42 बच्चों ने परीक्षा में शामिल होकर शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा दिए । शिक्षकों सह विक्षकों में यथा मो राशिद इकबाल, तरन्नुम नाज, फरहा नाज, रूमा नाज, बीबी खुशबू आदि कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में सक्रिय रहे । मदरसा लिलबनात आजाद नगर अररिया,मदरसा डोरिया में भी शांतिपूर्ण माहौल में भी परीक्षा संपन्न हो गई। कुल मिलाकर जिले के सभी सरकारी मदरसों में परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई । वहीं मदरसा के हेड मौलवी मौलाना मुसव्वीर ने बताया कि गुरुवार को वास्तानिया की परीक्षा का अंतिम दिन था।

CMYK

# राष्ट्रीय चेतना के प्रेरक स्तंभ थे बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में गुरूवार को बिहार विद्यापीठ के संस्थापक सदस्य और स्वतंत्रता सेनानी बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विद्वानों तथा गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम में बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वे बिहार निर्माता होने के साथ राष्ट्रीय चेतना के प्रेरक स्तंभ थे। उन्होंने उनके विचारों और संघर्ष को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव राणा अवधेश, निदेशक आर. बी. एन. सिन्हा, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, जेपी संस्था के अध्यक्ष एम. पी. सिन्हा तथा महाविद्यालय की प्राचार्या पूनम वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण में उनके बहुआयामी योगदान पर प्रकाश डाला। राणा अवधेश ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया जबकि अवधेश के नारायण ने उनके सादे, सरल और प्रभावी व्यक्तित्व पर चर्चा की। एम. पी. सिन्हा ने अपने वक्तव्य में जेपी और बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद के जीवन से जुड़े कई अल्पज्ञात पहलुओं को सामने रखते हुए ऐतिहासिक स्थलों को पुनर्जीवित कर राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की आवश्यकता बताई। शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय की निदेशक मृदुला प्रकाश ने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए महिला चरखा समिति से अपने जुड़ाव को गौरवपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद की भूमिका पर आधारित एक वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों का स्वागत पूनम वर्मा ने किया। मंच संचालन चंद्रकांत आर्य ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में प्रतिमा कुमारी, रिंपल कुमारी, कमलेश कुमार, चंद्रकांत आर्य और कुमारी प्रेरणा की सक्रिय भूमिका रही।

## राष्ट्रमंडल सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार और उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन समारोह में भारत सहित राष्ट्रमंडल देशों के विधानमंडलों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रमंडल देशों के बीच संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना, आपसी संवाद को बढ़ावा देना और विधायी प्रक्रियाओं में सहयोग को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय आचरण, विधायी अनुभवों के आदान-प्रदान और समकालीन चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में भारत की समृद्ध संसदीय परंपराओं और मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे को रेखांकित किया गया। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवाद, सहमति और सहयोग आवश्यक है। विभिन्न सत्रों के माध्यम से राष्ट्रमंडल देशों के बीच साझा मुद्दों, विधायी नवाचारों और संसदीय संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की इस सम्मेलन में सहभागिता से राज्य की विधायी संस्थाओं की सक्रिय भूमिका और अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंचों पर सहभागिता को बल मिला है। इससे बिहार विधानसभा के अनुभवों को साझा करने और अन्य देशों की संसदीय प्रक्रियाओं से सीखने का अवसर भी प्राप्त होगा। सम्मेलन के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को प्राथमिकता देना आवश्यक है। आगामी सत्रों में इन विषयों पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।

## स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बड़े बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में मुख्यमंत्री के सात निश्चय-3 (2025 -2030) के विजन के तहत प्रथम चरण में राज्य के 11 जिला अस्पतालों और 180 प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसूति शल्य कक्षों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित कर क्रियाशील किया जाएगा। श्री पांडेय ने बताया कि प्रथम चरण में 11 जिला अस्पतालों का चयन किया गया है जिसमें बेगूसराय, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, सीवान, सीतामढ़ी, वैशाली, अररिया, बांका, मुजफ्फरपुर, नालंदा और सहरसा शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य के सभी जिलों के कुल 180 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी चिन्हित किया गया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को उनके घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) के अनुरूप 36 प्रकार के आधुनिक और हाई-टेक चिकित्सीय उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में सभी सिविल सर्जनों को चिन्हित केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और कमी का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री पांडेय ने कहा कि इन केंद्रों को विशिष्ट बनाने के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा प्रणालियों को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन केंद्रों पर एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन और डिफिब्रिलेटर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से की जाएगी। ताकि आपातकालीन स्थिति का बेहतर प्रबंधन हो सके। इस पहल से न केवल बड़े अस्पतालों पर भार कम होगा, बल्कि राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में एक ऐतिहासिक और दीर्घकालिक सुधार भी देखने को मिलेगा।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया झाझा-मोकामा-पटना रेलखंड का निरीक्षण

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित लखीसराय स्टेशन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा फतुहा-दनियावां-बिहारशरीफ-बरबीघा-शेखपुरा-लक्खीसराय-झाझा रेलखंड तथा वापसी में झाझा-मोकामा-पटना रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव एवं संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित लक्खीसराय जंक्शन का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त है। इसके उपरांत महाप्रबंधक लक्खीसराय से झाझा पहुंचे जहां उन्होंने झाझा स्थित रनिंग रूम एवं रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे कॉलोनी स्थित आवासों का गहन जायजा लिया तथा कॉलोनीवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनके समस्याओं के निदान हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने झाझा स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण कर रनिंग कर्मचारियों के लिए उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार तथा मुख्यालय, निर्माण विभाग एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बौद्ध महोत्सव के दौरान कालचक्र मैदान में 24 घंटे चलेगा स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** कालचक्र मैदान में 21 से 24 जनवरी तक आयोजित होनेवाले बौद्ध महोत्सव को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने 10 बजे से रात 10 बजे तक दो शिफ्टों में डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बज`से कार्यक्रम समाप्ति तक चलेगी। शिविर में एक डॉक्टर के साथ पैरामेडिकल स्टाफ, आवश्यक एवं आपातकालीन दवाएं व प्राथमिक उपचार किट तथा ऑक्सीजन सेटअप की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कालचक्र मैदान में 24 घंटे एम्बुलेंस तैनात रहेगी। ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके। सीएचसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क रहेगा। ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## होटल मौर्या के बॉलीवुड ट्रीट्स में हुई सिजलर फेस्टिवल 2026 की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हर मौसम में अपने अलग-अलग फूड फेस्टिवलों से ग्राहकों को स्वाद का मजा देने के बाद अब होटल मौर्या का बॉलीवुड ट्रीट्स रेस्टोरेंट सिजलर फेस्टिवल 2026 के साथ हाजिर हो रहा है। गांधी मैदान स्थित बॉलीवुड ट्रीट्स में 16 जनवरी से सिजलर फेस्टिवल 2026 की शुरुआत की जा रही है जो 26 जनवरी, 2026 तक चलेगी। उक्त बात की जानकारी गुरुवार को होटल मौर्या के जनरल मैनेजर अपूर्व गौर ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल के दौरान हमारे ग्राहक विभिन्न प्रकार के लजीज सिजलर व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। इस फेस्टिवल का आयोजन पटनावासियों के इच्छाओं व सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। इस फेस्टिवल के दौरान वीकेंड पर ग्राहक लाइव म्यूजिक का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं अपने संबोधन में होटल मौर्या के एफ एन बी मैनेजर निशीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सिजलर लवर्स के लिए ये फेस्टिवल बहुत ही खास होगा क्योंकि इसमें वेज और नॉन-वेज दोनों ही आइटम्स को शामिल किया गया है। इस फेस्टिवल का आयोजन बॉलीवुड ट्रीट्स में दोपहर 1 बजे से लेकर रात 11 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि होटल द्वारा आयोजित यह फेस्टिवल ग्राहकों को बेहद पसंद आएगा। मीडिया को संबोधित करते हुए होटल के रेस्टोरेंट मैनेजर नागेश कुमार ने कहा कि ग्राहक हमारे होटल के बेहतर साज-सज्जा और मनमोहक वातावरण के बीच अपने परिवार संग बेहतरीन खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। यह होटल ग्राहकों को इस फेस्टिवल बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार शेफ दिलीप ने बताया कि इस फेस्टिवल में सिजलर फूड की ढेर सारी भेराईटिज रखी गयी है जिसमें तंदूरी सिजलर, पनीर टिक्का, चिकन टिक्का, मेक्सिकन सिजलर, कॉर्न पेटी, चिकन स्ट्रिप्स, एशियन सिजलर, ग्रिल्ड प्रॉन सहित अन्य सिजलर फूड एवं ड्रिंक्स एंड डेजर्ट शामिल है।

## होली पर दिल्ली समेत कई शहरों से बिहार के लिए चलेंगी 200 स्पेशल बस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होली के अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे बिहार के लोगों को घर आने और वापस जाने की सुविधा देने के लिए 200 स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम 200 होली स्पेशल बसों का संचालन करेगा। इन्हें 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच एक महीने चलाया जाएगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, पश्चिम बंगाल, झारखंड समेत अन्य राज्यों में रह रहे प्रवासी बिहारियों को त्योहार पर घर आने-जाने में सुविधा होगी। यात्री एडवांस में इसका टिकट बुक कर सकते हैं। ऑनलाइन टिकट बुकिंग 1 फरवरी 2026 से शुरू होगी। बीएसआरटीसी का दावा है कि लोगों को इन बसों में सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा की सुविधा मिलेगी। इनमें एसी डीलक्स और नॉन-एसी डीलक्स श्रेणी की बसें शामिल की गई हैं जिनमें 50-60 सीटों की क्षमता होगी। यात्रियों को सुविधा देने के लिए राज्य सरकार इन बसों पर विशेष छूट भी देगी। बिहार सरकार द्वारा इन बसों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर चलाया जाएगा। इनमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, पश्चिम बंगाल और झारखंड से बिहार के लिए प्रमुख रूटों पर संचालित किया जाएगा।

## जैन धर्मावलंबियों ने मनाया भगवान शीतलनाथ का जन्म व तप कल्याणक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में पूरे श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों सहित सभी जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आगमन प्रारंभ हो गया। विधि-विधान से भगवान का अभिषेक, तत्पश्चात शांतिधारा, अर्घ्य समर्पण, आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर भक्ति, मंत्रोच्चार एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। इस अवसर पर भगवान शीतलनाथ के जीवन से प्रेरणा लेते हुए श्रद्धालुओं को अहिंसा, सत्य, संयम एवं तप के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान शीतलनाथ का जन्म बिहार के गया जिले स्थित बद्धिलपुर में हुआ था। वहां स्थापित भगवान की लगभग सात फुट ऊंची पद्मासन प्रतिमा पर सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा शांतिधारा, पूजन एवं आरती की गई तथा विशेष पूजन-पाठ का आयोजन किया गया।

## स्वयंसेवक युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में कटिहार के लिए चयनित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत की ओर से 17 से 21 जनवरी तक कटिहार में आयोजित युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक का चयन हुआ है। स्वयंसेवक सपना सिंह ने बताया कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी है। इससे हम युवाओं को एक्सपोजर विजिट का अवसर मिलता है। पांच दिनों तक युवा आपस में विमर्श करेंगे साथ ही श्रम संस्कार, योगा, वौद्धिक सत्र, भाषा ज्ञान, संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे तथा एक दूसरे के रहन-सहन, खान पान से अवगत होंगे। वही फाउंडेशन के संयोजक शिशुपाल कुमार ने कहा कि भारत विश्व का युवा देश है युवा ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना साकार करेगा। देश के नौजवान नशा मुक्त होकर भारत को मजबूत बनाने में जुट जायें।

## आइसीआइसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पेश किया प्रू वेल्थ फॉरएवर-विरासती योजना बनाने के लिए आसान उत्पाद

### 3 पॉलिसी वर्ष के बाद नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा करता है प्रदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक आसान और कर मुक्त लाभ प्रदान करने वाला विरासती योजना (लिगेसी प्लानिंग) से जुड़ा समाधान प्रदान करने वाला उत्पाद- आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर लॉन्च किया है। यह उत्पाद, उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो अपने प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं। लाइफ कवर की राशि हर महीने तब तक बढ़ती रहती है जब तक ग्राहक 99 साल की उम्र तक नहीं हो जाते। ग्राहक की दुर्भाग्य से मृत्यु हो जाने पर, पूरी लाइफ कवर राशि, कर-मुक्त लाभ के रूप में लाभार्थियों को दी जाती है। आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर को विशेष रूप से ग्राहकों को आसान और समग्र विरासती योजना से जुड़े समाधान के तौर पर तैयार किया गया है। यदि ग्राहक पॉलिसी अवधि तक जीवित रहता है तो भुगतान की गई पूरी प्रीमियम राशि वापस कर दी जाती है। उदाहरण के लिए एक 55 वर्षीय व्यवसायी, जो इस उत्पाद में सात साल के लिए सालाना 30 लाख रुपए का निवेश करता है, उसका लाइफ कवर 1.5 करोड़ रुपए से शुरू होता है जो कि बढ़ता रहता है। पॉलिसीधारक की 85 साल की उम्र में मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति को कर-मुक्त लाभ के रूप में 10 करोड़ रुपए मिलेंगे जिससे उस व्यवसायी की विरासत को बनाए रखने में मदद मिलेगी और परिवार को भी वित्तीय निरंतरता मिलती रहेगी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा देश में बढ़ती आय और जीवन प्रत्याशा के बीच लोग अब विरासती योजना के महत्व को समझने लगे हैं।

## आग लगने से चार फुटपाथी दुकानें जली, हजारों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरीचट्टी बाजार में आग लगने से चार फुटपाथी दुकानें जल गई। इसमें हजारों का नुकसान हुआ है। इन दुकानों में असामाजिक लोगों द्वारा आग लगाए जाने की बात बताई गई है। यह घटना बुधवार की रात करीब डेढ़ की है। बताया गया कि आधी रात के बाद सड़क किनारे स्थित इनकी दुकानों से आग की लपटें तेज उठने लगी तो आसपास के ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी। इसके बाद हल्ला होने पर ग्रामीण और दुकानदार वहां पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। उनके अथक प्रयास से आग बुझ पाया जिस कारण अगल-बगल की दुकानें आग के चपेट में आने से बच गई।

## मकर संक्रांति पर प्रभु आहार फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन ने रेनबो होम में बच्चों को कराया भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा निरंतर जरूरतमंदों की सेवा का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आज रेनबो होम, कुम्हरार, पटना में निवासरत छोटे बच्चों के बीच विशेष रूप से तैयार किया गया दोपहर का भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को मकर संक्रांति के पारंपरिक भोजन के रूप में चूड़ा, भूरा, दही, तिलकुट एवं सब्जी परोसी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया जिससे वातावरण में उल्लास और अपनत्व का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष धर्मराज केशरी ने कहा कि मेरा मानना है कि यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति अपनी खुशियों का एक हिस्सा जरूरतमंदों तक पहुंचाए तो समाज और अधिक सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय बन सकता है। इस सेवा कार्य में राकेश कुमार, मुकेश जैन, एम.पी. जैन, डॉ. गीता जैन, धर्मराज केशरी, राकेश पाराशर, दुर्गा राय एवं आदित्य राज की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रभु आहार फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन ने भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरेगी पांच नई अमृत भारत एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से होकर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 5 नई अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा-आनंद विहार-हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 03065 संतरागाछी-आनंद विहार अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह उद्घाटन स्पेशल संतरागाछी से 14.45 बजे खुलकर दुर्गापुर-आसनसोल के रास्ते 20.55 बजे धनबाद, 21.18 बजे नेसुब गोमो, 21.33 बजे पारसनाथ, 22.25 बजे कोडरमा, 23.50 बजे गया तथा 19.01.2026 को 00.38 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 00.51 बजे डिहरी ऑन सोन, 01.10 बजे सासाराम, 01.35 बजे भभुआ रोड, 02.50 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 21.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। गाड़ी सं. 22587/22588 सियालदह-बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 03141 संतरागाछी-बनासर अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह उद्घाटन स्पेशल संतरागाछी से 14.45 बजे खुलकर 16.34 बजे दुर्गापुर, 16.57 बजे आसनसोल, 17.50 बजे मधुपुर, 18.11 बजे जसीडीह, 21.58 बजे पटना तथा अगले दिन 01.25 बजे डीडीयू स्टेशनों पर रूकते हुए 03.15 बजे बनारस पहुंचेगी। गाड़ी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस- इस ट्रेन का 17.01.2026 को गाड़ी सं. 01032 सिलीगुड़ी-पनवेल अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह उद्घाटन स्पेशल सिलीगुड़ी से 13.45 बजे खुलकर 18.45 बजे कटिहार, 19.40 बजे नौगछिया, 20.40 बजे मानसी, 21.00 बजे खगड़िया, 21.55 बजे हसनपुर रोड, 23.15 बजे समस्तीपुर, दूसरे दिन 00.30 बजे मुजफ्फरपुर, 01.25 बजे हाजीपुर, 01.45 बजे सोनपुर, 02.30 बजे पाटलिपुत्र, 03.00 बजे दानापुर, 03.35 बजे आरा, 04.25 बजे बक्सर एवं 06.40 बजे डीडीयू स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 11.30 बजे पनवेल पहुंचेगी। गाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 05949 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। गाड़ी सं. 15671/15672 कामाख्या-रोहतक-कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस - इस ट्रेन का 18.01.2026 को गाड़ी सं. 05671 कामाख्या-रोहतक अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल के रूप में परिचालन प्रारंभ किया जाएगा।

## संपादकीय

# क्या भारतीय रेल में सचमुच बेहतर हो रहा है सफर?

भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जाते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है।गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-2× की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और इस कार्य के लिए साजो-सामन की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 1×,406 और नवंबर में 1×,196 हो गईं। इसी तरह डिब्बों की स्व'छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर ××,804 और नवंबर में ×6,67× हो गईं।

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व को एक होना पड़ेगा

उमेश चतुर्वेदी

**1995 में एक फिल्म आई थी, गैंबलर। गोविंदा-शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म का एक गाना उन दिनों बेहद मशहूर हुआ था, 'मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जी' निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने ये गाना नहीं सुना होगा, लेकिन उन्होंने हाल ही में न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जो कहा है, उसका भावार्थ कुछ यही निकलता है। उन्होंने कहा है, 'सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीं वे चीज़ें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी ज़रूरत।'**

तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। लेकिन सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी ही रही है। अमेरिका की सत्ता में दो ही पार्टियों का वर्चस्व है। चाहे रिपब्लिकन पार्टी हो या फिर डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के राष्ट्रपतियों की कार्यशैली कम से कम विदेश मामलों में एक जैसी ही रही है। ट्रंप खुलकर 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति और नीयत का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति ऐसा कहने से बचते रहे हैं। हां, उनके भी कदम हमेशा ऐसा ही रहे हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है। हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई।

कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके



बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। वैसे लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो धुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी अगुआई में ज्यादातर नाटो देश सक्रिय थे। अफगानिस्तान में जब पिछली सदी के अस्सी के दशक में सोवियत सेनाएं घुसीं, तब सोवियत संघ को काबू करने के लिए अमेरिकी सरकार ने पाकिस्तान का उपयोग किया और एक तरह से पाकिस्तान को अपना अघोषित उपनिवेश बना लिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है। साल 2010 के दिसंबर में ट्यूनिशिया में शुरू हुई पिंक क्रांति, जिसे अरब क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, की बुनियाद पर अरब देशों में कार्रवाई करने और तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग को देखा जाता है। अमेरिकी एजेंसियों की ही शह पर लीबिया से गद्दाफी की विदाई हुई, सीरिया अब भी जल रहा है। निश्चित तौर पर अमेरिकी प्रतिकार में शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष काम करता था, अब दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति बन चुका चीन कर रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के जिन मादुरो की सत्ता को अमेरिकी सेनाओं ने पलट दिया, उन्हें चीन का खुला समर्थन मिल रहा था। शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ और उसकी सेना ऐसे हालात में अमेरिकी सेनाओं का परोक्ष विरोध करती थी, वैसा चीन नहीं कर पाया।

कह सकते हैं कि अमेरिका में हर सत्ता ने वैश्विक ताकत क्रम में खुद को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए अपने हिसाब से दादागिरी दिखाई है। कभी यह दादागिरी अमेरिकी हितों के नाम पर हुई तो कभी दुनिया में लोकतंत्र की स्थापना के नाम पर। कहने के लिए अमेरिका लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ बनता है, लेकिन अमेरिकी हितों, कारोबारियों और हथियार लॉबी के हित में अक्सर वह गैर लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई करता है। दुनिया का आधुनिक इतिहास इससे भरा पड़ा है। वेनेजुएला इसका ताजा उदाहरण है। ट्रंप जिन अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपने हिसाब से मानने या न मानने की बात कर रहे हैं, दरअसल उन्हें बनाने और संशोधित करने में सबसे ज्यादा योगदान अमेरिका का ही रहा है। विश्व में जब भी कहीं वेनेजुएला जैसी घटना होती है, तब जिनेवा समझौते और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का बहुत जिक्र होता है। दरअसल उन्नीसवीं सदी के मध्य तक दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए युद्धबंदियों और सैनिकों और युद्धग्रस्त देशों के लोगों को लेकर शत्रु देशों की ओर से की जाने वाली अमानवीय कार्रवाई को रोकने के लिए ना तो कोई कानून था और इसे लेकर कोई प्रयास हुआ था। साल 1864 में पहली बार युद्ध के वक्त घायलों की मदद युद्धरत देशों के बीच बातचीत के लिए रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट ने कोशिश की। यही कोशिश पहले जेनेवा समझौते के रूप में सामने आई। इस दौरान युद्धरत देशों, उनके नागरिकों, सैनिकों आदि के मानवीय अधिकारों की रक्षा करने को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं। इसके तहत कुछ अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की परिकल्पना की गई और युद्ध के प्रभाव को सीमित करने और युद्धबंदियों के अधिकारों के संरक्षण की कोशिश शुरू हुई। जेनेवा में आखिरी समझौता 1949 में हुआ। जिनेवा कन्वेंशन का मकसद युद्ध के वक्त मानवीय मूल्यों को बनाए रखने के लिये कानून तैयार करना है। 1949 के समझौते में शामिल दो प्रोटोकॉल 1977 में जोड़े गए। आज तकरीबन पूरी दुनिया ने इस पर हस्ताक्षर किया है। इस लिहाज से जेनेवा समझौते को सभी देश मानते हैं। जेनेवा समझौते के अनुसार हर देश की अपनी संप्रभुता है और उसकी रक्षा ना सिर्फ युद्ध बल्कि शांति काल में भी होती है। यानी उसके नियम और कानून युद्ध, शांति और संकट काल, हर वक्त लागू होते हैं। इस संदर्भ में देखें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां तो उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे।

अमेरिकी दादागिरी के इतिहास में ट्रंप का यह बयान दुनिया की सोच से आगे है। चीन, ब्राजील और भारत के खिलाफ वे टैरिफ युद्ध चला ही रहे हैं, रूस से तेल खरीदने के आरोप की आड़ में वे तीनों देशों पर अब 25 प्रतिशत की बजाय पांच सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप की जैसी फितरत है, उसकी वजह से उनसे कोई सकारात्मक उम्मीद रखना बेमानी ही है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकवाने को लेकर उनका कल्पित दावा हो या फिर ग्रीनलैंड, कोलंबिया, ईरान, मैक्सिको और क्यूबा को लेकर दी गई धमकी, सभी अमेरिकी दादागिरी का ही उदाहरण हैं। माना जा रहा है कि वे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकते हैं। ट्रंप पहले ही कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कर चुके हैं और इस तरह अपने पड़ोसियों और यूरोप के अपने पारंपरिक सहयोगियो को ना सिर्फ आशंकित, बल्कि नाराज भी कर चुके हैं।

अमेरिकी दादागिरी पूरी दुनिया देखती और समझती रही है। लेकिन एक साथ इतने मोर्चे खोल देने की ट्रंप की नीति के खिलाफ अमेरिका में ही आवाजें उठने लगी हैं। पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का कहना कि वेनेजुएला में की गई कार्रवाई की जरूरत नहीं थी और इससे अमेरिका को लेकर संघर्ष बढ़ेगा, एक तरह से अमेरिका की बढ़ती चुनौतियों का ही संकेत देता है। ट्रंप की मनमानी नहीं रूकी, अमेरिकी दादागिरी का ऐसा ही दौर उन्होंने जारी रखा तो आने वाले दिन दुनिया के लिए भले ही चुनौतीपूर्ण होंगे,अमेरिका भी कई तरह की चुनौतियों और वैश्विक प्रतिरोध को झेलने के लिए अभिशप्त हो जाएगा। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी।

## घोषणा-पत्र: लोकतंत्र का सशक्त हथियार या चुनावी छलावा?

(ललित गर्ग)

लोकतंत्र में घोषणा पत्र की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह मतदाताओं के लिए जानकारी और निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है।

बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों ही गठबंधनों ने बढ़-चढ़कर लोकलुभावनी और जनता को आकर्षित या गुमराह करने वाली घोषणाओं से जुड़े चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं। इन घोषणा पत्रों में जिस तरह की घोषणाएं की गई हैं, वे निश्चित रूप से अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। यह प्रश्न अब गंभीर हो गया है कि क्या घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ यानी चुनाव का सबसे सशक्त हथियार बन चुके हैं या चुनावी छलावा? निश्चित ही यह जनता को रिझाने और प्रभावित करने का प्रमुख माध्यम बन गया है, परंतु सत्ता में आने के बाद कितने राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्रों का अक्षरशः पालन किया है, यह बड़ा सवाल है। वास्तव में घोषणा पत्र किसी दल का दृष्टिपत्र होता है, जो उसके विचारों, उद्देश्यों और संकल्पों का सार्वजनिक दस्तावेज है। यह बताता है कि दल सत्ता में आने के बाद रा'य या देश की दिशा कैसी तय करना चाहता है, किन मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहता है और विकास की कौन सी राह पर चलना चाहता है। घोषणा पत्रों में किए गए वादों को लेकर परस्पर विरोधी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तो छिड़ता है, लेकिन उन्हें लेकर वैसी सार्थक बहस नहीं हो पाती, जैसी विकसित देशों में होती है और जिसके आधार पर वहां स्वस्थ जनमत तैयार करने में मदद मिलती है। हैरानी नहीं कि अपने यहां चुनावी घोषणा पत्र अपनी महत्ता खोते जा रहे हैं।

निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है। यह राजनीतिक दलों की जनता के प्रति सार्वजनिक प्रतिज्ञा होती है, एक तरह की जवाबदेही का प्रतीक। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय लोकतंत्र में यह जवाबदेही सिर्फ कागजों पर ही रह गई है। अधिकांश दल चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्रों को भूल जाते हैं। मतदाता भी अपने वोट के बदले वादों की पूर्ति का हिसाब नहीं मांगते। परिणामस्वरूप घोषणा पत्र एक औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बनकर रह गए हैं। इतिहास पर नजर डालें तो अधिकांश घोषणाओं का पालन आधा-अधूरा ही हुआ है। राजस्थान में पिछली सरकार ने अपने घोषणा पत्र के लगभग 64 प्रतिशत वादे पूरे किए, जबकि कर्नाटक में सिर्फ तीन प्रतिशत वादे ही पूरे हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि घोषणा पत्र को गंभीरता से न तो दल लेते हैं, न जनता। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से सवाल करे और जवाब मांगे।

घोषणा पत्रों की एक बड़ी समस्या यह है कि उनमें की गई घोषणाएं वित्तीय दृष्टि से असंभव होती हैं। जनता को खुश करने के लिए ऐसे वादे किए जाते हैं जिनके लिए न तो संसाधन हैं, न कोई ठोस योजना। कोई कानूनी प्रावधान भी नहीं है कि दल अपने वादे पूरे न करने पर जवाबदेह बने। यही कारण है कि चुनाव के बाद घोषणाएं भुला दी जाती हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में देखें तो एनडीए और महागठबंधन दोनों ने अत्यधिक आकर्षक और लोकलुभावन वादों से भरे घोषणा पत्र जारी किए हैं। एनडीए ने अपने 'संकल्प पत्र' में एक करोड़ नौकरियों का वादा किया है, महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता, हर जिले में कौशल केंद्र, किसानों के लिए नौ हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि और सात नए एक्सप्रेस-मार्गों के निर्माण की बात कही है। वहीं महागठबंधन ने अपने 'तेजस्वी प्रण' में प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता, प'चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी और मंडियों की बहाली जैसे बड़े वादे किए हैं। दोनों घोषणाओं में एक बात समान है।

# हर रिश्ता निभाते-निभाते क्या हम खुद को ही खो रहे हैं? परफेक्ट दिखने की होड़ में अधूरी रह जाती भावनाएं

संध्या अग्रवाल

हम जब किसी रिश्ते में प्रवेश करते हैं, तो अक्सर यह सोचकर नहीं आते कि हम क्या महसूस करते हैं, बल्कि यह सोचकर आते हैं कि हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए। धीरे-धीरे रिश्ते भावनाओं का नहीं, अपेक्षाओं का मंच बन जाते हैं। हम यह मान लेते हैं कि अच्छे रिश्ते वही हैं, जहां कोई शिकायत न हो, कोई असहमति न हो और कोई थकान दिखाई न दे। यहीं से शुरू होती है 'परिपूर्ण बनने' या संपूर्णता की मांग की अदृश्य दौड़। हम हर भूमिका में खुद को ढालने लगते है- बेटी, पत्नी, मां, मित्र, सहकर्मी। और इस ढलने की प्रक्रिया में हम यह भूल जाते हैं कि हम भी एक इंसान हैं, जिसकी अपनी सीमाएं, अपनी जरूरतें और अपनी भावनाएं हैं।

संपूर्ण बनने की यह मानसिकता अचानक विकसित नहीं होती। इसका बीज बचपन में ही बो दिया जाता है, जब हमें सिखाया जाता है कि अच्छे बच्चे कैसे होते हैं। जो बच्चे ज्यादा सवाल न करें, जो बड़ों की हर बात मान लें और जो अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखना सीख लें।

लड़कियों के लिए यह सीख और भी सख्त होती है। उन्हें बताया जाता है कि ज्यादा बोलना अच्छा नहीं, अपनी बात मन में रखना ही समझदारी है और रिश्ते निभाने के लिए खुद को पीछे रखना पड़ता है। यही बातें आगे चलकर उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती हैं।

हर रिश्ता थोड़ा-बहुत समझौता मांगता है, इसमें कोई संदेह नहीं, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब समझौता आदत बन जाए और अपनी बात रखना स्वार्थ समझा जाने लगे। कई लोग अपनी नाराजगी, थकान और असंतोष को भीतर ही दबाए रखते हैं, ताकि सामने वाला असहज न हो। धीरे-धीरे यह चुप्पी रिश्ते की भाषा बन जाती है। बाहर से सब ठीक दिखता है, लेकिन भीतर एक खालीपन जन्म लेने लगता है। व्यक्ति महसूस करता है कि वह हर रिश्ते में मौजूद है, लेकिन अपनी ही जिंदगी में अनुपस्थित है।

आज के समय में सोशल मीडिया ने परिपूर्णता या संपूर्णता की कसौटी वाले रिश्तों की एक झूठी तस्वीर हमारे सामने रख दी है। हर तरफ मुस्कुराते चेहरे, आदर्श जोड़े और खुशहाल परिवार दिखाई देते हैं। इन तस्वीरों के पीछे की थकान, मतभेद और चुप्पी कभी दिखाई नहीं देतीं। इन सबको देखकर हम अपने वास्तविक रिश्तों से असंतुष्ट होने लगते हैं। हमें लगता है कि कहीं हम ही कम पड़ रहे हैं, हमारा रिश्ता ही अधूरा है। इसी भावना के कारण हम खुद को और ज्यादा बदलने की कोशिश करने लगते हैं।

महिलाओं के जीवन में संपूर्णता की यह अपेक्षा कई गुना अधिक होती है। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखें, सबकी भावनाओं का खयाल रखें और अपनी तकलीफ को कभी प्राथमिकता न



दें। जब वे थकती हैं, तो कहा जाता है कि यही उनकी शक्ति है। जब वे चुप रहती हैं, तो उसे सहनशीलता कहा जाता है, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि इस चुप्पी की कीमत क्या है।

कई महिलाएं भीतर ही भीतर टूटती रहती हैं, पर बाहर से मजबूत दिखाई देती हैं। संपूर्ण बनने की यह कोशिश शुरुआत में रिश्तों को सहज बनाए रखती है, लेकिन समय के साथ यह उन्हें खोखला कर देती है। जब भावनाएं व्यक्त नहीं होतीं, तो वे दबकर गुस्से और निराशा का रूप ले लेती हैं। जब संवाद नहीं होता, तो दूरी अपने-आप पैदा हो जाती है।

एक समय ऐसा आता है जब व्यक्ति महसूस करता है कि उसने रिश्तों को बचाने के लिए खुद को खो दिया है। तब यह प्रश्न उठता है कि क्या कोई रिश्ता इतना मूल्यवान हो सकता है कि उसके लिए खुद को मिटा दिया जाए? सच यह है कि रिश्तों को परिपूर्ण या संपूर्ण इंसानों की नहीं, बल्कि सच्चे और ईमानदार इंसानों की जरूरत होती है।

रिश्ते तब गहरे होते हैं, जब उनमें असहमति की जगह होती है, सवाल पूछने की आजादी होती है और भावनाओं को साझा करने का साहस होता है। वहां सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने की मजबूरी न हो। सबसे पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण रिश्ता खुद के साथ होता है। अगर उसी रिश्ते में हम झूठे हो जाएं, तो बाकी रिश्तों में सच्चाई निभाना कठिन हो जाता है। अपनी सीमाओं को पहचानना, अपनी जरूरतों को महत्त्व देना और अपनी भावनाओं को सुनना रिश्तों को स्वस्थ बनाता है। जब हम खुद से ईमानदार होते हैं, तभी हम दूसरों के साथ भी ईमानदारी निभा पाते हैं। वरना रिश्ते केवल निभाने की जिम्मेदारी बनकर रह जाते हैं। हर दिन अच्छा होना जरूरी नहीं। हर बार समझदार बनना भी जरूरी नहीं। रिश्तों में कभी-कभी अपनी बात रखना, असहमत होना और खुद के लिए खड़ा होना भी उतना ही आवश्यक है। हर कसौटी पर संपूर्ण होने की कोशिश में अगर हम अपनी सच्ची भावनाओं को दबा दें, तो रिश्ते केवल दिखावे का ढांचा बनकर रह जाते हैं। जबकि रिश्तों की खूबसूरती उनकी अपूर्णता में ही छिपी होती है। शायद अब यह समझने का समय आ गया है कि रिश्ते निभाने के लिए खुद को तोड़ना नहीं पड़ता। उन्हें बचाने के लिए खुद को खोना नहीं होता। रिश्ते तभी टिकते हैं, जब उनमें इंसान होने की पूरी गुंजाइश बची रहे। 'परिपूर्ण' या संपूर्णता नहीं, बस सच्चा रहा जाए–यही रिश्तों की सबसे मजबूत नींव है।

# छात्र-छात्राओं के हितों से कोई समझौता नहीं : विधायक

## विद्यालय परिवार की ओर से हुआ विधायक का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** सदानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरिया पहुचने पर स्थानीय विधायक सह विद्यालय प्रबंध समिति के पदेन अध्यक्ष दुलाल चंद्र गोस्वामी का स्वागत किया गया।विधायक ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया एवं प्रभारी प्राचार्य से उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली तथा कमियों को चिह्नित कर दूर करने का निर्देश भी दिया।

विधायक ने परिसर में अवस्थित कल्याण छात्रावास का निरीक्षण कर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार तथा छात्रों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यालय सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक राघवेन्द्र कुमार झा ने उन्हें बुके और दाता सदस्य रामानंद झा ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।वहीं संगीत शिक्षक कुमार प्रत्युष एवं अमृतांश गुप्ता की देखरेख



में छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों मणिपुरी लोकनृत्य, झिझिया नृत्य, देशभक्ति गीत आदि को विधायक सहित अन्य अतिथियों ने काफी सराहा। प्रभारी प्राचार्य श्री झा ने स्वागत भाषण में विधायक को विद्यालय संचालन में आ रही परेशानियों से अवगत कराया तो मंच संचालन करते हुए वरीय शिक्षक निरंजन कुमार सिंह ने उनसे शिक्षकों एवं वर्ग कक्ष की कमी को दूर करने की दिशा में आवश्यक कारवाई करने की मांग की।विधायक श्री गोस्वामी ने अपने संबोधन में जहां विद्यालय परिसर की स्थिति एवं छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर संतोष जताया। वहीं जगह रहने के बाबजूद अबतक उच्च एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए संचालन के लिए वर्गवार कक्ष नहीं होने पर चिंता जताई।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विगत 20 वर्षों में राज्य का सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में तो विशेष प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि साइकिल योजना, पोषाक योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, शिक्षकों नियोजन, विद्यालय भवन निर्माण, पंचायतस्तर पर उच्च माध्यमिक शिक्षा शुरू होने से राज्य की शिक्षा व्यवस्था में आमूल परिवर्तन हुआ है। उन्होंने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा कि राशि आवंटित होने के बाबजूद भवन निर्माण नहीं हो पाना स्थानीय स्तर रुचि नहीं लेना हीं माना जाएगा। उन्होंने विद्यालय प्रधान को स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्र हित में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होने कहा कि सभी शिक्षक प्रतिभाशाली हैं। आवश्यकता छात्र-छात्राओं के बीच इसे बांटने की है। उन्होंने विद्यालय में आधारभूत संरचना सहित शिक्षकों की कमी को दूर करने को लेकर हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विधायक ने छात्र-छात्राओं से नियमित विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने तथा अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षा प्रेमियों से दैनिक उपस्थिति बढाने के लिए प्रयास करने की अपील की।समारोह आयोजन में सहायक शिक्षक सुनील कुमार झा,रंजीत कुमार शशांक शेखर सहित कई अन्य सक्रिय रहे। वही अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह पुलिस बलों के साथ मौजूद थे। समारोह में अतिथि के रुप में प्रमुख शुभम कुमार, मुखिया आलोक चौहान, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सूरज साह, पंचायत समिति सदस्य बरुण कुमार राय, पूर्व मुखिया बिशुनदेव हांसदा, विद्यालय के प्रथम सत्र के छात्र एवं सेवानिवृत सैन्य अधिकारी सोनेलाल चौहान,उदयानंद झा, मुखिया प्रतिनिधि अरुण मिस्त्री सहित दर्जनों एनडीए नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।जब विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति भी काफी देखी गई।

# आग ने उजाड़ दी ज़िंदगी

## दो परिवार बेघर, समेली में दर्दनाक अग्निकांड



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मलहरिया पंचायत अंतर्गत बखरी नया टोला गांव, वार्ड संख्या 12 में बीती रात लगी भीषण आग ने दो परिवारों की पूरी दुनिया राख में बदल दी। आग इतनी भयावह थी कि डोली देवी और दीपू मंडल के कच्चे घर कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गए। वर्षों की मेहनत, सपनों का आशियाना और रोजमर्रा की जरूरतें सब कुछ आग की लपटों में समा गया। अग्निपीड़िता डोली देवी पति-प्रभु मंडल फूट-फूट कर रोते हुए बताती हैं।

आग लगते ही बच्चों को लेकर बाहर भागी, कुछ भी बचाने का मौका नहीं मिला। अनाज, कपड़े, बर्तन, पैसा सब खत्म हो गया। अब सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची। वहीं दीपू मंडल पिता शीतल मंडल की आंखों में लाचारगी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि पिता के जाने के बाद यही घर मेरा सहारा था। अब सब कुछ जल गया। समझ नहीं आ रहा कि परिवार को कैसे संभालेंगे। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद प्रतिनिधि रौशन कुमार मंडल, मुखिया राज कुमार भारती, पूर्व मुखिया महेश्वरी प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुमन शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और प्रशासन से तत्काल राहत, मुआवजा एवं आवास सहायता की मांग की। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए बताया कि समेली प्रखंड में बीते एक महीने के भीतर अब तक 13 घर आग की भेंट चढ़ चुके हैं, लेकिन आग से बचाव और राहत की कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो ऐसी घटनाएं और भी परिवारों को उजाड़ती रहेंगी। बखरी नया टोला गांव में सिर्फ जली हुई लकड़ियां और राख नहीं बची है, बल्कि दो परिवारों की टूटी हुई उम्मीदें और असहाय आंखों का दर्द भी साफ देखा जा सकता है।

# कथित आरोपों को ले गैप इंस्टीट्यूट के संचालक पुलिस हिरासत में

## पुलिस जांच के बाद ही सच सामने आ सकेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** जिले के मनिहारी में इन दिनों एक ऐसा मामला ऊफान पर है जिसने शिक्षा के नाम पर चल रही संस्थाओं,सरकारी योजनाओं की निगरानी और स्थानीय प्रशासन की चौकसी तीनों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना की आड़ लेकर गैप इंस्टीट्यूट ट्रस्ट के नाम पर छात्रों से कथित रूप से उगाही की गई।

पहचान छुपाई गई और नैतिक-कानूनी सीमाओं को लांघने के गंभीर प्रयास हुए। मनिहारी के सामाजिक ताने-बाने को झकझोर देने वाला मामला बनता जा रहा है।उक्त इंस्टीट्यूट से जूडे कुछ छात्रों का कहना है कि इस कथित इंस्टीट्यूट का संचालक खुद को पूरे इलाके में आर्यन सिंह के नाम से परिचित कराता था। जबकि बाद में उसकी पहचान मोहम्मद फंटूह्न के रूप में सामने आने का दावा किया जा रहा है। यहीं से सवालों की श्रृंखला शुरू होती है। अगर संस्था और कामकाज पारदर्शी था तो असली नाम छुपाने की जरूरत क्यों पड़ी? पहचान बदलने के पीछे क्या मंशा थी? छात्रों के आरोप हैं कि सात निश्चय योजना के तहत मैट्रिक और इंटर के बाद आगे की पढ़ाई के लिए मिलने वाले सरकारी लोन और सुविधाओं का हवाला देकर उनसे बोनाफाइड प्रमाणपत्र के नाम पर 5000 वसूले गए। पढ़ाई के सपने लेकर पहुंचे

**■ बिहार सरकार की महात्वाकांक्षी योजना सात निश्चय में कथितरूप से राशि उगाही सहित पहचान छुपाकर नैतिक कानूनी सीमा लांघने का आरोप**

छात्रों का दावा है कि उन्हें कागजी वादों में उलझाकर पैसे लिए गए, जबकि वास्तविक लाभ तक पहुंचाने की प्रक्रिया संदिग्ध रहा. सबसे गंभीर और संवेदनशील आरोप यह हैं कि कथित संचालक ने अपने कार्यालय में काम करने आई कुछ युवतियों पर निजी रिश्तों का दबाव बनाने की कोशिश की। आरोपों के मुताबिक नौकरी और काम के बहाने बुलाकर रिलेशनशिप की शर्तें रखी जाती थीं। ये दावे सामने आते ही मनिहारी में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों और छात्रों का कहना है कि अगर यह न सिर्फ. कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के भरोसे पर सीधा हमला भी है। इन तमाम आरोपों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर एक छोटे से कमरे में चल रही संस्था कैसे वर्षों तक बिना ठोस जांच-पड़ताल के संचालित होती रही? किसकी अनदेखी या ढिलाई ने ऐसे हालात बनने दिए? क्या सरकारी योजनाओं के नाम पर आम छात्रों की जेब काटी जा रही थी, या फिर पहचान बदलकर भरोसे का दुरुपयोग किया जा रहा था—इन सवालों के जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएंगे।घटना ने तब और तूल पकड़ लिया जब स्थानीय लोगों ने कथित संचालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में मनिहारी डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन का यह आश्वासन जरूर आया है। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि जनता अब बयान नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है।यह प्रकरण जिला प्रशासन और मनिहारी प्रशासन के लिए एक खुली चेतावनी है। शिक्षा के नाम पर चल रही हर संस्था की सघन जांच, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की पारदर्शिता और युवतियों की सुरक्षा—इन तीनों मोर्चों पर अब ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं बची है। फिलहाल, सारे आरोप कथित हैं और जांच जारी है, पुलिस आरोपी को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जूटी है.लेकिन इतना तय है कि मनिहारी का यह मामला आने वाले दिनों में कई और परतें खोल सकता है। सच्चाई क्या है? यह कानून तय करेगा, मगर सवालों की गूंज अब दूर तक सुनाई दे रही है।

# पक्का मकान व चार चक्का वाहन वाले को प्रधानमंत्री आवास का नहीं मिलेगा लाभ : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** पक्का मकान एवं चार चक्का वाहन वाले को प्रधानमंत्री आवास का नहीं मिलेगा लाभ यह बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के प्रतीक्षा सूची में नाम वाले घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन के दरवियान कहीं।

इस मौके पर बीडीओ श्री कुमारी ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायत में घूमकर जिस भी व्यक्ति का नाम प्रधानमंत्री आवास के प्रतीक्षा सूची में हैं, उनके घरों पर जाकर भौतिक सत्यापन किए। इससे पूर्व पंचायत रोजगार सेवक के द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था। इनके बाद फिर एक बार सभी



प्रतीक्षा सूची के लाभुक का भौतिक सत्यापन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या 11 में आवास सहायक के साथ प्रतीक्षा सूची में नाम वाले लाभुक का भौतिक सत्यापन किए। जिन भी व्यक्ति का घर पक्का मकान का हैं एवं चार चक्का वाहन हैं। उन लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिलेगा। इस अवसर पर आवास सहायक कंचन कुमार आदि मौजूद रहे ।

# पूर्णिया-नारायणपुर फोरलेन सड़क पर पतंग के धागे से कई लोग घायल

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार के आदेश को अनदेखा करते हुए पतंग बाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। जिसके कारण आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा हैं,जिसका ताजा उदाहरण गुरुवार की सुबह करीब दस बजे नारायणपुरा - पूर्णिया हाईवे पर देखने को मिल रहा हैं। इस पर मनसाही और लालबाग के बीच खासकर मनिहारी थाना क्षेत्र के कुमारीपुर के पास पतंगबाजों का आतंक देखने को मिल रहा यहां के पतंगबाज हाईवे के किनारे पतंगबाजी करते हैं,कई बार पतंग कट कर उसके धागे हाईवे पर झूलते रह गए जिसकी चपेट में कई बाइक चालक आ गए हालांकि, हेलमेट व गले में मफलर रहने के कारण कोई गंभीर घटना नहीं घटी,कुछ बाइक चालकों के चेहरे पतंग के धागे से कट गए।

# जागेश्वर उच्च विद्यालय मैदान में क्रिकेट क्लब सीजन-3 की शुरूआत

## खेल से मिल रही नई दिशा, बरारी में आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** बरारी नगर पंचायत क्षेत्र के जागेश्वर उच्च विद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में बरारी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सीजन-3 क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में नगर पंचायत की मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार कश्यप उर्फ हिटलर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मैदान में उतरने वाली टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर



सम्मान किया गया। मुख्य पार्षद बबीता कुमारी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना सिखाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तेजी से डिजिटल दुनिया की ओर आकर्षित हो रहा है, जिससे शारीरिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक मंच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। बरारी क्रिकेट क्लब के व्यवस्थापक गौरव कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टूर्नामेंट आठ दिनों तक चलेगा, जिसमें बरारी, सेमापुर, कोढ़ा सहित आसपास के क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मुकाबला पवई और सेमापुर टीम के बीच खेला गया। सेमापुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 134 रन बनाए, जिससे पवई टीम को 135 रनों का लक्ष्य मिला।उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. प्रीतम कुमार, मो. अकील उर्फ राजू, मुकेश चौधरी, रजत कुमार कश्यप, क्रिकेट संघ के सुव्रत कश्यप, सत्यम कुमार, मो. शहाबुद्दीन, प्रिंस कुमार,सन्नी कुमार, सुधीर चौधरी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 7 पुलिस पदाधिकारी स्थानांतरित

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर जिले के सात पुलिस पदाधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। पुलिस कार्यालय के आदेश संख्या 67/26, दिनांक-15. 01.2026 के अनुसार नगर थानाध्यक्ष पुनि सुमन कुमार सिंह को पुलिस केन्द्र,कटिहार भेजा गया है और आजमनगर थानाध्यक्ष पुनि कुंदन कुमार सिंह नगर थाना अध्यक्ष होंगे।वहीं अपर थानाध्यक्ष बारसोई पुनि निरज कुमार आजमनगर के थानाध्यक्ष होंगे। अंचल पुलिस निरीक्षक कोढा पुनि उमेश कुमार अब बारसोई के नये थानाध्यक्ष होंगे।जबकि प्रभारी अभियोजन शाखा पुनि साजेद आलम कोढा के अंचल पुलिस निरीक्षक का दायित्व संभालेंगे।वहीं सहायक थानाध्यक्ष पुअनि आनंद कुमार को पुलिस केन्द्र भेजा गया है, तो प्रभारी डीआईयू शाखा पुअनि कुमार विश्वास सहायक थाना के नये थानाध्यक्ष होंगे।

# मकर संक्रांति के अवसर पर सार्वजनिक शिव मंदिर मनसाही में खिचड़ी प्रसाद का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के शिव मंदिर मनसाही हाट में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण मनसाही प्रखंड के समाजसेवी के द्वारा किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मकर संक्रांति पर हर जगह पर कुछ ना कुछ प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता हैं। अभी कई जगहों पर दही चूड़ा भोज का आयोजन भी किया जा रहा हैं।



इसी कड़ी में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर मनसाही हाट के प्रांगण में स्थानीय ग्रामीण के द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोज खिलाया गया जहां खिचड़ी भोज खाने के लिए लोगों को काफी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष बबन कुमार सिंह,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार झा,प्रदीप कुमार सिंह,गुरुदेव मंडल,साहेबनगर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया, कृष्णा पासवान,अमर झा, विजय झा, बासुदेव पासवान, राजेंद्र मंडल, उपेंद्र मंडल, रामाशंकर पांडेय, शिवम कुमार पोद्दार,मंटू झा,दीपक कुमार झा, चंदन कुमार पोद्दार, रामचंद्र रजक आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर आदिवासियों ने सदियों से चली आ रही शिकार की परम्परा निभाई

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के चितोरिया के आदिवासियों ने सदियों से चली आ रही मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर शिकार की परम्परा को निभाते हुए, प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बहियारों में जा कर शिकार खेला। इस परम्परा के तहत आदिवासियों ने ऐसे जंगली जीवों का शिकार किया जो खाने योग्य हो,शिकार के बाद शाम को घर लौटने पर खंभे पर तीर से निशाना लगा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर अपने पर्व का समापन करते हैं। आदिवासियों के मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति को संथाल लोग शिकार पर जाते हैं, यह उनके पौराणिक कथा से जुड़ी सदियों पुरानी परम्परा हैं,जो बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रकृति के साथ उनके गहरे जुड़ाव का प्रतीक हैं।

# बिजली चोरी के आरोप में 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज

## अवैध रुप से बिजली जलाने वालों के विरूद्ध विभाग सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** विद्युत सब स्टेशन से संबंद्ध एवं बिजली उपभोग करनेवाले ऊपभोक्ताओं के पास बकाये बिजली विपत्र भुगतान को लेकर विभाग की ओर से ढीठ उपभोक्ताओं के विरूद्ध सख्त कदम उठाये हैं। बिजली विभाग की ओर से बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं पर पैनी नजर रखी जा रही है।

पूर्व से लाइन कटे हुए विद्युत बकायेदारों पर नीलामवाद दायर की प्रक्रिया शुरू की गई है। कनीय अभियंता श्री कुमार ने बताया कि 3.4000 उपभोक्ता ने पिछ्ले 2 साल से बिजली बिल जमा नहीं किया है। 3500 उपभोक्ता ने पिछ्ले 1 साल से बिजली बिल जमा नहीं किया है।इस माह अबतक 200 बकायेदारों की लाइन कटी जा



चुकी है। लाइन कटने के बाद जो उपभोक्ता अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे है। उनपर लगातार पैनी नजर रख रही है विद्युत विभाग एवं ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर प्राथमिकी भी दर्ज किया जा रहा है। कनीय विद्यूत अभियंता अभिजीत कुमार ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है की वो जल्द से जल्द अपना बकाये बिजली बिल का भुगतान कर निर्वाध बिजली उपभोग करें।

# मकर संक्रांति पर शिव मंदिर फाउंडेशन के संयोजक के आवास पर दही-चूड़ा भोज सह मिलन समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** शिव मंदिर फाउंडेशन के संयोजक सह समाजसेवी विकास तिवारी के निज आवास पर गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दही-चूड़ा भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, मुख्य पार्षद बबिता कुमारी,भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय सहित अन्य अतिथियों का आयोजक द्वारा स्वागत किया गया। पारंपरिक दही-चूड़ा भोज के माध्यम से सभी ने पर्व की खुशियाँ साझा कीं। जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे को



मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज के सभी वर्ग एक मंच पर आते हैं, जिससे आपसी सौहार्द बढ़ता है। मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने कहा कि मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है,जो आपसी प्रेम, सहयोग और एकता का संदेश देता है। शिव मंदिर फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सराहनीय है,जो समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है।भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि दही-चूड़ा भोज जैसे पारंपरिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम हैं। समाजसेवी विकास तिवारी द्वारा किया गया यह प्रयास सामाजिक एकजुटता की मिसाल है। कार्यक्रम में उप मुख्य पार्षद अमन कुमार, कांग्रेस नेत्री संयोगिता सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि राजीव भारती, सरपंच अमित यादव, राजद युवा नेता बंटी यादव, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय कुमार भारद्वाज, भाजपा नेता मनोरंजन पाल, मनोज चौधरी, बैरिस्टर चौधरी, हेमंत कुमार, मांगन यादव,राहुल झा,सोनू तिवारी,सुभाष साह एवं देवकांत यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।आयोजक विकास तिवारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा।

# पैक्स गोदाम में गड़बड़ी पर छपी खबर आधारहीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पैक्स गोदाम में गड़बड़ी पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने अनुमंडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता बारसोई सुश्री प्रियंका कुमारी को पैक्स गोदाम का जॉच करने का निर्देश दिया।

निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुश्री प्रियंका कुमारी ने बेलवा पैक्स गोदाम में भंडारित धान का सत्यापन, गोदामों में संधारित धान क्रय सह भुगतान पंजी का दिनांक 14 जनवरी 2026 को जांच किया। जांच के क्रम में पाया गया कि दिनांक 13 जनवरी 2026 तक बेलवा पैक्स के द्वारा कृषकों से क्रय की गई धान से संबंधित रिपोर्ट के अनुसार पैक्स गोदाम में धान भंडारित पाया गया। अधिप्राप्त धान के भुगतान के संबंध में पैक्स में



निबंधित किसानो से रैंडम तरीके से सम्पर्क किया गया। जिसमें किसानों द्वारा बताया गया कि उन्होंने धान की बिक्री पैक्स को किया है और उनके द्वारा बेची गई धान की राशि का बैंक खाते के माध्यम से भुगतान भी हो गया है। कुछ किसानों ने यह भी बताया है कि वे पूर्व से ही धान की बिक्री पैक्स में करते रहें हैं और धान की राशि उनके बैंक खातों के माध्यम से आसानी से प्राप्त भी हुआ है। पैक्सों में धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होती है।इस आधार पर दिनांक 14 जनवरी 2026 को एक दैनिक समाचार पत्र के पेज नंबर 07 पर "पैक्स गोदाम पर ताला, जमीन पर नहीं धान का एक भी दाना"निराधार, तथ्यहीन व गलत है। उक्त प्रकाशित खबर का जिला जिला प्रशासन पूर्ण रूप से खंडन करता है। वहीं जिला पदाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता कार्यालय के माध्यम से अन्य सभी पैक्स गोदामों की जॉच करने का आदेश निर्गत किया गया है।

## सोना भी फिसला

# चांदी में भूचाल: ट्रंप के फैसले से रिकॉर्ड गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद अचानक तेजी से नीचे आ



गई है। ऐसा तब हुआ है, जब अमेरिका ने आयात होने वाले महत्वपूर्ण खनिजों पर तुरंत कोई अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) नहीं लगाया है। चांदी की कीमत में 7.3 प्रतिशत तक की गिरावट आई है, और सोने के भाव भी गिरे हैं। पिछले चार दिनों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूली भी की है, जिससे गिरावट आई। बता दें भारत के सर्राफा बाजारों में बुधवार को चांदी 14480 रुपये उछलकर 277512 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर बंद हुई थी। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक सोना भी 1731 रुपये उछलकर 142015 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे महत्वपूर्ण खनिजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय समझौतों पर बातचीत करेंगे। उन्होंने आयात पर प्रतिशत आधारित शुल्क के बजाय न्यूनतम मूल्य (प्राइस फ्लोर) का सुझाव दिया है, लेकिन भविष्य में शुल्क लगाने से इनकार नहीं किया है। इससे चांदी, प्लैटिनम और पैलेडियम पर तत्काल टैरिफ की आशंका कम हो गई है। हाल के दिनों में चांदी की कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव आ रहे हैं। बाजार की अस्थिरता दिखाने वाला एक पैमाना (14-दिन का एक्स्पोनेंशियल एवरेज ट्रू रेंज) तेजी से बढ़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट बाजार के तकनीकी कारकों (जैसे मार्जिन, ऑप्शन हेजिंग) और वास्तविक मांग-आपूर्ति से ज्यादा जुड़ी है। कई भू-राजनीतिक, आर्थिक और आपूर्ति जोखिमों के चलते निवेशक सोने-चांदी जैसी हार्ड एसेट्स की ओर रुख कर रहे हैं। चीन और अमेरिका में जोरदार खरीदारी और वस्तुओं (कमोडिटीज) में निवेश बढ़ने से मांग को समर्थन मिल रहा है। ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व के खिलाफ दोबारा की गई टिप्पणियों, वेनेजुएला, ग्रीनलैंड और ईरान जैसे मुद्दों ने भी सुरक्षित पनाह वाली संपत्तियों की मांग बढ़ाई है। सिंगापुर में सुबह 10:50 बजे तक, चांदी की कीमत 4.6 प्रतिशत गिरकर 88.9020 डॉलर प्रति औंस हो गई। सोना 0.5 प्रतिशत टूटकर 4,602.44 डॉलर पर आ गया। प्लैटिनम और पैलेडियम के भाव भी गिरे हैं। ताजा सर्वे के मुताबिक, सोने में जनवरी के बाद भी तेजी बरकरार रह सकती है।

## दनादन तीसरी बार बोनस शेयर बांट रही कंपनी, मिलेंगे 5 फ्री शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जोन्जुआ ओवरसीज अपने



शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। जोन्जुआ ओवरसीज दनादन तीसरी बार बोनस शेयर बांटने जा रही है। कंपनी अपने निवेशकों को 5:40 के रेशियो में बोनस शेयर देगी। यानी, कंपनी हर 40 शेयर पर 5 बोनस शेयर बांटेगी। जोन्जुआ ओवरसीज ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 23 जनवरी 2026 तय की है। जोन्जुआ ओवरसीज के शेयर बुधवार 14 जनवरी को बीएसई में गिरावट के साथ 5.57 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर के करीब ही हैं। जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड अपने शेयरधारकों को तीसरी बार बोनस शेयर बांटने जा रही है। कंपनी ने इससे पहले अक्टूबर 2023 में 9:50 के रेशियो में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 50 शेयर पर 9 बोनस शेयर बांटे थे। कंपनी ने पिछले साल जुलाई में भी 1:20 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 20 शेयर पर निवेशकों को 1 बोनस शेयर बांटा था। अब कंपनी 5:40 के अनुपात में बोनस शेयर देगी। जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड (छ्वश्द्गद्रह्ह्ष ह1द्गह्म्ह्यद्गड्डह्य) के शेयर पिछले कुछ महीनों से दबाव में हैं। कंपनी के शेयर पिछले 6 महीने में 51 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। जोन्जुआ ओवरसीज के शेयर 15 जुलाई 2025 को 11.47 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 14 जनवरी 2026 को बीएसई में 5.57 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले एक महीने में जोन्जुआ ओवरसीज के शेयरों में 31 पर्सेंट की गिरावट आई है। पिछले 5 दिन में कंपनी के शेयर 20 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 12.38 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 5.51 रुपये है। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 42.93 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 57.07 पर्सेंट है।

# भारत के रसायन उद्योग के लिए चुनौती बन सकता है चीन?

**● कच्चे तेल और फीडस्टॉक की ऊंची कीमतें ● रुपये की मजबूती से निर्यात पर असर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का रसायन उद्योग इस समय कई संरचनात्मक और मैक्रो-आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ब्रोकरेज फर्म नुवामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की लगातार बनी हुई अधिक उत्पादन क्षमता, कच्चे तेल और फीडस्टॉक की ऊंची कीमतें, पश्चिमी देशों में कमजोर मांग और घरेलू नीतिगत अड़चनें,ये सभी भारतीय केमिकल कंपनियों पर दबाव बना रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय केमिकल निर्माताओं के लिए सबसे बड़ा संरचनात्मक जोखिम चीन से आता है। चीन का वैश्विक कमोडिटी केमिकल क्षमता में दबदबा बना हुआ है। सोडा ऐश, कास्टिक सोडा, फिनॉल, पीवीसी, पॉलीकार्बोनेट, एपॉक्सी रेजिन, टीडीआई, फ्थैलिक एनहाइड्राइड और एसिटिक एसिड जैसे कई प्रमुख उत्पादों में चीन के पास भारी उत्पादन क्षमता है।

हालांकि वैश्विक मांग कमजोर है, इसके बावजूद चीन में प्लांट



उपयोग दर आदर्श स्तर से काफी नीचे बनी हुई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कीमतें दबाव में रहती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी समर्थन प्राप्त चीनी कंपनियां घाटे में भी उत्पादन जारी रखती हैं, जिससे वैश्विक आपूर्ति-मांग संतुलन बिगड़ता है और भारतीय कंपनियों के लिए कीमतों व मार्जिन में टिकाऊ सुधार की संभावना सीमित हो जाती है।

नुवामा ने कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों को भी सेक्टर के लिए बड़ी चिंता बताया है। महंगा कच्चा तेल नाफ्था, बेंजीन, प्रोपिलीन और एथिलीन जैसे प्रमुख फीडस्टॉक की लागत बढ़ा देता है। खास तौर पर ऊर्जा-प्रधान डाउनस्ट्रीम केमिकल चेन लंबे समय तक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान ज्यादा प्रभावित होती हैं। रिपोर्ट में डॉलर-भारतीय रुपये मुद्रा जोखिम को भी अहम बाधा बताया गया है। डॉलर के मुकाबले रुपये की मजबूती से भारतीय केमिकल कंपनियों की निर्यात आय घटती है, खासकर थोक और मिड-वैल्यू उत्पादों में। चूंकि यूरोप और अमेरिका भारत के प्रमुख निर्यात बाजार हैं।

# भारत के ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्रीज पर ट्रंप के टैरिफ का असर दूसरी छमाही से दिखेगा

**● अप्रैल-सितंबर में कलपुर्जा निर्यात स्थिर रहा ● भारत की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहेगी: विश्व बैंक**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ का भारत के ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्रीज पर असर संभवतः चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में महसूस होगा, जबकि नए अनुबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्रीज निकाय एक्मा ने बुधवार को यह अनुमान जताया। वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) ने कहा कि भारतीय ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-सितंबर छमाही में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.56 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया। यह एक साल पहले की समान अवधि के 3.33 लाख करोड़ रुपये के कारोबार से अधिक है।

पहली छमाही में उद्योग का निर्यात 9.3 प्रतिशत बढ़कर 12.1 अरब डॉलर हो गया जबकि आयात लगभग 12.5 प्रतिशत बढ़कर 12.3 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारतीय कलपुर्जा उत्पादों पर अमेरिका में फिलहाल 25 प्रतिशत कर लागू है। मौसमी



मांग और बुनियादी ढांचा आधारित गतिविधियों से मांग बढ़ने की संभावना है। जीएसटी ढांचे के तहत चुनिंदा वाहन श्रेणियों पर कटौती कलपुर्जा परिवेश के लिए सकारात्मक असर डाल सकती है।

भारतीय कंपनियों ने इस अवधि में अमेरिका को 3.64 अरब डॉलर के ऑटो पार्ट्स निर्यात किए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह राशि 3.67 अरब डॉलर थी। एक्मा के नामित अध्यक्ष श्रीराम विजी ने कहा कि आने वाले समय में अमेरिका को निर्यात थोड़े अनिश्चित लग हो रहे हैं और नए अनुबंधों को लेकर असमंजस है, जबकि मौजूदा सप्लाई चेन कुछ समय के लिए जारी रहेगी।

उद्योग निकाय ने कहा कि अप्रैल-सितंबर में निर्यात वृद्धि महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बावजूद हासिल की गई, जिसमें आपूर्ति शृंखला से जुड़ी बाधाएं, कच्चे माल की लागत में दबाव और प्रमुख बाजारों में मांग में कमजोरी शामिल हैं।

विश्व बैंक ने मजबूत घरेलू मांग और कर सुधारों के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। यह उसके जून के अनुमान से 0.9 प्रतिशत अधिक है। विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट वैश्विक आर्थिक संभावनाएं में यह भी कहा कि वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर धीमी होकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान इस धारणा पर आधारित है कि अमेरिका का 50 प्रतिशत आयात शुल्क इस दौरान लागू रहेगा। उम्मीद है कि भारत दुनिया की बड़ीअर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि दर बनाए रखेगा।

विश्व बैंक ने कहा कि अमेरिका को होने वाले कुछ निर्यातों पर उच्च शुल्क के बावजूद वृद्धि के पूर्वानुमान में जून के अनुमानों के मुकाबले कोई बदलाव नहीं हुआ है। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 से 7.5 प्रतिशत और 2026-27 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। पेशेवर सेवा एवं सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन भारत ने बुधवार को यह बात कही।

## डबल से भी ज्यादा हो गया एनर्जी कंपनी का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (क्यू3 एफवाय26) में शानदार नतीजे पेश किए हैं। कंपनी का मुनाफा साल-दर-साल 124.74 प्रतिशत की तेज बढ़त के साथ 120.19 करोड़ पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 53.48 करोड़ था। यही नहीं, कंपनी ने अब तक का सबसे ज्यादा तिमाही रेवेन्यू भी दर्ज किया है। त्तक्3 एफवाय26 में वारी रिन्यूएबल का रेवेन्यू 851.06 करोड़ रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के 360.35 करोड़ से करीब 136 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान ईबीआईटीडीए 158.80 करोड़ रहा और मार्जिन 18.66 प्रतिशत पर बना रहा, जो कंपनी की मजबूत ऑपरेशनल स्थिति को दिखाता है। हालांकि, इन मजबूत नतीजों के बावजूद शेयर बाजार में वारी रिन्यूएबल का शेयर 14 जनवरी को 3.41 प्रतिशत गिरकर 972 पर बंद हुआ। अब कल शुक्रवार को कंपनी के शेयर फोकस में रह सकते हैं। अगर पूरे नौ महीनों की बात करें, तो कंपनी का प्रदर्शन और भी दमदार नजर आता है। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच वारी रिन्यूएबल का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 2,229.03 करोड़ रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले करीब 99 प्रतिशत अधिक है और एफवाय25 के पूरे साल के आंकड़े को भी पार कर चुका है। इस अवधि में ईबीआईटीडीए 135 प्रतिशत की बढ़त के साथ 434.28 करोड़ और मुनाफा 138.92 प्रतिशत उछलकर 322.93 करोड़ तक पहुंच गया। इससे साफ है कि कंपनी की ग्रोथ सिर्फ बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि मुनाफे और मार्जिन में भी मजबूती आई है।

## एलन मस्क पर डॉलर की बारिश, एक ही दिन में नेटवर्थ 42.2 अरब डॉलर उछला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया सबसे अमीर व्यक्ति टेस्ला के एलन मस्क की दौलत में भारी इजाफा हुआ है। बुधवार को उनके ऊपर डॉलर की ऐसी बारिश हुई कि एक ही दिन में 42.2 अरब डॉलर पीट दिए। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की दौलत इस उछाल के बाद 683 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। महज 14 दिनों में मस्क की संपत्ति 63.1 अरब डॉलर बढ़ी है।

दूसरी ओर ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के टॉप-10 अरबपतियों को बुधवार को बड़े झटके लगे। जेफ बेजोस को 5.22 अरब डॉलर, लैरी एलिसन को 8.85 अरब डॉलर, मार्क जुकरबर्ग को 5.32 अरब डॉलर और बर्नार्ड अर्नाल्ट को 2.48 अरब डॉलर का झटका लगा है। स्टीव बाल्मर को भी 3.55 अबर डॉलर और जेनसेन हुआंग को 2.16 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। लैरी पेज को 70.5 मिलियन डॉलर, सर्गेई ब्रिन को 90 मिलियन डॉलर और वॉरेन बफेट को 118 मिलियन डॉलर की चोट पहुंची है।

मस्क दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला और प्राइवेट रॉकेट बिजनेस स्पेसएक्स के ष्टश्वह्र हैं। कंपनी के 2025 प्रॉक्सी स्टेटमेंट के अनुसार, मस्क के पास टेस्ला का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा है। उनके पास 2018 के कंपनसेशन पैकेज से लगभग 304 मिलियन



एक्सरसाइजेबल स्टॉक ऑप्शन भी हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक स्पेसएक्स का वैल्यूएशन दिसंबर 2025 के टेंडर ऑफर का इस्तेमाल करके किया गया है, जिसमें कंपनी की वैल्यू लगभग 800 बिलियन आंकी गई है। फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन के साथ सितंबर 2025 की फाइलिंग के आधार पर एक ट्रस्ट के जरिए मस्क के पास इस प्राइवेट कंपनी का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा है। 5 प्रतिशत प्राइवेट कंपनी डिस्काउंट लागू किया गया है। दिसंबर 2025 में नए वैल्यूएशन को ध्यान में रखते हुए एक एडजस्टमेंट किया गया, जिससे उनकी नेटवर्थ में .168 बिलियन की बढ़ोतरी हुई। वैल्यूएशन जनवरी 2026 के फंडिंग राउंड का इस्तेमाल करके किया गया है, जिसमें 20 अरब डॉलर जुटाए गए और पोस्ट-मनी वैल्यूएशन 230 अरब डॉलर था।

# क्रेडिट कार्ड पर ब्याज घटाने के डोनाल्ड ट्रंप के फरमान पर बैंकिंग सेक्टर में तीखी हलचल

**इस कदम के खिलाफ देश के बड़े बैंकों के सीईओ खुलकर मैदान में उतर आए हैं**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों को सीमित करने के प्रस्ताव ने अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर में तीखी हलचल पैदा कर दी है। उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लिए गए इस कदम के खिलाफ देश के बड़े बैंकों के सीईओ खुलकर मैदान में उतर आए हैं। उनका कहना है कि यह फैसला न केवल बैंकिंग उद्योग बल्कि पूरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है।

ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों पर एक साल के लिए 10 प्रतिशत की सीमा लागू करना चाहते हैं। मध्यावधि चुनावों से पहले 'किफायती लागत' को बड़ा मुद्दा बनाते हुए राष्ट्रपति उपभोक्ताओं को राहत देने का दावा कर रहे हैं। हालांकि बैंकिंग सेक्टर का मानना है कि यह फैसला बाजार आधारित व्यवस्था के खिलाफ है और इससे वित्तीय प्रणाली में अनिश्चितता बढ़ेगी। ट्रंप प्रशासन के शुरुआती कदमों को बैंकों ने राहत के रूप में देखा था। जुलाई में 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर के बाद कर कटौती के नए दौर की




शुरुआत हुई और उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो के बजट में लगभग आधी कटौती कर दी गई। इसके साथ ही नियामकीय ढील के एजेंडे ने बैंकों और बड़े कॉरपोरेट को संतुष्ट किया था। लेकिन क्रेडिट कार्ड ब्याज दरों पर सीमा लगाने के प्रस्ताव ने इस रिश्ते में दरार डाल दी है। बीएनवाई मेलॉन के सीईओ रॉबिन विंस ने चेतावनी दी कि ब्याज दरों में राजनीतिक हस्तक्षेप से फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता पर सवाल उठेंगे। उनका कहना है कि इससे बॉन्ड बाजार की नींव हिल सकती है और ब्याज दरें घटने के बजाय बढ़ सकती हैं। बैंकों की साझा चिंता यह है कि अगर फेड पर भरोसा कमजोर पड़ा तो उधारी की लागत और महंगी हो सकती है। डेल्टा एयरलाइन्स के सीईओ एड बैस्टियन ने चेतावनी दी कि ब्याज दरों पर सीमा लगाने से सबसे ज्यादा नुकसान कम आय वर्ग के उपभोक्ताओं को होगा। उनके मुताबिक, बैंक जोखिम के चलते ऐसे ग्राहकों को क्रेडिट देना ही बंद कर सकते हैं, जिससे उनकी वित्तीय पहुंच सीमित हो जाएगी। तनाव को और बढ़ाते हुए ट्रंप ने सीनेटर रोजर मार्शल द्वारा पेश 'क्रेडिट कार्ड प्रतिस्पर्धा अधिनियम' का समर्थन किया है। इस विधेयक का उद्देश्य व्यापारियों से वसूले जाने वाले 'स्वाइप शुल्क' पर लगाम लगाना है। बैंकों को आशंका है कि यह कदम उनके राजस्व पर एक और चोट करेगा।

### बाजार में दिखा असर

ट्रंप के बयान के बाद क्रेडिट कार्ड कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट आई। अमेरिकन एक्सप्रेस, जेपी मॉर्गन, सिटीग्रुप और कैपिटल वन जैसी कंपनियों के शेयर लुढ़क गए। निवेशकों को डर है कि ब्याज दरों पर सीमा लगने से बैंकों के मुनाफे पर बड़ा असर पड़ेगा और क्रेडिट कार्ड कारोबार की पूरी संरचना बदल सकती है।जेपी मॉर्गन के मुख्य वित्तीय अधिकारी जेफरी बार्नम ने संकेत दिया कि बैंकिंग उद्योग इस फैसले के खिलाफ सभी कानूनी और नीतिगत विकल्प अपनाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि ब्याज दरों पर सीमा लागू होती है तो उद्योग इसे चुनौती देगा। जेपी मॉर्गन चेस के सीईओ जेमी डिमोन ने कहा कि वे फेडरल रिजर्व के हर फैसले से सहमत न हों, लेकिन चेयरमैन जेरोम पॉवेल के प्रति उनके मन में सम्मान है।

# दोपहिया गाड़ियों की बिक्री दो करोड़ के पार

**● टीवीएस को सबसे ज्यादा फायदा ● यह बिक्री 2018 के रेकॉर्ड 2.1 करोड़ यूनिट्स के स्तर से कम है।**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में दोपहिया गाड़ियों की बिक्री पिछले साल 2 करोड़ के पार पहुंच गई। भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माताओं के संगठन के आंकड़ों के अनुसार यह 2024 की लगभग 1.9 करोड़ यूनिट्स की बिक्री से करीब 5 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि यह बिक्री 2018 के रेकॉर्ड 2.1 करोड़ यूनिट्स के स्तर से कम है। 2025 में दोपहिया वाहनों का निर्यात 24.2 प्रतिशत बढ़कर रेकॉर्ड 49.4 लाख यूनिट्स तक पहुंच गया। अफ्रीका में बाजार की रिकवरी, दक्षिण एशिया में लगातार मांग और मोटरसाइकिल की मांग में आई तेजी से निर्यात को बढ़ावा मिला। हीरो मोटोकॉर्प भारत में सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी बनी हुई है। 2025 में इसकी बिक्री 2 प्रतिशत बढ़कर 57.5




लाख यूनिट्स हो गई। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया की बिक्री भी करीब दो फीसदी की तेजी के साथ 54 लाख यूनिट रही। सबसे ज्यादा फायदे में टीवीएस मोटर रही। 2025 में कंपनी की बिक्री 15.7 प्रतिशत बढ़कर 39.8 लाख यूनिट्स हो गई। हालांकि बजाज ऑटो की बिक्री 5.1 फीसदी गिरकर 22.2 लाख यूनिट रही।

## 42 लाख सस्ती मिलेगी लग्जरी गाड़ी, अमेरिका के बाहर केवल भारत में होगी असेंबलिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारत में अपने अल्ट्रा-लक्जरी एसयूवी मॉडल जीएलएस मेबैक का स्थानीय स्तर पर उत्पादन शुरू करेगी। इसके साथ ही भारत अमेरिका के बाहर ऐसा एकमात्र देश बन जाएगा, जहां इस मॉडल की स्थानीय असेंबली की जाएगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी एवं सीईओ संतोष अय्यर का कहना है कि वर्ष 2025 में भारत कंपनी के मेबैक ब्रांड के लिए दुनिया के शीर्ष पांच बाजारों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत में मेबैक सीरीज के सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल है, जिसे फिलहाल अमेरिका के अलबामा स्थित टस्कालूसा प्लांट से आयात किया जाता है। अय्यर के मुताबिक स्थानीय असेंबली शुरू होने के बाद इस मॉडल की कीमत घटकर 2.75 करोड़ रुपये रह जाएगी, जबकि अभी इसकी कीमत 3.17 करोड़ रुपये है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्थानीय उत्पादन शुरू करने का मतलब अमेरिका में उत्पादन को बंद करना नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका में उत्पादन जारी रहेगा। भारत में असेंबली स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए है।

## पेटीएम में म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी पहली बार घटी, रिटेल इन्वेस्टर लगातार बेच रहे शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में देश के म्यूचुअल फंड्स ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अपनी हिस्सेदारी घटा ली है। कंपनी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर अपने ताजा शेयरधारिता पैटर्न में यह जानकारी दी है। यह नवंबर 2021 में सूचीबद्ध होने के बाद पहला मौका है जब म्यूचुअल फंड्स ने अपनी हिस्सेदारी कम की है। इससे पहले तक उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही थी। सीएनबीसी टीवी 18 की खबर के मुताबिक रिटेल शेयरधारक लगातार सातवीं तिमाही से इस शेयर को बेच रहे हैं और उनकी हिस्सेदारी लगातार घट रही है। दिसंबर तिमाही के अंत में देश के म्यूचुअल फंड्स की पेटीएम में हिस्सेदारी 14.96 प्रतिशत रह गई, जबकि सितंबर तिमाही के अंत में यह 16.25 प्रतिशत थी। दो लाख रुपये तक शेयरधारिता रखने वाले छोटे निवेशकों की हिस्सेदारी सितंबर 2023 के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। सितंबर तिमाही में मोतीलाल ओसवाल एमएफ, निप्पॉन इंडिया एमएफ, मिराए एसेट एमएफ और बंधन एमएफ पेटीएम में हिस्सेदारी रखने वाले प्रमुख फंड थे। दिसंबर तिमाही में पहले तीन फंड हाउसों ने अपनी हिस्सेदारी घटा ली, जबकि बंधन एमएफ का नाम सूची में नहीं है। इसका मतलब यह है कि या तो उसकी हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से नीचे आ गई है या उसने शेयर बेच दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस में मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड की होल्डिंग सितंबर तिमाही में 5.57 प्रतिशत थी। दिसंबर तिमाही में यह घटकर 4.96 प्रतिशत रह गई है। इसी तरह निप्पॉन इंडिया ग्रोथ मिडकैप फंड की हिस्सेदारी 2.11 से घटकर अब 1.64 प्रतिशत रह गई है। मिराए एसेट लार्जकैप फंड की हिस्सेदारी 1.66 प्रतिशत से घटकर 1.56 प्रतिशत रह गई है। पेटीएम के शेयर ने 16 फरवरी 2024 को आरबीआई की कार्रवाइयों को लेकर चिंता में 318 रुपये का रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ था। इसके बाद नियामक चिंताओं के कम होने और पेटीएम पेमेंट्स बैंक को पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस मिलने से शेयर में तेजी आई।

# अवैध लोडेड देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

## गुप्त सूचना पर चैनपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । चैनपुर थाना क्षेत्र के काराकाट गांव में 22 वर्षीय युवक को अवैध लोडेड देशी कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में युवक को काराकाट मध्य विद्यालय खोहरी के निकट से पकड़ा गया। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि काराकाट गांव के मध्य विद्यालय खोरही में अवैध हथियार के साथ एक युवक को घुमते हुए देखा गया है। सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना का सत्यापन किया गया। साथ ही आवश्यक कर्रवाई के लिए चैनपुर थाना के गश्ती टीम मध्य विद्यालय खोहरी के पास पहुंची। वहां एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए पाया। गश्ती टीम ने युवक को पकड़कर कर पूछताछ किया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि वह चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ गांव के 22 वर्षीय युवक मुख्तार आलम उर्फ मोकतार आलम है। पकड़ाये व्यक्ति की विधिवत तलाशी ली गई। व्यक्ति के कमर से एक देशी निर्मित कट्टा बरामद हुआ। कट्टा के चैम्बर में एक जिन्दा कारतूस लोडेड पाया गया। उक्त बरामद हथियार के बारे में कागजात की मांग करने पर उक्त व्यक्ति के द्वारा हथियार से संबंधित कोई वैद्य कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात उक्त बरामद देशी कट्टा व जिंदा कारतूस को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है। पकड़ाए व्यक्ति को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध चैनपुर थाना कांड संख्या- 16/26आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। छापामारी दल में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान शामिल थे।



# दुमका में चुनावी सुगबुगाहट शुरू

## मामला निकाय चुनाव का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। नगर निकाय चुनाव की शोर अब तेज होने लगा है। उम्मीद है कि जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में चुनाव की अधिसूचना भी जारी हो जाए। दुमका नगर परिषद का अध्यक्ष पद पहली बार अनारक्षित घोषित किया गया है। इससे पूर्व हुए तीन चुनावों में दुमका नगर परिषद की सीट महिला के लिए आरक्षित थी। इस लिहाज से दुमका में अबकी बार का चुनाव न सिर्फ तीखा होने की गुंजाइश है, बल्कि चुनावी समीकरणों को भी नए सिरे से साधा जाएगा।

चुनाव दलगत हो या फिर गैर दलगत दोनों ही परिस्थितियों में राजनीतिक दलों के रणनीतिकारों की भूमिका व क्षमता का भी आकलन होगा। राजनीतिक दल अपनी जमीनी ताकत बनाए रखने के लिए कसरत व मगजमारी करेंगे। बहरहाल, दुमका में अध्यक्ष पद के अनारक्षित होने की घोषणा के बाद अब चुनावी दंगल में ताल ठोंकने का मन बना रहे प्रत्याशी कुलबुलाने लगे हैं। कड़ाके की ठंड के बीच इनके समर्थक न सिर्फ खुद को चार्ज करने में जुट गए हैं, बल्कि मतदाताओं तक भी यह संदेश बखूबी पहुंचा रहे हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो इंटरनेट मीडिया के भरोसे ही अपनी ब्रांडिंग शुरू कर दी है। दुमका के धीरेन चाय की दुकान पर अब शाम की मजलिस में नगर परिषद के चुनाव की चर्चा चाय की गर्मागर्म भांप से निकल रही है।

एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि लंबे समय से लोगों को चुनाव का इंतजार था। अब इंतजार खत्म होने वाला है। चुनाव होने से दुमका शहर के लोगों को आने वाले दिनों में एक बार फिर से उनकी लोकल सरकार मिल जाएगी। नए-नए वायदे, नए-नए इरादों के साथ प्रत्याशी भी मतदाताओं को रिझाएंगे और फिर समीकरणों के आसरे चुनाव में जीत-हार के भागीदार बनेंगे।

उस बुजुर्ग के दूसरे साथी ने कहा कि इस बार का चुनाव भी काफी तीखा होने वाला है। नए तरीके से मतदाताओं को गोलबंद करने का फामूर्ला सेट किया जाएगा, लेकिन अहम मुद्दों पर प्रत्याशी कितना बहस कर पाएंगे यह सवाल सबसे अहम है। मुद्दा यह कि दुमका का समग्र विकास कब होगा। दुमका उपराजधानी के लुक में कब आएगा। दुमका शहर के लोगों को क्वालिटी लाइफ कब नसीब होगी। क्या दुमका के लोग बजबजाती नालियां, कचड़ों के चौराहे व पहाड़ के बीच ही जीवन बसर करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब से नगर परिषद बोर्ड भंग हुआ है तब से लेकर आज तक जनप्रतिनिधियों ने भी चुपी साध रखी थी। शहर के लोग अपनी समस्याओं से जूझते रहे लेकिन कभी किसी ने जनमुद्दों पर जोरदार तरीके से आवाज बुलंद करना मुनासिब नहीं समझा। अब जब चुनाव की डुगडुगी बजने लगी है तो हर कोई फिर से अपनी बांहों को फैलाने लगे हैं। कहा कि दुमका की जनता को भी इस चुनाव में मुखर होकर प्रत्याशियों से तीखे सवाल भी करने की जरूरत है।

# कोर्ट के फैसले से पारा शिक्षकों में जागी उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार 13 जनवरी को कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में घंटी आधारित शिक्षक के पक्ष में फैसला देते हुए कल्याण विभाग को 12 सप्ताह के अंदर समान काम के बदले समान वेतन देने का निर्णय लेने का आदेश दिया है।

झारखंड उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता आनंद सेन के बेंच ने झारखंड सरकार के कल्याण विभाग को यह निर्देश दिया है। झारखंड हाई कोर्ट ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में घंटी आधारित शिक्षक सिलास मुर्मू के द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है।

अदालत ने कल्याण विभाग के सचिव को कहा कि यदि दिवाकालीन पहाड़िया विद्यालय के समान ही घंटी आधारित शिक्षक के भी मामले समान हैं तो एक निश्चित समय सीमा के अंदर विचार कर इनका भी मानदेय बढ़ाया जाए।

सिलास मुर्मू ने वर्ष 2022 में अपने अधिवक्ता अजीत कुमार के माध्यम से झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए बताया था कि कल्याण विभाग के द्वारा दो तरह के विद्यालय का संचालन किया जाता है। जिसमें आवासीय विद्यालय एवं दिवाकालीन पहाड़िया विद्यालय शामिल है।

दिवाकालीन पहाड़िया विद्यालय के शिक्षक के तरह ही आवासीय विद्यालय के घंटी आधारित शिक्षक भी काम करते हैं। घंटी आधारित शिक्षकों का मासिक मानदेय दिवाकालीन पहाड़िया विद्यालय के शिक्षकों के वेतन की तुलना में काफी कम है। घंटी आधारित शिक्षक काफी दिनों से राज्य सरकार से समान काम के बदले समान वेतन की मांग कर रहे थे।झारखंड उच्च न्यायालय के इस फैसले से घंटी आधारित शिक्षकों में काफी खुशी दिख रही है। इस कार्य को कराने में घंटी आधारित शिक्षक रीना कुमारी गुप्ता, अमित कुमार श्रीवास्तव, विनोद, फुलचंद, प्रधान, संगीता, भोगला, अमित कुमार, हीरालाल, मिल्खा, कविता समेत अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

# गोली लगने से दो युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू जिले के स्थानीय शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला गैस गोदाम रोड में गुरुवार सुबह अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी । गोली चालन की घटना में 52 वर्षीय अजीत कुमार गुप्ता व 45 वर्षीय नवीन प्रसाद को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद अजीत कुमार गुप्ता खतरे से बाहर बताया जाता है। वहीं नवीन प्रसाद की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए नवीन प्रसाद को रिम्स रांची रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पीओपी टू व शहर थाना पुलिस पहुंच गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नम्बर प्लेट पर यादव लिखी गाड़ी जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। सड़क पर दौड़ती एक काली स्कार्पियो इन दिनों इंटरनेट मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही थी। वजह कोई खतरनाक स्टंट या हादसा नहीं, बल्कि उसका अनोखा और नियमों से हटकर बनाया गया नंबर प्लेट था।




आमतौर पर झारखंड में पंजीकृत वाहनों के नंबर प्लेट पर राज्य कोड अंकित होता है, लेकिन इस स्कार्पियो के नंबर प्लेट पर बड़े-बड़े अक्षरों में यादव लिखा हुआ था। बाकी नंबर तो मौजूद थे, लेकिन इस तरह का बदलाव कानून से ज्यादा सोशल मीडिया के लिए मसालेदार विषय बन गया।

जैसे ही इस स्कार्पियो के वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुईं, धनबाद ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग हरकत में आ गया। ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में वाहन की पहचान और तलाश शुरू की गई। कई दिनों तक चर्चा में रहने के बाद आखिरकार 15 जनवरी को संयोगवश वही वायरल स्कार्पियो पुलिस की नजर में आ गई।

जांच के दौरान पता चला कि उक्त स्कार्पियो महावीर नगर निवासी महेश यादव के नाम पर पंजीकृत है। महेश यादव के संबंध में यह भी चर्चा है कि वह हजारीबाग में पदस्थापित एक पुलिसकर्मी है। हालांकि इस दावे की पुष्टि के लिए पुलिस द्वारा वाहन और मालिक से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है और नंबर प्लेट के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

नियमों को ताक पर रखकर नंबर प्लेट में इस तरह का मनमाना बदलाव न केवल मोटर वाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है, बल्कि इससे समाज में गलत संदेश भी जाता है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों पर सख्ती जरूरी मानी जाती है।

फिलहाल धनबाद पुलिस ने वायरल स्कार्पियो को जब्त कर लिया है और नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर चर्चा का विषय बनी यह स्कार्पियो अब सड़क से हटकर कानून की कसौटी पर है, जहां नियम सबके लिए एक समान हैं-चाहे नंबर प्लेट पर कुछ भी लिखा हो।

# जुगाड़ गाड़ियां बन रहीं दुर्घटना का कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर**। परिवहन मंत्री के सख्ती के बावजूद शहर में जुगाड़ गाड़ियों का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। विडंबना यह है कि इन असुरक्षित और अनधिकृत वाहनों का धड़ल्ले से उपयोग निजी कार्यों में ही नहीं बल्कि शहर में चल रही महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं में भी किया जा रहा है।

मंगलवार की सुबह ऐतिहासिक रामरेखा घाट के समीप निमार्णाधीन लाइट एंड साउंड शो परियोजना के पास एक भयावह नजारा देखने को मिला। यहां दो जुगाड़ गाड़ियां निर्माण सामग्री से इस कदर लदी थी कि उनकी लंबाई सामान्य से कई फीट ज्यादा थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इन गाड़ियों पर बांस क्षमता से दोगुना भार लादा गया था। संकरी गलियों और ढलान वाले रास्तों पर ये गाड़ियां अनियंत्रित होकर डगमगा रही थीं। जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं और राहगीरों के बीच अफरा तफरी का माहौल बना रहा। यही नहीं चढ़ान वाले ढलान पर तो पांच से सात लोगों को मिलकर ठेला गया तब जाकर कई कोशिश के बाद गाड़ी चढ़ी।

शहर में इन जुगाड़ गाड़ियों के सहारे प्रतिदिन किसी न किसी रूप में सुरक्षा मानकों की अनदेखी लगातार की जा रही है। नियमानुसार किसी भी सरकारी या निजी निर्माण कार्य में केवल पंजीकृत और फिट कामर्शियल वाहनों का ही उपयोग किया जाना चाहिए।

लेकिन लागत बचाने के चक्कर में ठेकेदार इन 'जुगाड़' वाहनों का सहारा ले रहे हैं। इन गाड़ियों में न तो उचित ब्रेक सिस्टम होता है और न ही इनका कोई बीमा या पंजीकरण होता है। सड़क पर चलते समय ये किसी 'चलता-फिरता मौत के जाल' से कम नहीं हैं। नियम के अनुसार किसी कमर्शियल वाहन को डाले से अधिक सामान ढोना नियमों की अनदेखी है। इस पर तो कोई डाला भी नहीं है।

# प्रस्तावित रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण ने बढ़ाई किसानों की टेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ(नालंदा)**। नवादा से पावापुरी तक प्रस्तावित रेलवे लाइन से जहां भगवान महावीर की निर्वाण भूमि विकास की नई पटरी पर आगे बढ़ रही है, वहीं जमीन अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर किसानों की चिंताएं भी सामने आ रही हैं। रेल परियोजना से क्षेत्र को बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है, लेकिन उचित मुआवजे की मांग को लेकर प्रभावित किसान प्रशासन की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

नवादा से पावापुरी तक प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित रेलवे लाइन को लेकर पावापुरी नगर पंचायत क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में खुशी का माहौल है।

वर्षों से इस रेल परियोजना की मांग कर रहे स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया है। इस लाइन के शुरू होने से भगवान महावीर की निर्वाण भूमि पावापुरी का सीधा संपर्क नवादा, बिहार शरीफ, पटना सहित अन्य प्रमुख शहरों से हो सकेगा।

रेल लाइन के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ व्यापार और पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। पावापुरी जैन धर्म का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं।

रेलवे सुविधा शुरू होने से यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय रोजगार, होटल व्यवसाय और अन्य सेवाओं को लाभ मिलेगा।

हाल के दिनों में नगर पंचायत पावापुरी क्षेत्र के पूरी गांव में रेलवे द्वारा पिलर गाड़ने का कार्य शुरू किया गया है। इसके बाद से ही जमीन अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर किसानों की चिंता सामने आने लगी है।

प्रभावित किसानों का कहना है कि विकास के वे विरोधी नहीं हैं, लेकिन जमीन के बदले उन्हें उचित और पारदर्शी मुआवजा मिलना चाहिए।किसानों का कहना है कि रेलवे लाइन बनने से जहां क्षेत्र को लाभ होगा, वहीं उनकी खेती और आजिविका पर सीधा असर पड़ रहा है।

किसान संतोष कुमार, मनीष कुमार, पंकज कुमार, विवेकानंद सिंह, नवलेश सिंह, कृष्णकांत सिंह उर्फ फेकन सिंह, मनोज सिंह, दयानंद कुमार और आशुतोष पांडे उर्फ वीगो जी सहित अन्य किसानों ने बताया कि वे स्टेशन से लेकर रेलवे लाइन तक के निर्माण का समर्थन करते हैं, लेकिन इसके बदले पूरा मुआवजा मिलना जरूरी है।

किसानों ने बताया कि इससे पहले पावापुरी मेडिकल कॉलेज के निर्माण में उनकी आधी जमीन पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है।

उस दौरान कई किसानों को अपेक्षित मुआवजा नहीं मिल पाया, जिससे वे अब तक आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। अब रेलवे परियोजना के लिए दोबारा जमीन लिए जाने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।प्रभावित किसानों की मांग है कि सरकार वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा तय करे, ताकि वे अपनी आजिविका को फिर से स्थापित कर सकें।

किसानों का कहना है कि यदि मुआवजा समय पर और न्यायसंगत तरीके से दिया जाए, तो वे किसी भी प्रकार का विरोध नहीं करेंगे और विकास कार्यों में पूरा सहयोग देंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन और रेलवे विभाग से अपील की है कि विकास कार्यों के साथ-साथ किसानों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाए। बिहार शरीफझनवादा रेलवे लाइन को क्षेत्रीय विकास की रीढ़ माना जा रहा है। ऐसे में अब सभी की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि किसानों की मांगों पर क्या निर्णय लिया जाता है और मुआवजा प्रक्रिया को किस तरह आगे बढ़ाया जाता है।

# गैस सिलेंडर में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

अररिया। शहर के मुसहरी चौक के समीप रंजीत के मुर्गे की दुकान में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है।

दुकानदार रंजीत कुमार सिंह के अनुसार, वे दुकान में गैस चूल्हे पर पानी गर्म कर रहे थे, ताकि मुर्गे को धो सकें। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में आग धधक उठी। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने तुरंत सिलेंडर को दुकान से बाहर निकाला और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग, अररिया की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कुछ देर और हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# बासुदेव राय ने लिया पंड़वा बीडीओ का प्रभार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू की उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर गुरूवार को पंडवा बीडीओ का प्रभार बासुदेव राय ने ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ राजीव कुमार ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

मौके पर बीडीओ वासुदेव राय ने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। निवर्तमान बीडीओ राजीव कुमार ने कहा कि पिछले छह महीना में सभी प्रखंड कर्मियों का पूर्ण सहयोग मिला। कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने का भरपूर किया। मालूम हो कि निवर्तमान बीडीओ राजीव कुमार के प्रशिक्षण में चले जाने के कारण बासुदेव राय को पंडवा बीडीओ का प्रभार दिया गया है। मौके पर बीपीओ निती सिन्हा, बीएओ तीर्थराज सिंह, जीपीएस प्रमोद कुमार, पंचायत सचिव कुसुम भारती, आरएस गिरेन्द्र मिश्रा, संजीव कुमार, अजय कुमार, चंदन कुमार, विजय कुमार सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–18, दिनांक: 13.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–18, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में एनामेल्ड/विकृत रेट्रो–रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेट को बदलना और साथ ही ओएचई से संबंधित अन्य रेट्रो–रिफ्लेक्टिव बोर्डों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,01,78,187.11, **बयाना राशि:** रु. 2,00,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 10.02.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-306/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जेएससीए अंतर जिला अंडर 19 टूर्नामेंट में गोड्डा की टीम बनी चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा**। बोकारो जिला क्रिकेट संघ की ओर से जेएससीए अंतर जिला अंडर 19 प्लेट ग्रुप बीएन सिंह ट्राफी का फाइनल मैच खेला गया।

बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर तीन स्थित ट्रेनीज होस्टल ग्राउंड में खेले गए मैच में गोड्डा की टीम ने वैभव यादव के शतक एवं सौरव कुमार मांझी के अर्धशतक की मदद से बोकारो की टीम को 23 रनों से पराजित कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा की टीम 49.1 ओवर में 231 रनों पर आलआउट हो गई। एक समय 54 रन पर पांच विकेट खोकर गोड्डा की टीम संकट में थी। परंतु छठे विकेट के लिए वैभव यादव एवं सौरव कुमार मांझी ने 151 रन जोड़कर टीम को संकट से निकाला।




टीम की ओर से वैभव यादव ने 101, सौरभ कुमार मांझी ने 63 व सचिन यादव ने 22 रन बनाए। बोकारो की ओर से तन्मय कुमार ने 42 रन देकर दो, अस्तित्व भारद्वाज ने 39 रन देकर दो व अर्जुन प्रियदर्शी ने 41 रन देकर दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलते हुए बोकारो की टीम 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। टीम की ओर से तन्मय कुमार ने 80, अर्जुन प्रियदर्शी ने 50 व सोनू यादव ने 37 रन बनाए। गेंदबाजी में गोड्डा की ओर से कुमार हर्षित ने 49 रन देकर दो व चिराग कुमार मिश्रा ने 43 रन देकर दो विकेट लिए।

मैच में शानदार शतक के लिए गोड्डा के वैभव यादव को प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी सह झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव सौरभ तिवारी ने विजेता ,उपविजेता टीम व खिलाड़ियों को ट्राफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मौके पर धनबाद क्रिकेट संघ के सचिव विनय सिंह, गोड्डा क्रिकेट संघ के सचिव रंजन कुमार, कोडरमा जिला क्रिकेट संघ के सचिव दिनेश कुमार सिंह, गिरिडीह जिला क्रिकेट संघ के सचिव संतोष तिवारी, जेएससीए सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष मनीष वर्धन, मैच टीआरडीओ आशीष सिन्हा, बीडीसीए के अध्यक्ष पीएन सिंह, सचिव राजेश रंजन, जेएससीए आजीवन सदस्य डीडी झा ,जेपी द्विवेदी, राजीव मोहन, प्रदीप कुमार, योगेंद्र कुमार, अनिल कुमार, कुंदन सिंह,रूपेश कुमार, दिलीप सिंह, संजय सिंह, किशुन गोप,संजय पहाड़ी, अरविंद कुमार सिंह, उमेश गिरि आदि उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1280–2025–26, कार्य का विवरण:** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए सियालदह मंडल के एलएचबी टाइप राजधानी, दुरंतो और अन्य एलएचबी ट्रेनों जिनमें पैंट्री कार एवं सैलून है, के त्रुटिपूर्ण इलेक्ट्रिकल पैंट्री/सब पैंट्री अप्लाएंसेस की मरम्मत के लिए व्यापक सुधारात्मक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 95,22,288/–, **बयाना राशि:** रु.1,90,500/–। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1283–2025–26, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत इलेक्ट्रिकल सबस्टेशनों के लिए बिजली की चमक से सुरक्षित रखने का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु.1,49,03,362/–, **बयाना राशि:** रु. 2,24,500/–, **समापन अवधि:** 36 माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 06 माह (क्रम सं. 2 हेतु)। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथि:** 13.01.2026 (प्रत्येक हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 22.01.2026 (प्रत्येक हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 05.02.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-355/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई–नीलामी आमंत्रण सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं. एएसएन–एमएसएस–29–01, क्रम सं., लॉट सं., विवरण: एए/1, एमएसएस–एएसएन–बीएसकेएच–डीआईजीआईएल**–123–25–1 (एमआईएससी -स्टैटिक-सेवाएँ-स्टेशन में डिजिटल लॉकर), स्केच प्लान में दर्शित निर्दिष्ट स्थान पर बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन में डिजिटल लॉकरों की स्थापना एवं परिचालन के लिए अनुबंध। **एबी/1, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एमएसीएचआर**–118–25–1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान में दर्शित निर्दिष्ट स्थान पर जसीडीह स्टेशन के पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एबी/2, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एमएसीएचआर**–116–25–1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान के अनुसार दुर्गापुर स्टेशन में उत्तरी भाग के बुकिंग कार्यालय के पास रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एसी/1, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एवीएम**–112–25–1(एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन), पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए जसीडीह स्टेशन में स्टेशन बिल्डिंग के पुराने पोर्टिको में स्थित, कैटरिंग सेवाओं के लिए स्टैंड अलोन आधार पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन (एवीएम) (5 फीट x 3 फीट=15 वर्ग फीट) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए आवंटन। **एडी/1, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–वीईआरजीएन**–121–25–1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-स्टेशन में वर्टिकल गार्डेन), 03 वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर एमएफसी बिल्डिंग के पास जसीडीह स्टेशन के पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में विज्ञापन के प्रावधान के साथ वर्टिकल गार्डेन का सौंदर्यीकरण और रखरखाव। **एडी/2, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–वीईआरजीएन**–120–25–1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ -स्टेशन में वर्टिकल गार्डेन), 03 वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर मेन स्टेशन बिल्डिंग के प्लेटफॉर्म नं. 4-5, एप्रोच रोड के पास जसीडीह स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में विज्ञापन के प्रावधान के साथ वर्टिकल गार्डेन का सौंदर्यीकरण और रखरखाव। **एई/1, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–मोबस्टोर**–50–25–1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ -मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क), नीलामी कैटलॉग में रफ स्केच प्लान के अनुसार दुर्गापुर स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क की स्थापना, रखरखाव एवं परिचालन। **एएफ/1, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एसटीजीईएन**–125–25–1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ-स्टैटिक जनरल), संलग्न स्केच प्लान के अनुसार जसीडीह रेलवे स्टेशन के पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। माप 15 फीट x 10 फीट=150 वर्गफीट। **एएफ/2, एमएसएस–एएसएन–पीएएन–एसटीजीईएन**–111–25–2 (एमआईएससी-स्टैटिक-सेवाएँ -स्टैटिक जनरल), पानागढ़ (पीएएन) स्टेशन में बुकिंग कार्यालय के सामने दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 200 वर्गफीट माप में (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) निर्दिष्ट स्थान के अंदर एक मोबाइल फूड वैन/ट्रक का परिचालन एवं रखरखाव। **नीलामी की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 29.01.2026 **को 12.00 बजे।** सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-308/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बांग्लादेश में क्रिकेटरों की हड़ताल से संकट, नहीं हुए मैच, बोर्ड झुका, डायरेक्टर को नोटिस दिया




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्डने अपने क्रिकेटरों के बायकॉट की धमकी के बाद आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है। बीसीबी ने अपने डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम के विवादित 'इंडिया एजेंट' कमेंट पर बांग्लादेशी क्रिकेटरों से खेद जताते हुए माफी मांगी है। साथ ही इस्लाम को इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हालांकि इस मुद्दे पर एकजुट हुए बांग्लादेशी क्रिकेटर फिलहाल शांत होते हुए नहीं दिख रहे हैं। क्रिकेटरों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने नजमुल इस्लाम के इस्तीफा देने तक बायकॉट जारी रहने का ऐलान किया है। इसके चलते ढाका क्रिकेट लीग में गुरुवार सुबह के लिए शेड्यूल चारों मैच शुरू नहीं हो पाए हैं। साथ ही गुरुवार शाम को बांग्लादेश प्रीमियर लीग के मैचों पर भी संकट खड़ा हो गया है। बता दें कि मुस्तफिजुर रहमान को से निष्कासित करने के बाद बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच भारत से शिफ्ट करने की मांग रखी हुई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल  ने फिलहाल ये मांग नहीं मानी है। इसे लेकर बांग्लादेश और भारत के बीच विवाद चल रहा है। ऐसे में कई बांग्लादेशी क्रिकेटरों ने बयान दिए थे, जिसके बाद बीसीबी डायरेक्टर नजमुल इस्लाम ने पूर्व कप्तान तमीम इकबाल समेत कई क्रिकेटरों को 'इंडिया एजेंट' कहकर पुकारा था। इस पर क्रिकेटर भड़के हुए हैं।

## वेसली सो नें जीता टाटा स्टील इंडिया ब्लिट्ज़ का खिताब




**कोलकाता, एजेंसी।** यूएसए के ग्रांड मास्टर वेसली सो नें टाटा स्टील इंडिया ब्लिट्ज़ का खिताब अपने नाम कर लिया है , अंतिम तीन राउंड मे भारत के अर्जुन एरीगैसी को पीछे छोड़ते हुए खिताब अपने नाम कर लिया । वहीं भारत के निहाल सरीन नें रैपिड के बाद ब्लिट्ज़ में भी शानदार खेल दिखाते हुए दूसरे स्थान हासिल किया और अर्जुन तीसरे स्थान पर रहे । दोनों प्रतियोगिताओ में निहाल सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी रहे ।  रैपिड जहां 9 राउंड का टूर्नामेंट था तो ब्लिट्ज़ कुल 18 राउंड का मुक़ाबला था और 15वें राउंड तक अर्जुन की जीत तय नजर आ रही थी पर अर्जुन का अंतिम राउंड में फिसलना यहाँ भी जारी रहा और पहले नीमन हंस फिर प्रज्ञानन्दा से हारकर वह खिताब की दौड़ में पिछड़ गए । वही निहाल सरीन नें अंतिम राउंड में चीन के वे यी को मात देते हुए टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल कर लिया । अंत में 12 अंको के साथ वेसली सो पहले तो 11 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर निहाल दूसरे और अर्जुन तीसरे स्थान पर रहे । महिला वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल और यूएसए की यीप करसिया नें 10.5 अंक बनाए पर टाईब्रेक में यीप पहले स्थान पर रही ।

# विराट का नंबर वन का ताज खतरे में




## न्यूज़ीलैंड का बल्लेबाज सिर्फ एक अंक पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली हाल ही में  आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में नंबर एक बनकर लौटे थे, लेकिन अब उनका यह ताज लंबा नहीं टिकने वाला लगता है। न्यूज़ीलैंड के धुरंधर बल्लेबाज डेरिल मिचेल बस एक अंक की दूरी पर कोहली को पछाड़ सकते हैं। कोहली के हालिया प्रदर्शन और रैंकिंग अपडेट ने यह दर्शाया है कि तीसरे वनडे मैच में ही नई रैंकिंग तय हो सकती है।विराट कोहली ने अक्टूबर 2025 से अपने वनडे करियर में शानदार वापसी की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में नाबाद अर्धशतक से शुरुआत करते हुए, उन्होंने लगातार चार मैचों में 50 से अधिक रन बनाए। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 93 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलकर कोहली ने फिर से नंबर वन का ताज हासिल किया। इस लगातार प्रदर्शन के चलते उनके 785 रेटिंग पॉइंट्स के साथ यह दूसरी बार हुआ है जब उन्होंने 2021 के बाद नंबर 1 वनडे बल्लेबाज का स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ कोहली वनडे में 11वीं बार नंबर 1 बल्लेबाज बने और कुल 825 दिनों तक यह मुकाम बनाए रखा – किसी भी भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे लंबा रिकॉर्ड।न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल फिलहाल विराट कोहली से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। मिचेल ने पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन बनाए, जिससे वह रैंकिंग में तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुंचे। इसके बाद दूसरे वनडे में उन्होंने नाबाद 131 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस नजदीकी मुकाबले के चलते तीसरे वनडे का नतीजा ही तय करेगा कि नंबर वन बल्लेबाज कौन होगा।



## मुझे हैरानी हुई कि न्यूज़ीलैंड इतनी आसानी से जीत गया: गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें इस बात पर काफी हैरानी हुई कि राजकोट में दूसरे वनडे में न्यूज़ीलैंड ने भारत को इतनी आसानी से कैसे हरा दिया और रविवार को तीसरे और आखिरी मैच में घरेलू टीम को अपनी टीम कॉम्बिनेशन के साथ एक्सपेरिमेंट करने की आजादी नहीं दी। डेरिल मिशेल की नाबाद 131 रनों की पारी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने राजकोट में दूसरे वनडे में सीरीज बराबर करने वाली जीत हासिल की, क्योंकि मेहमान टीम ने 7 विकेट बाकी रहते 285 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। अब सीरीज का फैसला इंदौर में होगा।  गावस्कर ने जियोस्टार के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर कहा, 'मुझे हैरानी हुई कि न्यूज़ीलैंड इतनी आसानी से जीत गया, क्योंकि जब उन्होंने बैटिंग शुरू की, तो सभी को लगा था कि भारत पिच की धीमी गति का फायदा उठा पाएगा। उनके (न्यूज़ीलैंड के) गेंदबाजों ने सिर्फ स्पिनरों ने ही नहीं, बल्कि सभी ने पिच की धीमी गति का अच्छे से इस्तेमाल किया, ऐसा लगा कि भारत न्यूज़ीलैंड को लगभग 260 या 270 रनों पर रोक पाएगा। मुझे लगा था कि यह भारत के लिए आसान जीत होगी।'  गावस्कर ने मिशेल की तारीफ की कि उन्होंने विल यंग (87) के साथ मिलकर 162 रनों की साझेदारी की जिसने मैच भारत से छीन लिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने दिखाया कि लगभग 300 रनों के टोटल का पीछा कैसे किया जा सकता है, समय लेकर सेट होने के बाद अपनी स्ट्रोक-मेकिंग क्षमता पर भरोसा करके और विकेटों के बीच दौड़कर।'गावस्कर ने कहा कि सीरीज के फाइनल में भारत पर दबाव होगा और उनके पास यशस्वी जायसवाल जैसे किसी खिलाड़ी को आजमाने की गुंजाइश नहीं है जिन्हें इंदौर मैच में शामिल किया जा सकता था। उन्होंने कहा, '...अगर वे यह मैच जीत जाते, तो उनके पास थोड़ा एक्सपेरिमेंट करने की आजादी होती, शायद उन खिलाड़ियों को मौका देते जो अब तक नहीं खेले हैं। जायसवाल जैसे किसी खिलाड़ी को भी थोड़ा मौका मिल सकता था। यह सब मुमकिन हो सकता था। लेकिन अब वे कोई चांस नहीं ले सकते। उन्हें फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन के साथ खेलना होगा।'

# फीफा वर्ल्ड कप: 50 करोड़ टिकट्स की डिमांड!

## लेकिन क्या फीफा विश्व कप पर बढ़ रही है सुरक्षा को लेकर चिंता?

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट रिक्वेस्ट 500 मिलियन पार कर गई हैं, जो वैश्विक उत्साह को दर्शाती हैं। लेकिन महंगे टिकट, सुरक्षा चिंताओं और अमेरिकी राजनीतिक अस्थिरता ने फैंस में बेचैनी पैदा कर दी है। हजारों फैंस टिकट प्रोसेस से बाहर हुए हैं और फीफा अब सुरक्षा व प्रतिष्ठा को लेकर इमरजेंसी प्लानिंग कर रहा है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 को लेकर दुनियाभर में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। फीफा के मुताबिक, सिर्फ एक महीने में 500 मिलियन (50 करोड़) से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट दर्ज की गईं। यह संख्या खुद में रिकॉर्ड है और बताती है कि दुनिया आज भी वर्ल्ड कप को लेकर कितनी दीवानी है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने कहा, 'महज एक महीने में पांच लाख टिकटों के लिए अनुरोध आना सिर्फ मांग से कहीं अधिक है - यह एक वैश्विक संदेश है।  'हमारी एक ही खेद है कि हम हर फैन को स्टेडियम में जगह नहीं दे सकते।' टिकट रिक्वेस्ट फीफा के सभी 211 सदस्य देशों से आईं। मेजबान देशों (यूएसए, कनाडा, मेक्सिको) को छोड़कर सबसे ज्यादा डिमांड जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राज़ील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया से रही।

### सुरक्षा और अशांति पर सवाल

उत्साह के साथ चिंता की एक परत भी जुड़ रही है। अमेरिकी शहरों में राजनीतिक तनाव, गोलीबारी की घटनाएं और कानून-व्यवस्था को लेकर आशंकाएं फैंस को हतोत्साहित कर रही हैं। रोया न्यूज के मुताबिक, 16,800 फैंस ने टिकट प्रोसेस से खुद को रातोंरात बाहर कर लिया, जिनमें से कई ने सोशल मीडिया पर बॉयकॉट कैंपेन को समर्थन दिया। कई विदेशी समर्थकों ने सुरक्षा, पुलिसिंग और संभावित अशांति की चिंताओं का हवाला दिया। मिनियापोलिस में आईसीई संबंधी गोलीबारी घटना के बाद फैंस के बीच डर और बढ़ गया।

### किन मैचों की सबसे ज्यादा मांग?

सबसे ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) के लिए आई। इसके बाद, मेक्सिको बनाम दक्षिण कोरिया (गुआडालाजारा, 18 जून) और फाइनल (न्यू जर्सी, 19 जुलाई) मैचों के लिए रिक्वेस्ट आई। लॉटरी रिजल्ट की घोषणा पांच फरवरी से पहले नहीं की जाएगी।




## क्रिकेट का महाकुंभ: फैंस में भारत-पाक मैच का जुनून



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मुकाबले के टिकटों की बिक्री शुरू होते ही बुधवार को आधिकारिक वेबसाइट 'बुकमायशो' ठप (क्रैश) हो गई। पुरुषों के टी20 विश्व कप के लिए टिकटों की दूसरी चरण की बिक्री शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद कोलंबो में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच को लेकर भारी मांग उमड़ पड़ी। इस चरण में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के टिकट शामिल किए गए थे, जिसके चलते वेबसाइट पर ट्रैफिक अचानक बहुत बढ़ गया। एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के लॉगिन करने और टिकट खरीदने की कोशिशों के कारण वेबसाइट के सर्वर दबाव नहीं झेल पाए और ठप हो गए। सूत्र ने बताया, कई उपयोगकर्ताओं ने लेनदेन विफल होने और लंबे समय तक इंतजार की शिकायत की।




## नितीश कुमार रेड्डी हुए बाहर

### तीसरे वनडे के लिए न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग 11

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूज़ीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार वापसी की और 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। अब दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच 18 जनवरी यानी रविवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा।

तीसरे वनडे मैच में भारत के पास सीरीज जीतने का मौका होगा, लेकिन इसके लिए भारतीय टीम को काफी संभलकर खेलने की जरूरत होगी क्योंकि दूसरे वनडे में कीवी टीम में शानदार क्रिकेट खेली थी और भारत को हर डिपार्टमेंट में मात दी थी। दूसरे वनडे को लेकर सुनील गावस्कर ने साफ तौर पर कहा था कि भारत ने अच्छी बैटिंग नहीं की (केएल राहुल को छोड़कर) साथ ही भारत ने पहले हाफ में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन फिर भारत की गेंदबाजी लड़खड़ा गई।होल्कर स्टेडियम के पिच की बात करें तो ये आमतौर पर बहुत सपाट होती है और गेंद, बल्ले पर काफी अच्छी तरीके से आती है जिससे रन बनाना आसान हो जाता है। इसकी वजह से यहां पर काफी बड़े स्कोर बनते हैं। यही नहीं इस मैदान की बाउंड्री काफी छोटी है और आउट फील्ड काफी तेज है जिसका मतलब है कि गेंद गैप में गई तो उसे फील्डर्स के लिए रोकना मुश्किल होता है। पिच पर शुरुआत में नमी की वजह से तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल सकती है, लेकिन बाद में इनके लिए भी रन रोकना मुश्किल होता है तो वहीं स्पिनर्स को बीच के ओवर्स में टर्न मिल सकती है, लेकिन छोटी बाउंड्री के कारण उनके खिलाफ भी बड़े शॉट्स लगने का डर बना रहता है। इंदौर में रन खूब बनते हैं और इसके लिए भारत को एक शानदार बैटिंग लाइनअप के साथ मैदान पर उतरना होगा जिसमें और ज्यादा गहराई हो। यानी अगर नितीश कुमार रेड्डी की जगह निचले क्रम में इनफॉर्म ध्रुव जुरेल को मौका दिया जाए तो ये सही फैसला साबित हो सकता है। इस बदलाव से भारतीय बैटिंग लाइनअप और मजबूत हो जाएगी वहीं प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप सिंह को आजमाया जा सकता है हालांकि ऐसा हो ये जरूरी नहीं है। भारत के लिए पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और शुभमन गिल ही करेंगे जबकि टीम में अन्य किसी बदलाव की कोई संभावना नजर नहीं आती।

# कनाडा ने टी-20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का किया ऐलान

## पंजाब टीम में न चुने जाने के कारण भारत छोड़ने वाला खिलाड़ी बना कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है. कभी क्रिकेट के लिए अपना देश छोड़ने वाले 22 साल के दिलप्रीत सिंह बाजवा कनाडा टीम की कप्तानी करेंगे. पंजाब में जन्में बाजवा  साल 2020 में राज्य टीम में चयन न होने के कारण कनाडा चले गए थे.

### ग्रुप डी में कनाडा की टीम

पूर्व कप्तान साद बिन ज़फ़र, कलीम सना, डिलन हेइलिगर, निकोलस किर्टन और नवनीत धालीवाल भी टीम का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट में कनाडा की टीम ग्रुप ष्ठ में है, जिसमें साउथ अफ्रीका, न्यूज़ीलैंड, अफगानिस्तान और यूएई भी हैं. वे 9 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे. उनके सभी ग्रुप मैच भारत में होंगे.

### दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी कनाडा की टीम

कनाडा की टीम दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी. इससे पहले 2024 में खेले गए पिछले एडिशन में भी कनाडा ने चुनौती पेश की थी, जहां उन्होंने आयरलैंड को हराया था. कनाडा ने अमेरिका रीजनल फाइनल जीतकर इस एडिशन के लिए क्वालिपफाई किया था. वे पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे, उन्होंने अपने सभी छह मैच जीते.

### कौन हैं दिलप्रीत सिंह बाजवा

26 जनवरी 2003 को पंजाब के गुरदासपुर में जन्में दिलप्रीत के पिता एग्रीक्लचर डिपार्टमेंट में थे, जबकि मां हरलीन कौर सरकारी टीचर थीं. साल 2020 में राज्य टीम में चुने न जाने के कारण वह कनाडा चले गए. 2023 वह मॉन्ट्रियल टाइगर्स के लिए ग्लोबल टी20 कनाडा खेले.



# दिल्ली में पलूशन से निपटने के लिए जारी 38 करोड़ रुपये खर्च नहीं कर पाई एमसीडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बढ़ते पलूशन से निपटने के लिए केंद्र सरकार की राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत साल 2024-25 में जारी किए गए 38.67 करोड़ रुपये नगर निगम ) द्वारा खर्च नहीं किए जा सके। यह जानकारी दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में सामने आए।

पर्यावरण विभाग के उप सचिव की तरफ से बताया गया कि पलूशन नियंत्रण के लिए सड़क पक्की करना, मशीनों से सफाई और हरियाली बढ़ाने जैसे कामों के लिए यह पैसा एमसीडी को जारी किया गया था, लेकिन पूरे वित्तीय वर्ष के दौरान इसका उपयोग नहीं हो पाया।

सरकार की ओर से बताया गया कि देरी का मुख्य वजह टेंडर प्रक्रिया, बोलियों को जांचने और प्रशासन की तरफ से इसे पास करने में हुई देरी की वजह है। विधानसभा में दिए गए जवाब के मुताबिक, सड़कों को पक्का करने और गड्ढामुक्त सड़कें बनाने के लिए 36.67 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। इसके लिए तीन बोलियां लगी थीं। इनमें दो की बोली 19 दिसंबर 2025 को खोली गई, जबकि तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन अभी जारी है। वहीं, ट्रैफिक कॉरिडोर और अन्य इलाकों में हरियाली



बढ़ाने के लिए तय 2.01 करोड़ रुपये के प्रस्ताव फिलहाल प्रशासनिक मंजूरी के स्तर पर अटके हुए हैं। आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, दिल्ली में एनसीएपी के तहत जारी की गई रकम का बड़ा हिस्सा अब तक खर्च नहीं हो पाया है। आंकड़ों के अनुसार, एनसीएपी के तहत कुल 81.34 करोड़ रुपये जारी किए गए, जिनमें से नगर निकायों द्वारा केवल 14.09 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए हैं, जबकि शेष पैसा इस्तेमाल नहीं हुआ है।

इसके अलावा, 2021 से 2025 के बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एमसीडी और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद जैसी एजेंसियों को 72.41 करोड़ रुपये जारी किए थे, जिनमें से करीब 59 करोड़ रुपये अब तक खर्च नहीं हो सके हैं।

सरकार ने बताया कि अब बची हुई राशि को पानी के छिड़काव, सड़क पक्की करने, गड्ढामुक्त सड़कें बनाने और ट्रैफिक कॉरिडोर में हरियाली जैसे कार्यों में खर्च किया जाएगा। हालांकि, कई परियोजनाएं अभी भी टेंडर मूल्यांकन या प्रशासनिक मंजूरी की प्रक्रिया में हैं।

# दिल्ली वालों के लिए अच्छी खबर! इस साल मिलेंगे चार नए सरकारी अस्पताल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने एवं अस्पतालों पर मौजूद भार कम करने के लिए इस वर्ष चार नए अस्पताल सरकार खोलेगी। इनका निर्माण कार्य 65 से 85 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।



वहीं, अस्पताल के लिए फर्नीचर से लेकर भर्ती की भी तैयारी की जा रही है। इन चार अस्पतालों में 3200 से ज्यादा बेड मरीजों के लिए उपलब्ध होंगे। यह अस्पताल पश्चिमी दिल्ली के हस्तसाल, मादीपुर, ज्वालापुर और बाहरी दिल्ली के सिरसपुर में तैयार हो रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में चार अस्पताल बनाने का कार्य वर्ष 2019-20 के दौरान शुरू किया गया था, लेकिन विभिन्न कारणों से इन अस्पतालों के निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी रही। अब इनका कार्य तेजी से किया जा रहा है। इन चारों अस्पतालों को अगले आठ माह में पीडब्ल्यूडी द्वारा तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इन अस्पतालों के तैयार होने से पश्चिमी दिल्ली में मौजूद दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल पर बोझ कम होगा जो आसपास के क्षेत्र के लिए बड़ा अस्पताल है। इसी तरह सिरसपुर में अस्पताल बनने से बादली, बवाना, स्वरूप नगर, नंग्ली पूना, खेड़ा कलां आदि इलाके में रहने वाले लोगों को लाभ होगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि एक हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद पूर्व सरकार द्वारा यह अस्पताल तैयार नहीं किए जा सके। इसे लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में देरी मंजूर नहीं। पीडब्ल्यूडी सूत्रों ने बताया कि विभिन्न कारणों से यह प्रोजेक्ट लटके रहे।

## भारी विरोध के बीच कांग्रेस नेता के घर चला बुलडोजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण



(एचएसवीपी) ने भारी विरोध के बीच बुधवार को कांग्रेस नेता राजेश यादव और करीब 10 ग्रामीणों के मकानों पर बुलडोजर चला दिया। इस दौरान करीब 100 कमरों को तोड़ा गया। विरोध कर रहे कांग्रेसी नेता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सुबह 10 बजे एचएसवीपी के एसडीओ ज्ञानचंद सैनी के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता सेक्टर-68 और सेक्टर-69 को विभाजित कर रही मुख्य सड़क पर भारी पुलिस बल के साथ सेक्टर-68 स्थित परीना मिकासा सोसाइटी के समीप बुलडोजर लेकर पहुंच गया। मुख्य सड़क के निर्माण के बीच में कांग्रेसी नेता राजेश यादव के अलावा 10 ग्रामीणों के मकान आ रहे हैं। राजेश यादव ने एचएसवीपी के अधिकारियों को बताया कि मकानों को तोड़ने से पहले उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। 30 साल पहले से यह मकान बना हुआ है। जमीन का अधिग्रहण एचएसवीपी ने किया है तो पहले उन्हें विस्थापित किया जाए। जमीन और निर्माण की एवज में मुआवजा दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस जमीन का मामला अदालत में विचाराधीन है। आग्रह के बावजूद जब तोड़फोड़ दस्ते ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की तो कांग्रेसी नेता राजेश यादव और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। कांग्रेसी नेता और कुछ ग्रामीण बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। एचएसवीपी अधिकारियों के निर्देश के बाद पुलिस ने कांग्रेसी नेता को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि इस दौरान पुलिस बल का प्रयोग किया गया। इसके बाद एचएसवीपी ने शाम तक तोड़फोड़ की। एचएसवीपी के एसडीओ सर्वे ज्ञानचंद सैनी ने बताया कि इस जमीन का अधिग्रहण मुख्य सड़क के निर्माण के लिए किया है। अवॉर्ड सुना दिया है। कांग्रेस नेता और ग्रामीणों को इसकी जानकारी है।

## दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई के शूटर्स संग एनकाउंटर, कांस्टेबल बचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट एंटी-नारकोटिक्स टीम और बदमाशों के बीच बुधवार देर रात एक एनकाउंटर हुआ। गोलाबारी के बाद पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शार्पशूटर्स को गिरफ्तार किया। एक गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने हीरानाकी मोड के पास जाल बिछाया था। एनकाउंटर के दौरान दोनों तरफ से गोलीबारी हुई जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया। एक पुलिस कांस्टेबल को भी गोली लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से वह बाल-बाल बच गया। अपराधियों की पहचान दीपक और एक नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो पिस्टल, जिंदा कारतूस और एक स्कूटर बरामद की है। आरोपी हाल ही में पश्चिम विहार और वेस्ट विनोद नगर में हुई फायरिंग की घटनाओं में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात पश्चिम विहार में एक जिम के बाहर दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने कथित तौर पर हवाई फायरिंग की थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, फायरिंग की घटना की सूचना करीब 11 बजे मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि दो बाइक सवार शख्स ने पश्चिम विहार में आउटर रिंग रोड पर आरके फिटनेस के बाहर कई राउंड पायरिंग की।

### दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ कड़ाके की ठंड

## शीतलहर का येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार तीसरे दिन शीतलहर की चपेट में रही। गलन भरी




हवाओं के चलते लोगों को ठिठुरने पर मजबूर होना पड़ा। इस बार शीतलहर का दौर रिकॉर्ड तोड़ सकता है। आज सुबह से ही गलन वाली ठंड पड़ रही है। तापमान भी 5 डिग्री से कम बना हुआ है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को भी शीतलहर की स्थिति बनी रह सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि बीते पंद्रह वर्षों में यह पांचवां मौका है जब लगातार तीन दिन या उससे ज्यादा शीतलहर की स्थिति बनी है। तीन दिन और ऐसे ही हालात बने रहे तो राजधानी में शीतलहर का दौर रिकॉर्ड तोड़ सकता है। तेज धूप के चलते दिल्ली में इस समय दिन के समय तो मौसम काफी राहत भरा महसूस हो रहा है। लेकिन, बर्फीली हवाओं के चलते शाम, रात और सुबह के समय लोगों उंगलियां सुन्न करने वाली ठंड पड़ रही है। खासतौर पर रात और सुबह के समय लोगों के लिए सामान्य कामकाज भारी पड़ रहा है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन शीतलहर की स्थिति बनी रही।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। हालांकि, आठ बजे के लगभग कुछ जगहों पर कोहरा घना होने लगा।

# पिता ने थप्पड़ बरसाए तो सौतेली मां ने बेहोशी तक डंडों से मारा

### तीनों बच्चों को समझती थी बोझ, सौतेली मां करती थी क्रूरता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छह वर्षीय शिफा की हत्या के मामले में लगातार दिल दहला देने वाले खुलासे हो रहे हैं। घटना वाले दिन शिफा नाली में गिरकर कीचड़ से गंदी हो गई, जिस पर सौतेली मां निशा ने आपा खो दिया। पहले पिता ने थप्पड़ बरसाए और फिर मां ने तब तक डंडे बरसाए, जब तक शिफा अचेत नहीं हुई। बुधवार को दोनों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दूसरे निकाह के कुछ ही दिन बाद से निशा तीनों सौतेले बच्चों के साथ क्रूरता करने लगी थी। छोटी-छोटी बातों पर बच्चों की पिटाई की जाती थी। चप्पल लेकर कमरे में चले जाना, बर्तन इधर-उधर रख देना, बिस्तर के कपड़े ठीक से न तह करना और यहां तक कि ज्यादा खाना मांगने पर भी निशा बच्चों को बेरहमी से मारती थी।

अकरम ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि तीन साल पहले उसकी पहली पत्नी गुलजार की मौत हो चुकी है। वर्ष 2023 में उसने मेरठ के किठौर निवासी निशा से निकाह किया। अकरम के मुताबिक पहली पत्नी से पैदा तीनों बच्चों को निशा बोझ समझती थी और घर छोड़कर जाने की धमकी देती थी। उसे डर था कि दूसरी पत्नी भी चली गई तो वह तीनों बच्चों को कैसे पालेगा। इसी डर में वह निशा परवीन का साथ देता रहा और बच्चों पर हो रही मारपीट को रोक नहीं पाया।

10 जनवरीः वेव सिटी पुलिस के मुताबिक 10 जनवरी की शाम करीब छह बजे शिफा खेलते-खेलते नाली में गिर गई थी, जिससे उसके शरीर पर कीचड़ लग गया। इसी बात को लेकर निशा आग-बबूला हो गई और फोन कर अकरम को बुला लिया। अकरम भी गुस्से में आ गया और उसने भी बच्ची




को थप्पड़ मारे। इसके बाद निशा ने डंडे बरसाए।

**11 जनवरीः** शिफा अचेत अवस्था में रही और सौतेली मां ने उसे खाने तक को नहीं पूछा। दोपहर तक शिफा में कोई हलचल न होने पर घबराए अकरम ने उसे पहले मसूरी फिर पिलखुवा और फिर मेरठ में डॉक्टर को दिखाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। रात करीब तीन बजे बच्ची के ननिहाल सूचना दी गई कि शिफा की हालत ज्यादा खराब है। 12 जनवरीः अकरम और निशा ने आनन-फानन में शव को सुपुर्देखाक करने की तैयारी शुरू कर दी। अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी कि ननिहाल पक्ष के लोग पहुंच गए।

# नेपाली कांग्रेस पार्टी में पड़ी फूट, गगन थापा चुने गए नए अध्यक्ष; 5 मार्च को देश में होंगे आम चुनाव

**काठमांडु, एजेंसी।** नेपाली कांग्रेस पार्टी बुधवार को औपचारिक रूप से विभाजित हो गई। दरअसल, महासचिव गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा के नेतृत्व वाले दो गुटों और पार्टी अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के बीच वार्ता किसी समझौते पर नहीं पहुंच सकी। सर्वसम्मति से 49 वर्षीय थापा को विशेष आम सम्मेलन में नेपाली कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था।देश की सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी अंततः तब विभाजित हो गई, जब थापा और शर्मा द्वारा देउबा से पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की अंतिम समय की मांग को अस्वीकार कर दिया गया। दोनों महासचिवों ने देउबा से शीर्ष पद छोड़ने और आगामी संसदीय चुनाव न लड़ने का आग्रह किया, ताकि सितंबर में हुए जेन जी आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले युवा पीढ़ी की भावनाओं का सम्मान करते हुए एक संरक्षक की भूमिका निभाई जा सके। नेपाल में आम




चुनाव पांच मार्च को होने वाले हैं। भ्रष्टाचार और इंटरनेट मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाले जेन जी समूह द्वारा सरकार के विरुद्ध हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद के पी शर्मा ओली के नौ सितंबर को इस्तीफे के बाद चुनाव कराना आवश्यक हो गया था। 73 वर्षीय सुशीला कार्की 12 सितंबर को अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं और उनकी सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया और पांच मार्च को चुनाव की तारीख की घोषणा की।

### चीनी सैन्य गतिविधि बढ़ी, पीएलए के नौ लड़ाकू विमान और 11 युद्धपोत ट्रैक किए गए

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान और चीन के बीच जारी तनाव के बीच एक बार फिर चीनी सेना की गतिविधियों में इजाफा देखा गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने अपने क्षेत्र के आसपास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 9 लड़ाकू विमानों और 11 चीनी नौसैनिक जहाजों की मौजूदगी दर्ज की है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन सभी 9 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में प्रवेश किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 9 पीएलए विमान और 11 पीएलएएन जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई। सभी विमानों ने मध्य रेखा पार की। स्थिति पर नजर रखी गई।

### ● रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप का बड़ा बयान

# जंग रोकने में पुतिन नहीं, जेलेंस्की बन रहे हैं बाधा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध को खत्म करने वाले संभावित शांति समझौते में रुकावट रूस की तरफ से नहीं, बल्कि यूक्रेन की तरफ से आ रही है। ट्रंप का सीधा आरोप है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन डील के लिए तैयार हैं, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इसमें ज्यादा उत्सुक नहीं दिख रहे। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूरोपीय सहयोगी लगातार कहते रहे हैं कि मॉस्को युद्ध खत्म करने में कोई रुचि नहीं रखता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में बुधवार को दिए इस इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह (पुतिन) डील करने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यूक्रेन इससे कम तैयार है। जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका के नेतृत्व वाली बातचीत से अब तक यूरोप के द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़े जमीनी संघर्ष को क्यों नहीं सुलझाया जा सका, तो ट्रंप ने सिर्फ एक शब्द में जवाब दिया- जेलेंस्की। ट्रंप के इस बयान से लगता है कि वे यूक्रेनी नेता से दोबारा नाराज हैं। ट्रंप और जेलेंस्की का रिश्ता शुरू से ही उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि, ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के पहले साल में दोनों के बीच बातचीत कुछ बेहतर हुई थी। लेकिन अब ट्रंप ने फिर से जेलेंस्की पर इल्जाम लगाया है कि वे समझौते से पीछे हट रहे हैं।

# डायबिटीज और कैंसर से बचने के लिए डब्ल्यूएचओ का आह्वान

**जेनेवा, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग, कैंसर और अन्य गैर-संक्रामक बीमारियां विशेष रूप से बच्चों और युवाओं में बड़ी समस्या बनकर उभरी है। इससे निपटने के लिए फ्रूट जूस, डब्बा बंद मीठे पेय पदार्थों और शराब पर कर बढ़ाना जरूरी है। रिपोर्टों में चिंता व्यक्त की है कि अधिकांश देशों में लगातार कम कर दरों के कारण मीठे पेय पदार्थ और मादक पेय सस्ते होते जा रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पाद लगातार अधिक किफायती होते जा रहे हैं।उपभोग में सस्ते होने के कारण ये हानिकारक उत्पाद अरबों डालर का मुनाफा कमा रहे हैं। विश्व भर में स्वास्थ्य प्रणालियां रोके जा सकने वाले गैर-संक्रामक रोगों और चोटों से बढ़ते वित्तीय दबाव का सामना कर रही हैं। संगठन ने सरकारों से मीठे पेय पदार्थों और मादक पेय पदार्थों पर करों को काफी मजबूत करने का आह्वान किया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डा. टेड्रोस अधानोम




घेब्रेयसस ने कहा, स्वास्थ्य कर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बीमारियों को रोकने के लिए हमारे पास मौजूद सबसे शक्तिशाली उपकरणों में से एक है। उन्होंने आगे कहा, तंबाकू, मीठे पेय पदार्थ और शराब जैसे उत्पादों पर कर बढ़ाकर सरकारें हानिकारक खपत को कम कर सकती हैं।

# पहली मेडिकल इवैकुएशन में 4 अंतरिक्ष यात्रियों की आईएसएस से धरती पर वापसी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नासा ने अपने 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक और संवेदनशील फैसला लेते हुए मेडिकल इवैकुएशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर वापस बुला लिया है। यह मिशन तय समय से एक महीने पहले ही समाप्त कर दिया गया।

नासा, रूस और जापान के इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने बुधवार को स्पेस स्टेशन से विदाई ली और वे स्पेसएक्स कैप्सूल के जरिये गुरुवार तड़के कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में उतरने वाले हैं। इस मिशन में शामिल नासा की अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन ने भावुक होते हुए कहा हमारी वापसी का समय अचानक बदला, लेकिन सबसे खूबसूरत बात यह रही कि यह टीम एक परिवार की तरह एक-दूसरे का ख्याल रखती रही।

हालांकि नासा ने उस अंतरिक्ष यात्री की पहचान उजागर नहीं की, जिसे चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता थी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्री की हालत स्थिर और सुरक्षित है तथा यह फैसला पूरी सावधानी के साथ लिया गया है ताकि धरती पर बेहतर मेडिकल जांच संभव हो सके। नासा ने यह भी साफ किया कि यह कोई आपात स्थिति नहीं थी, लेकिन अंतरिक्ष में रहते हुए इलाज में देरी करना जोखिम




भरा हो सकता था। इसलिए मिशन को छोटा करने का निर्णय लिया गया।

इस दल में शामिल अंतरिक्ष यात्रीः जेना कार्डमैन (अमेरिका)- पहली अंतरिक्ष उड़ान माइक फिन्के (अमेरिका)- अनुभवी अंतरिक्ष यात्री किमिया युई (जापान)- दूसरी अंतरिक्ष यात्रा ओलेग प्लातोनोव (रूस)- पहली अंतरिक्ष उड़ान स्पेस स्टेशन पर फिलहाल एक अमेरिकी और दो रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद हैं। नासा और स्पेसएक्स अब फ्लोरिडा से नए दल की लॉन्चिंग की तारीख को आगे खिसकाने पर काम कर रहे हैं। नासा के नए प्रशासक जारेड आइजैकमैन ने इस फैसले पर कहा हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

क्रू-11 को अगस्त 2025 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए लॉन्च किया गया था, जिसका मिशन मूल रूप से लगभग छह महीने तक चलने वाला था। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी और उसके अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी कक्षा में चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण लेते हैं और जरूरत पड़ने पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार हैं। दरअसल, क्रू-11 मिशन, आईएसएस पर निरंतर मानव उपस्थिति बनाए रखने के नासा के सतत प्रयासों का हिस्सा है। अपने प्रवास के दौरान अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और स्टेशन के नियमित रखरखाव का कार्य कर रहे हैं। साथ ही भविष्य के मिशनों की तैयारियों में भी सहयोग कर रहे हैं। चालक दल के मध्य फरवरी 2026 तक कक्षा में रहने की उम्मीद थी।

# लक्ष्य अनुरूप कार्य को दें गति, फरवरी माह तक सभी कार्य पूरा करें : उपायुक्त




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में कृषि एवं उससे जुड़े विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी समेत सहकारिता, गव्य-पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, आत्मा सहित अन्य लाइन विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभागों के प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाएं तथा प्रो-एक्टिव होकर कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लाभुकों तक पहुंच सके।

### जरीडीह कृषक पाठशाला के अधूरे कार्यों पर दिया विशेष जोर

बैठक में जरीडीह कृषक पाठशाला के अधूरे कार्यों की विशेष समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संस्था सचिव को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत कंपोनेंट का कार्य आगामी 20 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी को कृषक पाठशाला परिसर में जलजमाव वाले क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं आजीविका सृजन हेतु एक ठोस कार्ययोजना तैयार कर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया।

### कार्य पूर्ण का विपत्र भुगतान एवं बोकारो ब्रांड को दें बढ़ावा

उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जरीडीह कृषक पाठशाला हेतु कार्य पूर्ण के विपत्र का 75 प्रतिशत भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए, जिससे शेष कार्यों में तेजी लाई जा सके। इसके अतिरिक्त नावाडीह एवं जरिडीह कृषक पाठशाला में स्थापित मधुमक्खी पालन इकाइयों से उत्पादित शहद की ब्रांडिंग कर बोकारो ब्रांड के रूप में बाजार में उतारने का निर्देश संस्था को दिया गया, ताकि जिले की पहचान राज्य स्तर पर मजबूत हो सके।

### नावाडीह कृषक पाठशाला में मशरूम इकाई स्थापना

नावाडीह कृषक पाठशाला में मशरूम उत्पादन इकाई को शीघ्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया, जिससे किसानों एवं युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। वहीं, पीडीएमसी योजना के अंतर्गत संचालित ड्रिप सिंचाई कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया।

### मिलेट मिशन एवं किसान समृद्धि योजना

मिलेट मिशन के तहत मिलेट आधारित उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु जिला मुख्यालय में कैफेटेरिया खोलने का निर्णय लिया गया, जिससे आमजन को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही, किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत सही लाभुकों के चयन पर जोर देते हुए उपायुक्त ने योजना से किसानों के फसल उत्पादन में होने वाले लाभ का आकलन प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। सोलर पंप हेतु क्लस्टर निर्माण को कहा किसानों के क्लस्टर निर्माण कर डीएमएफटी फंड से 05 एचपी सोलर पंप उपलब्ध कराने एवं इससे किसानों को होने वाले फायदा - उत्पादन बढ़ोतरी को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया।

### सहकारिता विभाग : गोदाम निर्माण एवं धान क्रय

उपायुक्त ने सहकारिता विभाग की समीक्षा क्रम में गोदाम निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने के लिए अपर समाहर्ता से पत्राचार करने का निर्देश दिया। साथ ही धान क्रय कार्य में तेजी लाने एवं एक सप्ताह के भीतर किसानों को धान की राशि भुगतान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से समन्वय को कहा।

### गव्य-पशुपालन विभाग : लाभुकों के साथ किया बैठक

गव्य एवं पशुपालन विभाग को विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पशुपालकों के साथ बैठक आयोजित करने तथा सभी लाभुकों का शत-प्रतिशत बैंक खाता खुलवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को पूरा करने को कहा।

### मत्स्य विभाग : शेष तालाबों की करें बंदोबस्ती

मत्स्य विभाग को जिले के शेष सभी तालाबों एवं जल स्रोतों की बंदोबस्ती शीघ्र पूर्ण करने तथा इससे संबंधित समरी रिपोर्ट जिला प्रशासन को समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं, आगामी प्रखंड स्तरीय किसान मेला के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का सहयोग लेने तथा सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मौके पर उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहा कि इन सभी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, रोजगार सृजन तथा बोकारो जिले को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नई पहचान दिलाना है। उन्होंने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहीद, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी ऋतुराज कुमार प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी, आत्मा परियोजना निदेशक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण में तेजी लाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में 15वें वित्त आयोग एवं एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के अंतर्गत स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में -उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का समीक्षा

बैठक में सिविल सर्जन डा. अभय भूषण प्रसाद ने 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत 45 स्वास्थ्य उपकेंद्र, 04 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएसयू), चास नगर निगम अंतर्गत स्वीकृत 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं नगर परिषद फुसरो अंतर्गत स्वीकृत 06 आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रगति की जानकारी दी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 28 स्वास्थ्य उपकेंद्रों हेतु चिन्हित भूमि पर भवन निर्माण के लिए जिला परिषद द्वारा यथाशीघ्र निविदा का प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए।

### सेक्टर-8 एवं 9 में आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालन को करें पत्राचार

सेक्टर-8 एवं 9 में संचालित किए जाने वाले 02 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लिए बीएसएल से भवन आवंटन हेतु आवश्यक पत्राचार शीघ्र करने का निर्देश दिया गया।

### एनएचएम अंतर्गत स्वास्थ्य भवनों के हस्तांतरण का निर्देश

एनएचएम के तहत स्वीकृत 34 स्वास्थ्य भवनों में से 32 नवनिर्मित भवनों का हस्तांतरण भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जा चुका है। शेष 02 भवनों के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कर हस्तांतरण सुनिश्चित करने का निर्देश भवन निर्माण विभाग को दिया गया।

### सदर अस्पताल में पीसीसीएल लैब शीघ्र शुरू करने का निर्देश

उपायुक्त ने जिले के सदर अस्पताल में निर्मित पीसीसीएल लैब को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि मरीजों को उन्नत जांच सुविधा का लाभ मिल सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक नगर आयुक्त, चास नगर निगम एवं कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो नगर परिषद के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ने मजदूरों संग मनाई मकर संक्रांति




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता ने मकर संक्रांति मजदूरों के साथ मनाई। उमेश कुमार गुप्ता ने दुंदीबाद स्थित अपने कार्यालय में मकर संक्रांति पर चूड़ा दही तिलकुट भोज का आयोजन किया और मजदूरों को नए साल की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उमेश गुप्ता ने कहा है कि मजदूरों के साथ छेड़छाड़ करना मजदूरों के हितों को निगलना, मजदूरों की थाली से निवाला छीनने की कोशिश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काल साबित होगा। उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाने में मजदूर अहम भूमिका में होंगे। उमेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूर विरोधी बन गई। वह मजदूरों के हितों के खिलाफ लगातार कदम उठाकर मजदूर विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। मनरेगा का नाम बदला जा रहा है। बाद में मनरेगा को भी समाप्त करने की साजिश की जाएगी। इसे मजदूर बर्दाश्त नहीं करेंगे और मजदूरों के लिए मोदी जी का अहितकर कदम खुद उनके अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने वाला साबित होगा।

### अनाधिकृत नंबर प्लेट वाली महिन्द्रा स्कॉर्पियो जब्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त प्रयास से अनाधिकृत नंबर प्लेट और शीशे पर ब्लैक फिल्म लगी एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो को आज जब्त कर लिया गया है। जब्त स्कॉर्पियो का वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 सीएस 0304 है। लेकिन इसके ऑनर ने वाहन पर अनाधिकृत नंबर प्लेट लगाई थी। समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह मामला उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के संज्ञान में आया था। मामला संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने इसकी गहनता से पड़ताल कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात धनबाद ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। सबसे पहले जिला परिवहन कार्यालय से वाहन के रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई गई, जिसके आधार पर वाहन मालिक की पहचान की गई। जांच पूरी होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित महावीर नगर में वाहन मालिक के आवास पर छापेमारी की। इस दौरान काले शीशे और अनाधिकृत नंबर प्लेट वाली उक्त स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया गया। वाहन को मौके से जब्त कर ट्रैफिक थाना लाया गया। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि सरकार ने 2019 के बाद से हर वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य किया है। कोई भी वाहन मालिक इसका उल्लंघन नहीं कर सकते हैं।

### आदिश साहू को झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली स्थित अटल स्मृति पार्क में विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदिश साहू के पदभार ग्रहण करने की खुशी में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकत्रित होकर जश्न मनाया। समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और नए नेतृत्व का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस मौके भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान संसद प्रतिनिधि रजनीश तिवारी,संसद प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता,उमेशवर झा, शूमेश शाह उर्फ गामा, कृष्णा धारी ,प्राची देवी, कोमल देवी, अविनाश सिन्हा, अरविंद सिंह, अरविंद चौहान ,कुणाल सिंह जीतेंद्र पासवान, अरुण दास,रीता देवी, ब्यूटी देवी,मीना देवी, सावित्री देवी, प्रिया देवी सभी उपस्थित थे।

## संजीव चौरसिया चौथी बार बने पार्क मार्केट हीरापुर चैम्बर के अध्यक्ष

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैबर ऑफ कॉमर्स, पार्क मार्केट, हीरापुर की आमसभा गुरुवार को संपन्न हुई । बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सचिव का चयन हुआ। अध्यक्ष पद पर संजीव चौरसिया लगातार चौथी बार चुने गये। कोषाध्यक्ष पद पर मनीष रंजन लगातार आठवीं बार चुने गये। वहीं सचिव पद पर अमोद कुमार श्रीवास्तव सर्वसम्मति से चुने गये। अध्यक्ष संजीव चौरसिया ने बताया कि पार्क मार्केट परिसर में बने सार्वजनिक शौचालय लोगों के लिए मुसीबत बन चूका है। तेज दुर्गन्ध की वजह से लोगों का चलना मुश्किल है। साथ ही चिल्ड्रन पार्क में फुटपाथ दुकानों के संचालन से वाहनों के पार्किंग में दिक्कते आ रही हैं साथ ही अनावश्यक आसमाजिक तत्वों का अड्डाबाजी भी रहता है। ऐसे में फुटपाथ दुकान और शौचालय को हटाना प्राथमिकता में होगी। बैठक में संरक्षक राजेन्द्र बर्णवाल,अशोक भट्टाचार्य विनोद भारिया, हीरालाल साव आशीष वर्मा, विनोद अग्रवाल, ब्रजलाल अग्रवाल तथा चंदन मोइला, किशन चौरसिया, चंचल चौरसिया, आशीष जिंदल, बाबु जिंदल, विजय साव, रंजन गुप्ता, संजय कुमार, कुणाल सिंह, शांतनु पाल, मंजर आलम, बुला चंद्रा, आन्नद कुमार, संदीप चोपड़ा, नारायण कर्ण, राजेश साव, राजीव नमन सहित चैंबर के संगी सदस्य उपस्थित थे।




## महापौर पद हेतु झामुमो समर्थित प्रत्याशी बनीं डॉ नीलम मिश्रा




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बब्लू धर्मशाला, झरनापाड़ा, हिरापुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला समिति एवं महानगर समिति द्वारा संयुक्त रूप से आगामी धनबाद नगर निगम चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नू आलम ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि इस बार झामुमो नगर निगम चुनाव में सक्रिय एवं प्रत्यक्ष भागीदारी निभाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता मेयर एवं पार्षद पदों पर चुनाव लड़ेंगे, और संगठन अपने प्रत्याशियों को पूरे दमखम के साथ समर्थन एवं सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही नगर निगम चुनाव दलगत नहीं होते हैं,लेकिन झामुमो संगठनात्मक रूप से अपने समर्थित प्रत्याशियों के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। धनबाद नगर निगम चुनाव में मेयर पद हेतु पार्टी की केन्द्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉ. निलम मिश्रा को झामुमो का पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। डॉ. निलम मिश्रा झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी होंगी। साथ ही नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में पार्टी समर्थित प्रत्याशी उतारे जाएंगे। इस अवसर पर झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी डॉ. निलम मिश्रा ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा मुझ पर जताए गए विश्वास के लिए मैं केन्द्रीय नेतृत्व, जिला नेतृत्व और महानगर नेतृत्व एवं संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करती हूँ। अगर धनबाद की जनता महापौर के रूप में मुझे कार्य करने का आशिर्वाद रूपी अवसर देती हैं तो धनबाद की जनता को स्वच्छ, सुरक्षित, विकसित और पारदर्शी नगर निगम देना मेरी प्राथमिकता होगी। साथ ही शहरी बुनियादी सुविधाएँ, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, स्वच्छता, जलापूर्ति और बेहतर नागरिक सेवाएँ मेरे कार्य एजेंडे का प्रमुख हिस्सा होंगी। कार्यकताओं और जनता के सहयोग से हम सभी मिलकर धनबाद को एक आदर्श नगर निगम बनाने का संकल्प पूरा करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम,जिला उपाध्यक्ष अजय रवानी, कालीचरण महतो, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला संगठन सचिव मनोज रवानी,राज आनंद सिंह,सह सचिव तपन तिवारी, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, अपर्णा तिवारी,महानगर उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता बधाई दी।

## जल जीवन मिशन के तहत प्रखंडों में जल सेवा मूल्यांकन हेतु ग्रामसभा आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के जल सेवा मूल्यांकन (जल सेवा आकलन) को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के बीच जल आपूर्ति, जल की गुणवत्ता तथा सेवा स्तर में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### जल आपूर्ति एवं गुणवत्ता पर हुई विस्तृत चर्चा

ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने नियमित जल आपूर्ति, पानी के दबाव, समयबद्ध आपूर्ति तथा जल की गुणवत्ता से संबंधित समस्याओं को साझा किया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### सेवा स्तर में सुधार के लिए दिया सुझाव

बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए। जल संरचनाओं के रख-रखाव, समय पर मरम्मत, स्वच्छता एवं जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया।

### सामुदायिक सहभागिता पर दिया बल

ग्राम सभा में यह स्पष्ट किया गया कि जल जीवन मिशन की सफलता के लिए सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों से जल स्रोतों की सुरक्षा, पानी के सदुपयोग एवं योजना की निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। ग्राम सभा का आयोजन नावाडीह प्रखंड के बाराडीह, गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत, पेटरवार प्रखंड के चापी पंचायत, चास प्रखंड के ऋतुडीह - हैसाबातू - बांसगोरा में ग्राम सभा आयोजित किया गया। ग्राम सभा में पंचायत प्रतिनिधि, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, वास कोऑर्डिनेटर, यूनिसेफ सपोर्ट टीम, जल सहिया एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा परामर्श सत्र का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत बोकारो में जिला प्रशासन और स्थानीय संस्थाओं द्वारा विभिन्न सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें डालमिया सीमेंट प्लांट के सहयोग से भारी मोटर वाहन चालकों के लिए विशेष परामर्श सत्र का आयोजन आज डालमिया सीमेंट प्लांट के सभागार में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डालमिया सीमेंट के कर्मचारियों एवं भारी मोटर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इन सत्रों का उद्देश्य खासकर भारी वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने हेतु सुरक्षित आचरण अपनाने, उचित गति बनाए रखने, नियमों का पालन करने और वाहन की समय-समय पर तकनीकी जाँच करने की प्रेरणा देना है।

## रिक्रिएशन क्लब चालू कराने के लिए यूनियन ने प्रधानमंत्री कार्यालय को बीएसएल की शिकयत की

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 3 रिक्रियेशन क्लब के अनुरक्षण में करोड़ो रुपया खर्च होने के बाद भी कर्मचारियों के लिए शुरू नही करने पर बीएकेएस ने कई बार प्रबंधन से पत्राचार किया, आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगा, लेकिन प्रबंधन पर कुछ फर्क नही पड़ने पर अंत में विवश होकर बीएकेएस ने प्रधानमंत्री कार्यालय को क्लब को शुरू करने के लिए पत्र लिखा। जिसके जवाब में बोकारो इस्पात प्रबंधन ने प्रधानमंत्री कार्यालय को जानकारी दी है कि वित्त वर्ष 2026—27 (अप्रैल 26 से मार्च 27 के बीच) से क्लब को सुचारु रुप से शुरू कर दिया जायेगा। यह एक प्रकार से हजारो बीएसएल कर्मचारियों की एक मानसिक जीत है जो जिद्दी प्रबंधन को क्लब को शुरू करने हेतु सहमति देना पड़ा। गौरतलब है 1 करोड़ 31 लाख 25 हजार रुपये के खर्च से दिनांक 16.09.2023 को बोकारो 3 क्लब का अनुरुक्षण किया गया था। जिसके बाद तब से अभी तक क्लब बंद अवस्था में है । क्लब में अभी तक फर्निचर, इनडोर गेम, जीम, योगा सेंटर, क्लब के बाहर चारदिवारी, ग्राउण्ड, लाईट, सुरक्षा हेतु सीसीटीवी जमीन पर पेवर ब्लॉक आदि नही सुधारा गया है । केफेटेरिया /कैंटीन का भी प्रबंध नही किया गया है। अब बीएसएल प्रबंधन के पास ढ़ाई माह का समय है जिसके तहत सभी धरातल का कार्य सम्मपन्न कर क्लब को आम कर्मचारियों के लिए खोला जा सके । यूनियन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा ही कि अब बीएसएल और सेल कारपोरेट के जिम्मेदार अधिकारी हमारी यूनियन तथा कर्मचारियों के जायज मांगो का निराकरण समय पर नही करेंगे तो हम भी मजबुर होकर प्रत्येक मामला प्रधानमंत्री कार्यालय तथा कोर्ट में ले जायेंगे।

## बीएसएल के परियोजना डिवीजन में कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ 'सुरक्षा मंथन कार्यक्रम' का आयोजन







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के परियोजना डिवीजन द्वारा परियोजना डिवीजन के कॉन्फ्रेंस हॉल में कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ एक 'सुरक्षा मंथन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) श्री अनीश सेनगुप्ता द्वारा किया गया. इस अवसर पर परियोजना डिवीजन के कॉन्ट्रैक्टर्स , सब कॉन्ट्रैक्टर्स, मुख्य महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा परियोजना-सुरक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ की गयी तथा सुरक्षा के विभिन्न मानकों पर विस्तृत चर्चा की गयी. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री सेनगुप्ता ने प्रत्येक कर्मचारी से कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के नियमित एवं सही उपयोग को सुनिश्चित करने का आह्वान किया. मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) श्रीमती एनिमा कुशवाहा ने कॉन्ट्रैक्टर्स तथा सब कॉन्ट्रैक्टर्स से संविदा कर्मियों को उचित सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) को उपलब्ध कराने की अपील की. मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) श्री पी एच शर्मा ने बेहतर हाउसकीपिंग, संभावित खतरों की पहचान, जोखिम मूल्यांकन की तकनीकों को समझने तथा कार्य के दौरान व्यवस्थित एवं सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया. मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) श्री एच टोप्पो ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कॉन्ट्रैक्टर्स तथा सब कॉन्ट्रैक्टर्स के माध्यम से संविदा कर्मियों को सतर्क रहने, सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और प्रत्येक गतिविधि को सावधानीपूर्वक करने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (परियोजना) श्री राजेश शर्मा द्वारा किया गया.

### बीएसएल में 'एबीबी ड्राइव्स (डीसीएस 800)' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऑटोमेशन लैब में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं गैर-अधिकारियों के लिए 'एबीबी ड्राइव्स (डीसीएस 800)' पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. दिनांक 15 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस कार्यक्रम का संचालन संयंत्र के विशेषज्ञ एवं अनुभवी फैकल्टी के सहयोग से किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (एसएमएस-क्क एवं सीसीएस) त्रिभुवन प्रसाद वर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) बसंत कुमार सिंह तथा महाप्रबंधक (ईटीएल) हरिहर राउत उपस्थित थे. कार्यक्रम के आरंभ में प्रबंधक (मानव संसाधन-एल&डी) जय नारायण यादव ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. इस सत्र का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि त्रिभुवन प्रसाद वर्मा द्वारा किया गया. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री त्रिभुवन प्रसाद वर्मा ने डीसीएस 800 ड्राइव के तकनीकी महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के गहन प्रशिक्षण से कर्मी न केवल ड्राइव सिस्टम की बेहतर समझ प्राप्त करेंगे, बल्कि जटिल तकनीकी समस्याओं के समाधान (ट्रबलशूटिंग) में भी अधिक सक्षम बन सकेंगे. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तकनीकी रूप से दक्ष कार्यबल संयंत्र की उत्पादकता एवं कार्यकुशलता में वृद्धि सुनिश्चित करेगा. महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री बसंत कुमार सिंह ने कहा कि आज के परिवर्तनशील तकनीकी परिवेश में निरंतर कौशल-संवर्धन समय की मांग है. उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और आश्वस्त किया कि ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग भविष्य में भी ऐसे ज्ञान-आधारित कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा. महाप्रबंधक (ईटीएल) श्री हरिहर राउत ने डीसीएस 800 ड्राइव के ईटीएल परिचालनों में व्यावहारिक उपयोग पर अपने विचार रखे और कर्मचारियों से इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com